आपकी बात, निर्भीकता के साथ

प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01 अंक : 130 | रांची, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024 (चैत्र शुक्ल पूर्णिमा, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये | email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

वेंकैया समेत पांच को पद्म विभूषण, मिथुन व उषा उत्थुप सहित 17 को मिला पद्म भूषण

- 110 लोगों को मिला पद्मश्री

एजेंसियां, नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वैंकेया नायडू को पद्म विभूषण से सम्मानित किया है। इसके सुलभ इंटरनेशनल के फाउंडर बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण पुरस्कार से नवाजा दिया गया है। जिन हस्तियों को पद्म भूषण सम्मान से नवाजा गया है उनमें एक्टर मिथुन चक्रवर्ती, पूर्व राज्यपाल राम नाइक और सिंगर उषा उत्थुप का नाम शामिल है। राष्ट्रपति भवन में सोमवार शाम को आयोजित किए गए कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम नरेंद्र मोदी,

गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित कई दिग्गजों ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रह्मण्यम को पद्म विभूषण, उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्म भूषण से सम्मानित किया। बता दें कि, देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों– पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री- में प्रदान किया जाता है।

शेष पेज 08 पर

किसे – किसे दिया गया पद्म भूषण

गुजरात निवासी हृदय रोग विशेषज्ञ तेजस मधुसूदन पटेल, मराठी फिल्म निर्देशक दत्तात्रेय अंबादास मयालू उर्फ राजदत्त, कालाजार पर अनुसंधान और नीति में अपने योगदान के लिए विश्व स्तर पर मशहूर प्रतिष्ठित चिकित्सक चंद्रेश्वर प्रसाद ठाकुर

पद्मश्री पुरस्कार पाने वाले दिग्गज

उत्तर प्रदेश के कालीन बुनकर खलील अहमद, मध्य प्रदेश के लोक गायक कालूराम बामनिया, बांग्लादेशी गायिका रेजवाना चौधरी बान्या, उत्तर प्रदेश की चिकनकारी कढ़ाई की कलाकार नसीम बानो, पश्चिम बंगाल के कूच बिहार की राजबोंगशी लोक गायिका गीता रॉय बर्मन, टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना, त्रिपुरा के आध्यात्मिक व्यक्तित्व चित्त रंजन देबबर्मा, बैंकर कल्पना मोरपारिया, परोपकारी किरण नादर, हरियाणा के सामाजिक कार्यकर्ता गुरविंदर सिंह, उत्तर प्रदेश की लोक गायिका उर्मिला श्रीवास्तव।

झारखंड की दो बेटियां पूर्णिमा महतो और चामी मुर्मू पद्मश्री से सम्मानित

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में सोमवार को आयोजित समारोह में झारखंड की दो बेटियों जमशेदपुर की पूर्णिमा महतो और सरायकेला की चामी मुर्मू को पद्मश्री से सम्मानित किया। बता दें कि, पूर्णिमा महतो राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच हैं। प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से भी पुरस्कृत हैं। चामी मुर्मू को लेडी टार्जन कहा जाता है। वे 30 लाख से अधिक पेड़ लगा चुकी हैं। पद्मश्री पूर्णिमा महतो का जन्म 15 अगस्त 1976 को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में हुआ। उनकी तीरंदाजी यात्रा टाटा अकादमी से जुड़े एक संस्थान में प्रशिक्षण सत्र के साथ 10 वर्ष की उम्र में शुरू हुई थी। उस समय उनके पास घर में बना तीर-धनुष था। उन्हें परिवार का पूरा सहयोग मिला। 1987 में प्रशिक्षण के लिए वे जमशेदपुर के टाटा आर्चरी एकेडमी में शामिल हुईं। 1993 और 1998 के बीच कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

1994 में पुणे में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में उन्होंने 6 स्वर्ण पदक जीते। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है।

शेष पेज 08 पर

संक्षिप्त

एलएलबी कोर्स पांच के बजाय तीन करने की मांग वाली याचिका खारिज

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें केंद्र और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को 12वीं कक्षा के बाद मौजूदा पांच साल के एलएलबी पाठ्यक्रम की जगह तीन साल के पाठ्यक्रम संचालन की व्यवहार्यता तलाशने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि पांच वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम सही चल रहा है। इसमें छेड़छाड़ करने की कोई जरूरत नहीं है।

सीयूइटी-स्नातक, नेट में अंकों का सामान्यीकरण होगा खत्म : यूजीसी

नयी दिल्ली। सीयूइटी-यूजी और नेट में इस साल से अंकों का सामान्यीकरण समाप्त कर दिया जायेगा। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस साल अंकों के सामान्यीकरण की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि किसी विषय की दोनों परीक्षा एक ही पाली में आयोजित की जायेगी।

पूर्वी भारत में पांच दिनों तक हीटवेव का अलर्ट

नयी दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को कहा कि पूर्वी भारत में अगले पांच दिनों तक हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ हिस्सों में लू चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, 15 अप्रैल से ओडिशा में और 17 अप्रैल से पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले क्षेत्रों में हीटवेव की स्थिति बनी हुई है। तटीय आंध्र, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, गोवा, केरल, बंगाल और बिहार में उमस लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है।

राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 में कलकत्ता हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

25,753 शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के जरिए हुई सभी नियुक्तियों को रद्द करने का सोमवार को आदेश देते हुए इसे अमान्य एवं अवैध करार दिया। इन विद्यालयों में 24 हजार 640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थी 2016 की एसएलएसटी परीक्षा में शामिल हुए थे। 25 हजार 753 लोगों को नौकरी दी गई थी, जिन्हें तुरंत हटाने का आदेश दिया गया है। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर राशिदी की खंडपीठ ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को (रद्द की गई) नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में और जांच करने तथा तीन महीनों में एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। पीठ ने पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग (एसएससी)

को लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा की तारीख से एक पखवाड़े के अंदर नयी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश भी दिया। साथ ही जिन लोगों को नौकरी से बर्खास्त किया गया है, उनसे अभी तक मिले पूरे वेतन को 12 फीसदी ब्याज के साथ वापस लेने को कहा गया है। अदालत में कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वकील फिरदौस शमीम ने कहा कि इन रिक्तियों के लिए कुल 25 हजार 753 नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे। खंडपीठ ने आदेश पर रोक लगाने के कुछ अपीलकर्ताओं के अनुरोध को भी खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने पीठ का गठन किया था। पीठ ने एसएलएसटी-2016 के जरिए नौवीं, दसवीं, 11वीं और 12वीं कक्षाओं के शिक्षकों तथा ग्रुप-सी और डी पदों पर एसएससी द्वारा नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों के चयन से संबंधित 350 याचिकाओं तथा अपीलों पर विस्तारपूर्वक सुनवाई की। मामले में सुनवाई 20 मार्च को पूरी हुई थी और पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

शेष पेज 08 पर

ममता बनर्जी ने कहा : जेल भेजना है भेज दीजिए लेकिन नौकरी गंवाने वालों के साथ खड़ी रहूंगी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में 25 हजार से अधिक नियुक्तियां रद्द किए जाने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ लगातार मुखर रुख अपनाया है। उन्होंने कहा है कि कोई मुझे जेल भेजना चाहता है तो भेज दे लेकिन जो लोग नौकरी गंवाए हैं उनके परिवार के साथ मैं खड़ी रहूंगी। ममता बनर्जी ने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं जिनकी नौकरियां चली गई हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको न्याय मिले और आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती देंगे। रायगंज में एक चुनाव जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने यह भी कहा कि हाई कोर्ट के फैसले पर भाजपा की छाया है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों का दोष नहीं भाजपा का असर है कि इस तरह के फैसले आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा न्यायपालिका को नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है। न्यायालय को भाजपा का "विचारालय" करार देते हुए उन्होंने कहा कि अन्य लोग पीआईएल करते हैं तो उसे कोर्ट रद्द कर देता है भाजपा करती है तो उनके नेताओं को बेल मिल जाती है और हम लोग पीआईएल करते हैं तो जेल भेज दिया जाता है। यही अवस्था है। उसके बाद उन्होंने कहा मुझे भी चाहें तो जेल भेज दें लेकिन जिन लोगों की नौकरी चाहिए उनके परिवार के साथ हमेशा खड़ी रहूंगी।

शेष पेज 08 पर

बोकारो में बीएसएल की टीम और खनन विभाग पर हमला, कई चोटिल

- अवैध बालू कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने गयी थी टीम
- हमलावरों ने टीम के कई सदस्यों के कपड़े फाड़े

बोकारो। झारखंड के बोकारो जिले में बालू के अवैध खनन व कारोबार के विरुद्ध सोमवार की शाम पांच बजे चलाये गये अभियान के दौरान सेक्टर 11 अंतर्गत भतुआ बस्ती दामोदर नदी तट के पास माफियाओं के इशारे पर भीड़ ने जिला खनन विभाग और बोकारो स्टील प्लांट की टीम पर हमला बोल दिया।

बालू माफियाओं के इशारे पर भीड़ ने टीम के कई सदस्यों के कपड़े फाड़ दिये और वाहनों की चाभी छीन ली। इस दौरान बीएसएल नगर सेवा विभाग लैंड एंड एसेट के महाप्रबंधक एके सिंह को हल्की चोट आयी। हमले में कई पत्रकारों के अलावा अन्य लोग भी चोटिल हुए हैं। भीड़ ने एक होमगार्ड जवान का मोबाइल छीन लिया।

50 से अधिक ट्रैक्टर ड्राइवर भाग निकले : कार्रवाई करने गयी टीम के लोगों ने जहां-तहां छिप कर खुद को सुरक्षित किये और जिला पुलिस को सूचना दी। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने तुरंत पुलिस बल भेजा। इसके बाद टीम के सदस्यों को वहां से निकाला गया। बताया जाता है कि खनन विभाग व बीएसएल की टीम ने पहले अवैध खनन रोकने की कोशिश की। टीम को देख 50 से अधिक ट्रैक्टर ड्राइवर भाग निकले।

शेष पेज 08 पर

जेपीएससी सिविल सेवा का रिजल्ट जारी

7,000 अभ्यर्थियों ने मारी बाजी

- सफल अभ्यर्थियों में 1,159 महिला अभ्यर्थी सम्मिलित

रांची। झारखंड लोक सेवा आयोग ने सोमवार को झारखंड संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का परिणाम जारी कर दिया। इस परीक्षा में 7,011 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं, जो मुख्य परीक्षा में भाग लेंगे। आयोग ने रिकॉर्ड 35 दिनों में इस परीक्षा का परिणाम जारी किया। यह परीक्षा 17 मार्च को राज्य के विभिन्न शहरों में बनाए गए 834 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में 3,20,661 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। नियमावली के अनुसार, कुल 342 पदों के अनुसार 15 गुना अर्थात 5,130 अभ्यर्थियों का चयन मुख्य परीक्षा के लिए होना था। लेकिन सभी श्रेणियों मां अभ्यर्थियों के समान अंक प्राप्त होने के कारण कुल 7,011 अभ्यर्थी प्रारंभिक परीक्षा में सफल घोषित किए गए।

शेष पेज 08 पर

गीता कोड़ा ने नामांकन दाखिल किया, बाबूलाल मरांडी भी रहे मौजूद

आशीष कुमार वर्मा, चाईबासा

एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर गीता कोड़ा के साथ प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व सीएम मधु कोड़ा सहित अन्य लोग मौजूद थे। चाईबासा संसदीय सीट पर 13 मई को मतदान है। गीता कोड़ा चाईबासा गांधी मैदान से पदयात्रा करते हुए डीसी ऑफिस पहुंची। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता उनके साथ थे।

जोबा मांझी से सीधा मुकाबला : बता दें कि गीता कोड़ा का इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी से सीधा मुकाबला है। गीता कोड़ा ने 26 फरवरी, 2024 को बड़ा झटका देते हुए बीजेपी का दामन थाम लिया था। गीता कोड़ा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं। गीता कोड़ा सिंहभूम से सांसद हैं।

शेष पेज 08 पर

आज जोबा मांझी करेंगी नामांकन

इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी 23 अप्रैल को नामांकन करेंगी। गठबंधन के सभी घटक दलों के नेता व कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से नामांकन के लिए जुलूस की शक्ल में निकलेंगे। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह प्रवक्ता प्रीतम बांकिरा ने कहा कि नामांकन कार्यक्रम में ऐतिहासिक भीड़ होगी। यहां की जनता ने तय कर लिया है कि इस बार गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी को रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत दिलानी है। सांसद बनाकर दिल्ली भेजना है।

कल्पना गांडेय से 29 अप्रैल को कर सकती हैं नॉमिनेशन

गिरिडीह. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन 29 अप्रैल को गांडेय विस उपचुनाव को लेकर बतौर प्रत्याशी नॉमिनेशन कर सकती है. नामांकन के दिन पपरवाटांड़ स्थित फुटबॉल मैदान में चुनावी सभा होना है. इसको लेकर झामुमो की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी है. झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि कल्पना सोरेन द्वारा 29 अप्रैल को नॉमिनेशन करने को लेकर अभी केंद्रीय कमेटी की ओर से आधिकारिक रूप से कोई सूचना नहीं मिली है. हालांकि उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को पपरवाटांड़ फुटबॉल मैदान में झामुमो की चुनावी सभा को लेकर मैदान उपलब्ध कराने को लेकर जिला प्रशासन को आवेदन दिया गया है.

सीएए निरस्त करने के चिदंबरम के बयान पर बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

कभी सत्ता में नहीं आएगी कांग्रेस

एजेंसियां, नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने 150 साल पुराने कानून खत्म कर भारत के इतिहास में पहली बार कानूनी व्यवस्था में भारतीयता का गुणगान किया है, लेकिन कांग्रेस अभी भी अपनी गुलामी की मानसिकता को छोड़ना नहीं चाहती। इसलिए ये लोग इन कानूनों पर आपत्ति जता रहे हैं, जिनकी महक देश की मिट्टी में है, वहीं देश की न्याय व्यवस्था खुले दिल से उनकी प्रशंसा कर रही है।

कांग्रेस केवल तुष्टिकरण की राजनीति करती है। कांग्रेस के



नेता बौखला गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, न तो कांग्रेस कभी सत्ता में आएगी और न ही जन कल्याण के लिए बनाए गए पांच कानून कभी रद्द किए जाएंगे। कांग्रेस नेता उन कानूनों को खत्म करने की बात कर रहे हैं, जो देश के आम लोगों को सशक्त बनाते हैं और उनके अधिकारों की रक्षा करते हैं। तुष्टीकरण की राजनीति के कारण पहले चरण में अपनी करारी हार देखकर कांग्रेस बौखला गई है।

शेष पेज 08 पर

चिदंबरम ने क्या दिया था बयान

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार को वादा किया था कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के केंद्र में सत्तारूढ़ होने पर संसद के पहले सत्र में ही विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को निरस्त कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इरादा सीएए को रद्द करने का है, भले ही उसके घोषणापत्र में इसका उल्लेख नहीं किया गया हो। चिदंबरम ने कहा, कानूनों की एक लंबी सूची है, जिनमें से पांच कानून पूरी तरह से रद्द कर दिए जाएंगे। ये मेरा वादा है, मैं घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष हूं।मैंने इसका एक-एक शब्द लिखा है, मुझे पता है कि इरादा क्या था। सीएए संशोधित नहीं किया जाएगा, बल्कि इसे रद्द कर दिया जाएगा। हमने इसे स्पष्ट कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट से राखी को नहीं मिली राहत

- चार हफ्तों में निचली अदालत में करना होगा सरेंडर

नई दिल्ली। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से अभिनेत्री राखी सावंत को बड़ा झटका लगा है। अब वो कभी भी गिरफ्तार हो सकती हैं। बता दें कि, राखी सावंत और उनके एक्स-हसबैंड आदिल खान दुर्रानी के बीच कई तरह के मतभेद चल रहे हैं। आदिल ने राखी सावंत पर उनके कुछ निजी वीडियो लीक करने का आरोप लगाया था। राखी पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी।

शेष पेज 08 पर

वोटिंग और नतीजों से पहले बीजेपी का खाता खुला, सूरत से मुकेश दलाल निर्विरोध जीते

सूरत। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे 4 जून को आने हैं, लेकिन इससे पहले ही भाजपा ने एक सीट जीत ली है। वोटिंग से पहले ही इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। बताते चलें कि, गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा को ये जीत मिली है।

बसपा प्रत्याशी ने उम्मीदवारी वापस ली : बता दें कि, पिछले दो-तीन दिनों से सूरत लोकसभा सीट पर हाई वोल्टेज ड्रामा चल रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभानी के फॉर्म को लेकर बीजेपी की ओर से आपत्ति दर्ज करायी गयी थी। कल रविवार को सुनवाई हुई और कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा अमान्य कर रद्द कर दिया गया। आज फॉर्म वापस लेने की प्रक्रिया के दौरान बसपा प्रत्याशी प्यारेलाल ने अपना फॉर्म

वापस ले लिया है, इस सीट पर बीजेपी प्रत्याशी को निर्विरोध घोषित कर दिया गया है। सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार का फॉर्म रद्द होने के बाद कुल 9 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें से निर्दलीय समेत 7 उम्मीदवारों ने अपना फॉर्म वापस ले लिया है। अब केवल एक ही उम्मीदवार बचा था। इस बीएसपी उम्मीदवार प्यारेलाल ने सूरत कलेक्टोरेट पहुंचकर अपना नामांकन वापस ले लिया है। बीजेपी उम्मीदवार के खिलाफ कोई प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार नहीं होगा और ऐसे में बीजेपी उम्मीदवार को निर्विरोध घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 में सूरत देश की पहली निर्विरोध सीट बन गई है।

शेष पेज 08 पर

संक्षिप्त

महायज्ञ में हो रहे मंत्रोच्चारण से पूरा क्षेत्र है गुंजायमान

रामगढ़ । श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ, बड़की डूंडी में श्री श्री 1008 हनुमंत लला प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ में वैदिक विद्वान पंडितों द्वारा पूरे विधि- विधान से पूजा पाठ कराए जा रहे हैं। जिसमें श्रद्धालु अपनी सहभागिता लेकर अपने जीवन को आत्मसात करने में लगे हैं। इधर बोंगाबार के आयोजित यज्ञ के चौथे दिन कई धार्मिक अनुष्ठान कार्य पंडितों द्वारा संपन्न कराया गया। साथ ही फूल - मालाओं से सजी वाहन पर भगवान श्री राम के सेवक हनुमान जी की प्रतिमा को सवार कर गाजे - बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला - पुरुष श्रद्धालु शामिल होकर जय श्री राम का जयघोष करते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया।

महाकाल शिवयोगी की प्रतिमा का अनावरण 24 को

रामगढ़ : मुक्तिधाम गांधी घाट पर महाकाल शिवयोगी की प्रतिमा का अनावरण 24 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार फाऊंडरी कास्टिंग लिमिटेड के मालिक डॉक्टर हरीकृष्ण बुधिया होंगे। स्वर्गीय अरुणा बुधिया की पावन स्मृति में महाकाल शिव योगी की प्रतिमा का निर्माण करवाया गया है। प्रतिमा के अनावरण के मौके पर शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक कमल बगड़िया ने 22 अप्रैल को दी।

सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित

खूंटी। अड़की प्रखंड के बिरबांकी में सोमवार को सरना धर्म सोतोः समिति का शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में धीरजू मुंडा, बुधराम सिंह मुंडा व सोमा मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा की पूजा कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। मौके पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम जीवन की भाग-दौड़ में अपने धर्म-संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं, जिससे हम आर्थिक संपन्नता में भी तरह-तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। समाज में बुराइयां फैल रही हैं। लोभ, लालच व अहंकार से हम त्रस्त हैं। अतः जीवन में सुख, शांति और खुशहाली के लिए सिडबोंगा की स्तुति जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं, जिससे सबको समान कृपा मिलती है। हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए। धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने जिस समृद्ध समाज की कल्पना की थी वह आज भी अधूरी है। हमारे महापुरुष अपनी धर्म, संस्कृति एवं समाज के साथ ही जल-जंगल-जमीन के संरक्षण व संवर्धन के लिए हमेशा तत्पर रहे। आज हमें उनसे प्रेरणा लेकर सरना धर्म कोड के लिए डटकर संघर्ष करना चाहिए। कार्यक्रम में श्वेता बाखला, मोती नाग, मथुरा कंडीर, बाजीनाथ मुंडा, एतवा मुंडा, गुरूआ मुंडा, रमण मुंडा, सागर मुंडा, करमू हेंब्रोम, सूरज मुंडा, विश्राम टूटी, मंगा मुंडा, सलीम मुंडा, बिरसा कंडीर, चौतन मुंडा, मंगल सिंह मुंडा आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

आसमान में छाए रहे बादल भीषण गर्मी से मिली राहत

संवाददाता

रामगढ़ ।पिछले कुछ दिनों से जिले का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से पार था। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो गया था। सुबह आठ बजे के बाद ही तीखी धूप लोगों को घरों में ही दुबका देती थी। पूरे दिन लू के थपेड़े आम जनजीवन को प्रभावित कर रहे थे। लेकिन सोमवार को रामगढ़ की पूरी फिजा बदली बदली सी थी । आसमान में काले बादल छा गए और ठंडी हवाओं ने लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत दी ।

हालांकि किसी भी इलाके में बारिश होने की सूचना तो नहीं है, लेकिन ठंडी हवाओं और धूप से मिली राहत आम जनजीवन को पटरी पर लाने के लिए काफी था। लोग पूरे दिन सड़क पर निकले, दोपहर के बाद पार्क और मॉल में भी लोगों की आवाजाही लगी रही। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यह राहत भी बहुत ज्यादा दिन नहीं रहने वाली। पारा एक बार फिर 42 डिग्री सेल्सियस के पार होने की संभावना है। 24 घंटे बाद एक बार फिर तीखी धूप लोगों को सताएगी। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों को गर्मी से बचने की सलाह दी गई है। बाहर निकलने वाले लोगों को अपने साथ तौलिया या गमछा रखने, लगातार पानी पीने और खाली पेट ना रहने की सलाह दी गई है, ताकि वे लू से बचे रहे।

पृथ्वी दिवस पर ज्यादा पेड़ लगाने का दिया संदेश

रामगढ़। पृथ्वी दिवस पर रामगढ़ जिले में धरती को बचाने का संदेश दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में सोमवार को पृथ्वी दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

गोला पंचायत के चिल्ड्रेन पैराडाइस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डालसा रामगढ़ के बैनर तले बच्चों को पर्यावरण से संबंधित जानकारी पीएलवी पूनम कुमारी ने दिया। साथ ही पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के उपायों की जानकारी दी। पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उसके संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गया। बच्चों को बताया गया कि पेड़ लगाने से पृथ्वी का मौसम संतुलित रहता है। बच्चों को पर्यावरण से जुड़े रहने की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि प्रत्येक मनुष्य को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। साथ ही बच्चों को मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों की जानकारी दी गई।

पोस्टल बैलेट से मतदान की दी गई जानकारी

संवाददाता

खूंटी। लोकसभा चुनाव 2024 अन्तर्गत पोस्टल बैलेट कोषांग के अब्सेंटी वोटर्स एसेंसियल सर्विस कैटेगरी के मतदाताओं से संबंधित वीडियो का अवलोकन तथा घोषणा पत्र से संबंधित बैठक का सोमवार को आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ने की। लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अनुपस्थित मतदाता (अब्सेंटी वोटर्स) को डाक मतपत्र (पोस्टल बैलट) द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर विशिष्ट बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान आवश्यक सेवाओं से जुड़े पुलिस, कारा, रेलवे, मीडिया, बिजली, बीएसएनएल, डाक, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन सेवाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। वीडियो के माध्यम से डाक मतपत्र संबंधित सभी प्रक्रियाओं एवं तकनीकी बारीकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों-कर्मियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। आवश्यक सेवा के ऐसे सभी पदाधिकारी और कर्मी डाक मतपत्र के लिए रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपने विभाग, कार्यालय के नोडल पदाधिकारी के माध्यम से फॉर्म 12 डी प्रस्तुत करेंगे, जिसके जांचोंपरांत निवार्ची पदाधिकारी द्वारा उन्हें मतदान के लिए डाक मतपत्र निर्गत किया जाएगा।

भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी बबिता कच्छप ने दाखिल किया पर्चा

संवाददाता

खूंटी। भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी बबिता कच्छप ने सोमवार को जिला खूंटी संसदीय सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बबिता कच्छप ने कहा कि यहां के जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के लिए मैं चुनाव लड़ रही हूं और यहां के आदिवासी- मूलवासियों की आवाज को संसद में उठाऊंगी। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले मैंने यहां के आदिवासी-मूलवासियों की समस्याओं को लेकर जन आंदोलन किया था, जिसे कुछ लोगों ने पत्थलगड़ी आंदोलन करार दिया था। मेरे आंदोलन को कुछ असामाजिक तत्वों ने बदनाम करने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में चुनाव कराने का कोई नियम नहीं है। यहां पर इलेक्शन नहीं सेलेक्शन की बातें होती थी। आजादी के पहले इतिहास का देखा जाय, तो आदिवासी क्षेत्रों में चुनाव नहीं होता था। 1950 से पहले जो भी अंग्रेजी कानून होते थे, जो भी रेगुलेशन होते थे, उसमे चाहे बंगाल रेगुलेशन या मद्रास रेगुलेशन, इसमें साफ था कि आदिवासी क्षेत्रों में अंग्रेजों का कानून लागू नहीं होता था। आजादी के बाद एसटी कमिशन की जो रिपोर्ट है, उसमें साफ-साफ कहा है कि जितने भी पुराने और नए कानून बने हैं, उसको आदिवासी क्षेत्रों में लागू करने के लिए यहां के रीति-रिवाज और स्थानीय लोगों की जमीन को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए। बबीता कच्छप ने कहा कि यह बात सही है कि हमने ग्रामीणों से वोट बहिष्कार की बात कही थी। सरकार तक बातें पहुंचने के लिए वह एक आंदोलन था।

कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा आज भरेंगे नामांकन पत्र

मुख्यमंत्री सहित कई मंत्री और विधायक रहेंगे मौजूद

संवाददाता

खूंटी। खूंटी(सु) सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी मंगलवार को अपराह्न दो बजे नामांकन पत्र दखिल करेंगे। नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, राज्य के मंत्री रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव गुलमा अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, खूंटी लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की, तमाड़ के विधायक विकास सिंह मुंडा, कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कांगाड़ी, सिमडेगा के विधाायक भूषण बाड़ा सहित कांग्रेस और झामुमो के कई नेता मौजूद रहेंगे। यह जानकारी खूंटी लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की ने सोमवार को कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, सुनीता गोप सहित कई नेता मौजूद थे। बंधु तिर्की ने बताया कि नामांकन के पूर्व दोपहर साढ़े बारह बजे कॉओपरेटिव मैदान में जनसभा होगी, जिसमें इंडी गठबंधन के 15 हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश और संविधान बचाने के लिए है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का हाल के दिनों में अपमान किया गया, मणिपुर की घटना हो या छत्तीसगढ़ हर जगह आदिवासियों को अपमानित किया जा रहा है। लोकसभा प्रभारी ने कांग्रेस की पांच गारंटी की जानकारी देते हुए कहा युवा न्याया के तहत हर साल शिक्षित युवा कों एक लाख रुपये नकद, किसानों की कर्ज माफी, न्यूनतम समर्थ्ज्ञन मूल्य, न्यूनतम मजदूरी चार सौ रु सामाजिक और आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति और हर वर्ग की गणना कराई जायेगी।

रामगढ़ पार्क में लगा कैंप, बच्चों को दी जा रही स्वास्थ्य की जानकारी

बौद्धिक विकास और पौष्टिक आहार के साथ सिखाया जाएगा गुड टच-बैड टच

सोशल मीडिया, ध्यान और योग पर भी है जोर

मारवाड़ी युवा मंच बच्चों को वर्तमान समय में तनाव से बचने के लिए सोशल मीडिया के प्रयोग, ध्यान और योग के बारे में भी जानकारी देगी। ताकि बच्चे अपने शारीरिक पोषण के साथ-साथ अपनी शारीरिक गतिविधि और मानसिक स्वास्थ्य का भी ख्याल रख सके।

संवाददाता

रामगढ़ । अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और चेतना शाखा ने संयुक्त रूप से एक नई पहल शुरू की है। सामाजिक संगठनों के द्वारा रामगढ़ के ब्रिगेडियर पुरी पार्क में पांच दिवसीय कैंप लगाया गया है। इस कैंप में पहले ही दिन सोमवार को बच्चों को उनके स्वास्थ्य की पूरी जानकारी दी गई । सबसे हम विषय बौद्धिक और सामाजिक विकास का है। लेकिन इसमें पौष्टिक आहार को भी शामिल किया गया है। सामाजिक कुंठाओं से बच्चों को बचाने के लिए गुड टच और बेड टच की जानकारी भी दी जाएगी। संस्था के मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने बताया कि पांच दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बच्चों का बौद्धिक और समाजिक विकास हो, साथ ही साथ उनका पौष्टिक आहार के साथ खेल कूद मनोरंजन भी हो सके।

जानिए पांच दिनों में क्या-क्या सीखेंगे बच्चे

संस्था के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं अन्नू खंडेलवाल, ने बताया कि बच्चो को नियमित ब्रश करने एवं इसके तरीके, गुड टच-बैड बैड टच की जानकारी, पढाई के साथ झ साथ जीवन में खेल-कूद का महत्व, जंक फूड के बदले पौष्टिक आहार खाना, खुद को सफाई के साथ रखना के तरीके सिखाए जाएंगे। इसके अलावा बच्चो को स्थानीय जू, पार्क इत्यादि का भ्रमण करवाया जाएगा।

यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

खूंटी। युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के निर्देश पर खूंटी जिला यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं की सोमवार को कार्यकारी जिलाध्यक्ष अरूण संगा की अध्यक्षता में हुई बैठक में युवा न्याय यात्रा और खूंटी लोकसभा चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष कुणाल कमल ने की। मौके में प्रदेश प्रभारी इशिता शेडा ने कहा कि युवा कांग्रेस राहुल गांधी की न्याय गारंटी योजना को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरूण संगा ने कहा कि खूंटी लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा भारी मतों से विजयी होगे।

जमशेदपुर ने कोडरमा को 8 विकेट से किया पराजित

रामगढ़। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का मैच सोमवार को छावनी क्रिकेट ग्राउंड में जमशेदपुर बनाम कोडरमा के बीच खेला गया। कोडरमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया । निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में कोडरमा ने 26.2 ओवर मे 85 रन बनाया और आउट हो गई। जमशेदपुर की ओर से गेंदबाज हिमांशु भारद्वाज ने 8 ओवर में 27 रन देकर 5 विकेट एवं श्रेष्ठ चौहान 5.2 ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट लिया। लक्ष्य की पीछा करने उतरी जमशेदपुर ने 14.2 ओवर में 2 विकेट खोकर 91 बनाकर मैच 8 विकेट से जीत लिया। जमशेदपुर कि ओर से बल्लेबाज विघ्नेश कुमार ने 43 रन एवं शिवम्-कुमार 15 रन का योगदान दिया। कोडरमा की ओर से पीयूष कुमार एवम चिंटू कुमार को एक - एक विकेट प्राप्त हुआ । मैच के मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी मरकश हेंब्रम थे। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे। जबकि स्कोरिंग अमित कुमार तिवारी ने किया । मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन सचिव अरुण कुमार राय एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी हिमांशु भारद्वाज को भेंट किया।

तेज रफ्तार से आ रही बाइक पोल से टकराई, दो घायल, रिम्स रेफर

रामगढ़ । भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सौंदा डी पंचायत के हुसैनीनगर में सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में बाईक सवार दो युवक घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनो घायलों को उपचार के लिए सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों का बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि भुरकुंडा पावर हाउस निवासी 42 वर्षीय राजकुमार भुईयां व सौंदा निवासी 17 वर्षीय कृष्ण कुमार लोहार बाइक पर सवार होकर भुरकुंडा से सौंदा डी की ओर तेज गति से जा रहे थें। इसी बीच नलकारी पुल के निकट सौंदा डी के हुसैनीनगर में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों घायल हो गये।

पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी की रक्षा का लें संकल्प : डॉ कश्यप

रामगढ़ । पृथ्वी बहुत व्यापक शब्द है जिसमें जल हरियाली वन्य प्राणी प्रदूषण और जुड़े हुए कर के भी हैं धरती को बचाने का आशय है इसकी रक्षा के लिए पहल करना है। यह बात सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर के प्रधानाध्यापक सह रामगढ़ जिला बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कही । उन्होंने कहा कि ना ही पृथ्वी कि रक्षा कि पहल हुई ना ही इसको लेकर कभी सामाजिक जागरूकता दिखाई गई। कहा कि इसको लेकर राजनीतिक स्तर पर कभी कोई ठोस पहल की गई। लेकिन बाद में पृथ्वी के रक्षा कि मांग को व्यापक समर्थन मिला जिसके बाद 1970 ई से 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाने लगा । पृथ्वी को बचने के इस अभियान को संयुक्त राष्ट्र का समर्थन हासिल है। इसका वैज्ञानिक तथा पर्यावरण संबंधी महत्व भी है। इसे उत्तरी गोलार्ध में वसंत तथा दक्षिणी गोलार्ध में पतझड़ के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। डॉ कश्यप ने कहा कि आज हो रहे प्रदूषण, पेड़ों कि कटाई आदि के कारण वतावरण अस्त व्यस्त हो गया है। इसलिए प्रदूषण रोकने और लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। कहा कि सभी लोग इस ओर ध्यान दें और पृथ्वी दिवस के उद्देश्य को पूरा करने में सहयोग करें ।

उलगुलान न्याय महारैली ने रचा इतिहास : अल्ताफ राजा

रांची। झारखंड छात्र मोर्चा श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के सचिव अल्ताफ राजा ने कहा के न्याय उलगुलान महा रैली की सफलता यह साबित करती है कि झारखंड से भाजपा का सफाया निश्चित है रैली की सफलता के लिए झारखंड छात्र मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकताओं ने जो मेहनत की है उसके लिए हम आभार प्रकट करते हुवे कहा की इस तरह की रैली और इतनी भीड़ पहली बार रांची की धरती पर देखने को मिला। लोगों के मन में हेमंत सोरेन के प्रति प्यार और भाजपा के प्रति गुस्सा देखने को मिला। लोगों ने जमकर नारे लगाए कि जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा झारखंड झुकेगा नहीं इंडिया रुकेगा नहीं इस तरह के नारे लगाए गए। वही कल्पना सोरेन जी की दर्द को लोगों ने महसूस किया और लोगों ने यह संकल्प लिया कि जब तक भारतीय जनता पार्टी को झारखंड से उखाड़ कर नहीं फेंकते हैं तब तक हम लोग चैन से बैठने वाले नहीं है। भाजपा के लोग झारखंड के लोगों को अशिक्षित देखना चाहते हैं, झारखंड के लोगों की तरक्की उन्हें मंजूर नहीं, झारखंड कैसे आगे बढ़े झारखंड कैसे तरक्की करें इसकी फिक्र भारतीय जनता पार्टी के लोगों को नहीं है। अल्ताफ राजा ने कहा के 2014 में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा यह नारा दिया गया था कि हर गरीब के खाते में 15- 15 लख रुपए आएंगे, हर साल 2 करोड़ नौकरियां देंगे लेकिन नौकरी देने की बात तो दूर नौकरी छीनने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। मोदी की गारंटी का मतलब हिंदू मुसलमान में नफरत पैदा करना, मोदी की गारंटी का मतलब शिक्षित युवाओं से पकौड़े तलवाना, मोदी की गारंटी का मतलब झूठे जुमले से लोगों को बहलाना, मोदी की गारंटी का मतलब महंगाई बढ़ाना, मोदी की गारंटी का मतलब मंदिर मस्जिद में लोगों को उलझाना, मोदी की गारंटी का मतलब पेट्रोल डीजल गैस के दाम बढ़ाना, मोदी की गारंटी का मतलब झूठे आंकड़े पेश करना है। उनकी सब वादे सिर्फ और सिर्फ जुमला साबित हुआ है। मोदी जी जो कहते हैं वह करते नहीं है और जो करते हैं वह कहते नहीं है। 2014 से अब तक देश में मोदी जी क सरकार है देश की जनता देख रही है कि मोदी की सरकार ने क्या किया ।यह पूंजी पतियों की सरकार है गरीबों की सरकार नहीं है।

माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया लोकसभा चुनाव का प्रशिक्षण

संवाददाता

खूंटी। लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के निमित प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा सोमवार को बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में 54 माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप ने उनके कार्य एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कोषांग के मास्टर ट्रेनरों ने मतदान की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति एवं पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना, भेद्यता मानचित्रण, मतदान दल और मतदान दिवस की व्यवस्था, मतदान केंद्र आदि से संबंधित प्रशिक्षण उपल्ब्ध दिया गया। बिरसा कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

21 खूंटी, 22 अप्रैल (हि.स.)। झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में सोमवार को बिरसा कॉलेज खूंटी में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कॉलजे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है। पहली बार 22 अप्रैल 1970 को पृथ्वी दिवस मनाया गया था।

अब इसमें विश्व स्तर पर समन्वित कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। इसमें 193 से अधिक देशों के एक बिलियन लोग शामिल हैं। 2024 का आधिकारिक विषय ग्रह बनाम प्लास्टिक है। पृथ्वी दिवस पर दुनिया भर में 100 मिलियन से अधिक लोगों ने 50वीं वर्षगांठ मनाई, जिसे इतिहास में सबसे बड़ा ऑनलाइन जन जुटाव कहा जा रहा है। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम, डीएलएसए की पीएलवी अंजू कच्छप, कुशल मुंडा, कॉलेज की प्राचार्य जेके किड़ो, स्टडी स्मृति संस्था की मेंबर, एवं दिशा कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने विज्ञप्ति जारी कर दी।

संक्षिप्त

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन आज अमन अग्रवाल होंगे सम्मानित

रांची : रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान में 23 अप्रैल दिन मंगलवार को अपराह्न 2:30 बजे महाराजा अग्रसेन भवन मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि अग्रवाल समाज के युवा अग्रणी चाईबासा निवासी अमन अग्रवाल का प्रतिभा सम्मान समारोह मे सम्मानित किया जाएगा। अमन अग्रवाल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के पद पर 544 में रैंक से पास होकर समाज का मान बढ़ाया है। अमर अग्रवाल के पिता मनोज अग्रवाल एवं माता श्रीमती बबीता अग्रवाल है। एवं अमन के चाचा जी रविंद्र अग्रवाल आईएएस है। जो वर्तमान में केरल राज्य में प्रिंसिपल सेक्रेट्री फाइनेंस के पद पर कार्यरत हैं। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी है।

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्य जायेंगे वियतनाम

रांची : युथ हॉस्टलस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखण्ड राज्य शाखा के पदाधिकारी वियतनाम जायेंगे. ये पदाधिकारी वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और हनोई के महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों का दौरा करेंगे. यूथ हॉस्टलस एसोसिएशन के अंतर्राष्ट्रीय और रोमांचक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. इसकी जानकारी देते हुए युथ हॉस्टलस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखण्ड राज्य के चेयरमैन श्री शिवेन्द्र दुबे ने बताया की झारखण्ड राज्य के रोमांचक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन प्रयासरत है और इस वर्ष से नेतरहाट, पारसनाथ और देवघर ट्रेकिंग और ट्रेनिंग एक्सपीडिशन का आयोजन किया जायेगा। इस वियतनाम यात्रा के संयोजक श्री उदय साहू ने बताया की यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है और हमारा दल 25 अप्रैल को रवाना होगा। झारखण्ड से वियतनाम जा रहें इस दल मे उदय साहू, मनोज महतो, राजकुमार जैन, शैलेन्द्र कुमार, मनोज साहू, शिवेन्द्र दुबे शामिल है।

झारखण्ड में मुसलमानों को नजरंदाज करना राजनीतिक दलों को पड़ेगा भारी

रांची : झारखण्ड में लगभग 20 प्रतिशत मुसलमानों की आबादी है। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों ने इतनी बड़ी आबादी को नजर अंदाज किया है। तथकथित सेकुलर दलें मुसलमानों को सिर्फ वोटबैंक समझती है। जिसका खामियाजा 2024 के लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। उक्त बातें ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद सगीर अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि आखरी वक्त तक उम्मीद थी कि 14 में से कम से कम 2 सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इंडिया गठबंधन के द्वारा एक भी सीट पर मुसलमान को प्रत्याशी नहीं बनाए जाने पर पूरे समाज में आक्रोश देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नारा दिया के जिनकी जितनी आबादी उनकी उतनी हिस्सेदारी। लेकिन कांग्रेस ने ही झारखण्ड में इस नारे का पालन नहीं किया। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज आश्वस्त था कि इस बार इंडिया अलाइंस झारखण्ड में मुस्लिम प्रतियाशी जरूर देगी लेकिन ऐसा न कर के कांग्रेस के पुराने सिपाहियों को नजरअंदाज करते हुए नए चेहरों को टिकट दे दिया गया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक में मुसलमानों को अछूत समझा जाने लगा है चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सब के सब मुसलमानों को सिर्फ वोट देने वाली मशीन समझ कर रखा है। भाजपा मुसलमान को टिकट नहीं देती है यह तो जग जाहिर है मगर इंडिया गठबंधन में भी मुसलमान को प्रतिनिधित्व नहीं देना यह समझ से बाहर है।

रांची के मुख्य चौक-चौराहों पर नगर निगम एक माह तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाए : हाई कोर्ट

संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने मौखिक तौर पर रांची नगर निगम के अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव से जानना चाहा कि लालपुर में सड़क पर लगे सब्जी मार्केट के दुकानदारों को हटाने पर क्या कार्रवाई हुई है? इस पर रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लालपुर में डिस्टलरी पुल के पास वेंडर मार्केट बना हुआ है। इसमें नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर दिया गया है लेकिन सब्जी विक्रेताओं के लिए वेंडर मार्केट पूरी से तैयार नहीं हुआ है। इसमें करीब दो माह का समय लगेगा। लालपुर में 273 सब्जी विक्रेता हैं, जिनमें से करीब 110 सब्जी विक्रेताओं को ही वेंडर मार्केट बनने पर शिफ्ट किया जा सकेगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है। इस पर कोर्ट ने रांची नगर निगम से कहा कि ऐसी व्यवस्था रखें ताकि सभी सब्जी विक्रेता वेंडर मार्केट में शिफ्ट हो सकें, जिससे लालपुर में सड़क लोगों के चलने के लिए सुलभ रहे। कोर्ट ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता से यह भी पूछा कि लालपुर में जिन स्थानों से मीट विक्रेताओं को हटा कर वेंडर मार्केट में शिफ्ट किया गया है उस खाली जगह को रांची नगर निगम ने कस्टडी में लिया है या नहीं? नगर निगम के अधिवक्ता से कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या आप संतुष्ट हैं कि वाकई में लालपुर से नॉनवेज बेचने वाले दुकानदार वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर चुके हैं?

कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची नगर निगम को लगातार एक माह तक मेन रोड, लालपुर चौक सहित मुख्य चौक चौराहों पर सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाने की जरूरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि कचहरी चौक के पास वेंडर मार्केट बन चुका है तो फिरायलाल चौक के आसपास फुटपाथ पर दुकान नहीं लगनी चाहिए लेकिन हकीकत यह है कि शाम होने के बाद से ही मेन रोड में सड़कों पर फुटपाथ विक्रेता दुकान लगा लेते हैं, जिससे जाम की समस्या प्रतिदिन होती है।

झारखंड हाई कोर्ट ने ईडी से पूछा, चैशायर होम रोड की जमीन की क्या प्रकृति है और मूल रैयत कौन है?

झारखंड हाई कोर्ट में चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी से पूछा कि चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की क्या प्रकृति है तथा इसका मूल रैयत कौन है? कोर्ट ने अनुसंधान में जितने भी इससे संबंधित रिकॉर्ड आया है उसे शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में दो सप्ताह में दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई आठ मई को होगी।

विष्णु अग्रवाल पर चैशायर होम रोड की एक एक-ड़ जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में राजेश राय, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल,विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है। ईडी ने जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था, जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी।

शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित

झारखंड हाई कोर्ट में शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद-बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा ईडी की जांच में हुआ है।

ईडी ने 19 अक्टूबर, 2023 को पूछताछ के दौरान योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की थी। इसके बाद उसे जेल भेजा गया था। पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर योगेंद्र तिवारी ने लिया था। ईडी ने योगेंद्र तिवारी और उनके करीबियों के लगभग तीन दर्जन ठिकानों पर बीते 23 अगस्त, 2023 को छापेमारी की थी।

धार्मिक अनुष्ठान होने से आपसी भाईचारा बढ़ता है : संजय सेठ

संवाददाता

ओरमांझी : श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर व श्री श्री हनुमान मंदिर तेतरिया टोला का तीसरे वर्ष गांठ पर कलश यात्रा निकालकर दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र कुरूम तेतरिया टोला में स्थापित श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर व श्री श्री हनुमान मंदिर का तीतृय वर्ष गांठ पर दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इसी क्रम में सोमवार को सुबह में दोनों मंदिर परिसर से गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ जय श्री राम हर हर महादेव आदि जयकारे लगाते हुए कलश यात्रा निकाली गई जो गुरगाई स्थित भैरवी नदी के तट पहुंच कर आचार्य दिवाकर पाठक व उपासक सुनील महतो रामकिशोर महतो परमेश्वर महतो जयमंगल महतो के द्धारा विधि-विधान पूर्वक मंत्रोंचार के साथ गंगा मां की पुजा आराधना कर कलश में जल भर कर मंदिर परिसर में कलश स्थापित अनुष्ठान सुरू किया गया। मौके पर रांची सांसद संजय सेठ, राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू,पुर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता, पुजा समिति अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही उपमुखिया संतोष गुप्ता, विक्रांत तिवारी आनन्द महतो विहिप मंत्री शशी मेहता रंधीर चौधरी खिलेश्वर महतो सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। वहीं मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा इस तरह के आयोजन होते रहने से आपस में मेलजोल प्यार बढ़ता है जिससे सम्बन्ध और प्रगाढ़ होते जिससे गांव समाज का विकास में भी बल मिलता है। वहीं इसके सफल आयोजन करने में समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सचिव रामकिशोर महतो उपसचिव दिनेश महतो कोषाध्यक्ष उमेश महतो संरक्षक चन्द्र मोहन महतो कृष्णा कुमार महतो रामजीत महतो कलेश्वर महतो काली शंकर महतो कैलाश महतो राजेंद्र कुमार चौधरी गोपाल महतो विन्देश्वर महतो,चुनीलाल महतो विजय महतो सदस्य जगेश्वर महतो परमेश्वर महतो रोहित महतो छोटन महतो डेगलाल महतो दिल महतो राजकिशोर महतो जयमंगल महतो विमल महतो कुलदीप महतो राजेंद्र महतो रमेश महतो अर्जून महतो देव प्रकार महतो सहित मंदिर परिसर के सभी लोग उपस्थित थे।

कराटे प्रशिक्षण सह बेल्ट ग्रेडिंग का हुआ आयोजन

रांची : सिंहान विमल आनंद नाग के मार्गदर्शन पर और इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट(इस्मा) के तत्वाधान में लालचंद लोहार तथा इबरार अंसारी कराटे यूनिट के बच्चों का एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण सह बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 60 बच्चों ने येलो से लेकर ब्राउन बेल्ट तक में भाग लिया बच्चे काफी उत्साहित दिखे इस बेल्ट ग्रेडिंग में जो बच्चे पीला बेल्ट-निपुण गुप्ता, शरिया साजिद, कृष्ण कुमार संडील, यश कर्मकार, आयुष राज, राघव रमन, फ्रांसिस सोय मुरहूम, अनुष्का कुमारी, श्रेष्ठ सिन्हा, अरिकेत सिंघानिया, नक्श शुक्ला , शिवांश संजीव शर्मा, हर्षिका तिर्की, आर्यिका सिंघानिया, ऑरेंज बेल्ट - आकाश तिग्गा, लकी तिर्की, रिया कुमारी भारती कुमारी, राधिका स्वराज, अनुष्का खलखो, सुप्रिया कुमारी, ग्रीन बेल्ट-अध्याय शर्मा,विनायक राम ,इशांत प्रकाश ,नव्या पहल, नैरेती कश्यप, निधि कुमारी, जैस्मिन जहान, मानसी कुमारी, एंजेल तिग्गा, क्रिस्पिन लकड़ा, ब्लू बेल्ट-अहाना करमाकर, समीर प्रताप सिंह, हार्दिक कुमार, अमन राज लकड़ा, शारोन बेक, प्रेशियस बेक ब्राउन (1) शमीन अहमद, सुमैल अहमद, फरहान अंसारी, कौसर अली ने प्राप्त किए।

जीत मंत्र क्लासेस का हुआ उद्घाटन

संवाददाता

रांची : जीत मंत्र क्लासेस पंचम तल्ला गैलक्सी मॉल रातू रोड रांची में उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि आरिफ नासिर बट और जीत मंत्र के निदेशक जितेन्द्र प्रसाद और रंजन कुमार ने सयुक्त रुप से फीता काट कर किया। जितेंद्र प्रसाद ने कहा कि यहां बच्चों को हमें वैसी दुनिया का सपना दिखाते हैं जहां सीखना एवं रोमांच है और हर बच्चा अपनी अनूठी महाशक्तियों को खोजना है। यहां छात्रों को हर अध्याय के नोट्स ,सप्ताहिक जांच परीक्षा, पुरस्कार वितरण, अनुभवी शिक्षकों द्वारा सभी विषय की तैयारी ,कमजोर छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं, शंका का समाधान के लिए अलग से कक्षा , मजेदार तरीकों से अंग्रेजी बोलना सिखाया जाता है। पूरा कैंपस सीसीटीवी और अग्नि अलार्म से सुसज्जित है। यहां सबसे कम फीस 999 रुपए सालाना पर क्लास 7 से क्लास 12 तक की सभी विषय को पढ़ाई की जाती है । छात्रों को फ्री डेमो क्लास ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों की सुविधा है। जीत मंत्र क्लासेस में छात्रों की सुविधा के लिए वाई-फाई पूरे कैंपस में और छात्रों के लिए लाइब्रेरी की भी सुविधा उपलब्ध है। छात्रों को यहां वैदिक गणित, रोबोटिक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डांस, संगीत, कला और शिल्प योग और ध्यान, कार्यशालाएं वोलंटिंग, हिंदी इंग्लिश, संस्कृत भाषा समेत सभी तरह की शिक्षा दी जाती है। इस मौके पर संस्थान के निदेशक जितेंद्र प्रसाद, रंजन कुमार, मनोरंजन सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

अर्थ डे पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

संवाददाता

रांची : सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर कि ओर से पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर आज सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू रोड में ₹पर्यावरण संरक्षण अभियान₹ के तहत विद्यार्थियो के बीच एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से युवा पर्यावरणविद डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे, सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू स्कूल कि प्राचार्या सुतापा भट्टाचार्य, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने अपने अपने विचार बच्चों से साझा किए।

सभी ने कहा कि वृक्ष। रोपण के साथ साथ पोधो कि देखभाल भी बहुत जरूरी है। यदि हर एक बच्चा एक पोधा लगाए और उसकी देखभाल करे तो कुछ हद तक हम प्रदूषण से मुक्ति पा सकते है। अगर हमें स्वास्थ्य रहना है तो पेड़ पौधों की रक्षा करनी होगी।हम पृथ्वी का जन्म दिवस मना रहें है। हमारा उद्देश्य हरियाली को वापस लाना चाहिए। आज जंगलों को काट कर वहा इमारतें बनाई जा रही हैं। पेड़ो की कमी से प्रदूषण बढ़ रहा है। हम सिर्फ शहरों को स्मार्ट कर रहें हैं, गावों पर ध्यान नहीं देते हैं।आज सभी नदियां प्रदूषित हो रही है। जिसका कारण हम सभी हैं। सभी ने बच्चों को हरियाली बढ़ाने का संकल्प भी दिलाया साथ ही साथ धरती माता की रक्षा के लिए पौधारोपण, जैविक खेती को बढावा, वर्षा जल संग्रह, परंपरागत जल स्त्रोतों को पुर्नजीवित करने की अपील भी की।

विहिप आज पूरे झारखंड में मनाएगा श्री हनुमान जन्मोत्सव

संवाददाता

रांची। विहिप पूरे झारखंड में चैत्र पूर्णिमा के दिन 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाएगा। इस आयोजन में अन्य अभी वैचारिक संगठन भी अपने-अपने स्तर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी कर रहे हैं। इस वर्ष विशेष आयोजन की तैयारी पूरे प्रांत में की जा रही है। उक्त जानकारी 22 अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने दी।

रायपत ने बताया कि बताया पूरे प्रांत में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। विश्व हिंदू परिषद का केंद्रीय कार्यक्रम रामोत्सव 9 अप्रैल से प्रांत के सभी जिलों के प्रखंडों एवं पंचायतों में लगभग 11000 स्थान पर आयोजित हुआ। श्री

रामोत्सव के बाद 23 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव विहिप के द्वारा पूरे प्रांत में मनाया जाएगा। इस आयोजन में अन्य अभी वैचारिक संगठन भी अपने-अपने स्तर से श्री हनुमान जन्मोत्सव का तैयारी कर रहे हैं। इस वर्ष विशेष आयोजन की तैयारी पूरे प्रांत में की जा रही है।

प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्र ने बताया कि प्रांत के लगभग 31,000 स्थान में मंदिर एवं घरों में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इसमें अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के अन्य लोग भी सम्मिलित होंगे।

एकल अभियान से रेखा जैन ने बताया हनुमान जन्मोत्सव के दिन एकल अभियान के द्वारा सभी पर कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई हैं। विद्या भारती के मनोज भारद्वाज ने बताया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे प्रांत में विद्या भारती स्कूल में इसकी तैयारी हो रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा।

मौके पर विशेष संपर्क प्रांत सहप्रमुख प्रिंस आजमानी, प्रांत प्रचार प्रसार सह प्रमुख प्रकाश रंजन, कैलाश केसरी, रांची महानगर अध्यक्ष सतीश गुप्ता, चिन्मया मिशन के वीके गद्यान, मुकेश अग्रवाल उपस्थित थे।

चुनाव जीता तो सेवा करूंगा, नहीं तो राजनीति से ले लूंगा संन्यास : प्रदीप यादव

संवाददाता

रांची : राज्य की हॉट सीट बन चुकी गोड्डा में काफी राजनीतिक हलचल देखने को मिल रही है। इस लोकसभा सीट से दीपिका पांडे सिंह को कांग्रेस की तरफ से टिकट दिया गया था लेकिन कुछ ही दिनों में कांग्रेस ने उम्मीदवार बदल दिया। अब इस सीट से पांचवी बार प्रदीप यादव मैदान में हैं। पिछले चारों चुनाव वो हार चुके हैं। हालांकि कांग्रेस की तरफ से वो इस बार पहली बार चुनाव लड़ेंगे। प्रदीप यादव को टिकट मिलने के बाद तीन बार के भाजपा के गोड्डा सीट से सांसद निशिकांत दुबे से मुकाबला है। एक एक ओर निशिकांत दुबे ने चुनाव प्रचार नहीं करने का एलान कर दिया है वहीं प्रदीप यादव की ओर से भी करारा जवाब मिला है। निशिकांत दुबे ने अपने प्रतिद्वंदी प्रदीप यादव के खिलाफ चुनाव प्रचार नहीं करने का एलान कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस उम्मीदवार की ओर से भी उन्हें करारा जवाब दिया गया है।

गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव ने बहुत बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मेरा आखिरी चुनाव है। अगर लोकसभा चुनाव जीता तो जनता की सेवा करूंगा नहीं तो राजनीति से संन्यास लेने का प्रयास करूंगा, विधानसभा चुनाव

भी नहीं लड़ूंगा। प्रदीप यादव ने कहा कि पांच बार विधानसभा से जीत चुका हूं, विधानसभा में क्षेत्र की आवाज उठा चुका हूं, लोगों का आशीर्वाद ले चुका हूं, अब दिल्ली में लोगों की आवाज उठाउंगा।

प्रदीप यादव ने सभी कार्यकर्ता से कहा कि फालतू बातों पर ध्याम नहीं दीजिए। उन्होंने कहा कि निशिकान्त दुबे क्या लिखते हैं उस पर नहीं जाना है। हम सभी घटक दल को एक साथ होकर देश को बचाने के लिए संविधान को बचाने के लिए चुनाव लड़ना है। प्रदीप यादव ने कहा जो लोग संविधान बचाने की बात करते हैं वह सबसे पहले आरक्षण को खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने एक हजारों करोड़ का कर्जा आदनी-अम्बानी का माफ कर रही है। हमारे राहुल गांधी ने एलान किया है करोड़ों किसानों का कर्ज माफ करेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द हम सब फुरकान अंसारी से मिलने वाले हैं। बाकी घटक दलों के नेताओं भी मिलेंगे।

रविवार को ही कांग्रेस ने गोड्डा लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बदला है। पहले यहां से दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया गया था। अब यहां से प्रदीप यादव चुनाव लड़ेंगे। वहीं, प्रदीप यादव को टिकट दिए जाने के बाद बीजेपी के प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने कहा कि अब वह चुनाव प्रचार करने नहीं जाएंगे। सिर्फ रिजल्ट लेने जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो आदमी लगातार चार बार हारे, 2004 में फुरकान अंसारी से हारे, 2009, 2014 और 2019 में मुझसे हारे, जिनके ऊपर बलात्कार के आरोप हों उनके खिलाफ क्या चुनाव प्रचार करें। उन्होंने कहा कि 2019 में वो कहते दिखे कि यह मेरा आखिरी चुनाव है। इसके बाद संन्यास ले लूंगा। कई मौकों पर उन्होंने संन्यास लेने की बात कही, जिनके बात का कोई मतलब ना हो, जिनसे चुनाव में कोई मुकाबला ना हो, उनके खिलाफ क्या चुनाव प्रचार करेंगे।

लातेहार व्यवहार न्यायालय में मना विश्व पृथ्वी दिवस

संवाददाता

लातेहार। झालसा (रांची) के निर्देश पर लातेहार व्यवहार न्यायालय में विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी पृथ्वी एक ही ऐसा ग्रह है, जहां जीवन संभव है। ऐसे में पृथ्वी पर जीवन को बचाए रखने के लिए धरती की प्राकृतिक संपत्ति को सुरक्षित रखना आवश्यक है।

मनोज कुमार सिंह ने कहा कि भगवान की सबसे बुद्धिमान रचना मनुष्य है, लेकिन वह आज के समय में धरती का ध्यान रखना भूल गया है। धरती द्वारा इंसानों को कई संसाधन दिए गए हैं, लेकिन मनुष्य इनका निर्दयतापूर्ण इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में पृथ्वी को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि यदि मनुष्य स्वस्थ और जीवित रहना चाहता है तो उसके लिए पर्यावरण के मसलों पर ध्यान देना आवश्यक है। इसकी अहमियत को समझना और स्वीकार करना भी जरूरी है। हम लोगों की रक्षा ओजोन परत करती है। यह हमें सूरज की हानिकारक किरणों से बचाती है। इस लेयर में छेद हो गया है। यहां तक कि ग्लेशियर भी समय के साथ-साथ पिघलने लगे हैं। ऐसे में अब इंसानों का सतर्क होना आवश्यक है। पर्यावरण को सुरक्षित करने की दिशा में अहम कदम उठाए जाना भी जरूरी है।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश, कुटूम्ब न्यायालय राजीव आन्नद, जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार, सीजेएम मो. अब्दुल नसीर, एसीजेएम शशि भूषण शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी राहुल कुमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद, अधिवक्ता संजय कुमार, अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्ता, अधिवक्ता रमण महतो, एलएडीसी डिप्टी चीफ राजेश यादव, एलएडीसी सहायक दीपक कुमार मिश्रा एवं राहुल कुमार और व्यवहार न्यायालय के कर्मचारियों ने पौधा लागाकर पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिया। लोगों को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया।

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

कोडरमा : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी बचाओ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023 - 2025 के प्रशिक्षुओं के द्वारा अपनी कलात्मक कलाओं का शानदार प्रदर्शन करते हुए उक्त विषय पर पोस्टर बनाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारी पृथ्वी के वातावरण में बहुत अधिक परिवर्तन आ गया है । जिसके लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। अतः हम सभी को अपनी पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ी को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिससे हम शुद्ध वातावरण में रह सके। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य पृथ्वी के वायुमंडल में हो रहे विभिन्न प्रकार के परिवर्तनों के प्रति सभी को जागरूक करना है। जिससे सभी पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारी को आवश्यक समझे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बी. एड. सत्र 2023-2025 के प्रशिक्षु मनीषा , विनीता, पूनम , शिफा नूरी, समीउल्लाह , रिंकी कुमारी आदि ने प्रतिभा लिया। संपूर्ण कार्यक्रम सौरभ शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ।

शराबी बेटे ने की पिता समेत परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

संवाददाता

गारू/लातेहार : गारू थानाक्षेत्र के चोरहा पंचायत के डबरी गांव में सनकी युवक रंजन उरांव ने रविवार की रात पिता समेत अपने परिवार के ही पांच लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में तीन लोगों नें मौके पर जान गवा दिया।वहीं दो लोग घायल है। मृतकों में आरोपी के पिता सूरज उरांवए चचेरी भाभी अनुपमा देवी तथा मंसूरिया देवी शामिल हैं। जबकि घायलों में आरोपी के चचेरे भाई अमलेश उरांव और उनकी पत्नी हीरामनी देवी शामिल हैं। स्थानीय लोगों की माने तो डबरी गांव निवासी रंजन उरांव मानसिक रूपसे विक्षिप्त और सनकी व्यक्ति है। रविवार की रात करीब आठ बजे घर में शराब पीकर आया। इसी दौरान घर में रखे धारदार कुल्हाड़ी से वार कर अपने पिता सूरज उरांव की हत्या कर दिया।हत्या की सूचना के बाद चचेरी भाभी अनुपमा देवी व मंसूरिया देवी सामने आई। इसी दौरान युवक को उनलोगों के साथ कहासुनी हो गई। जिसके बाद रंजन उरांव ने दोनों चचेरी भाभियों को भी कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दिया। जिससे मौके पर ही तीनों की मौत हो गई। इस सम्बन्ध में गारू थाना प्रभारी सोनू कुमार नें बताया की अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज करके हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे उन्होंने बताया की अभियुक्त पुलिस में भी हमला करने का प्रयास कर रहा था। काफी मशक्कत के बाद पुलिस बल पकड़ने में सफल रही।

इंडिया गठबंधन की बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा

संवाददाता

झुमरीतिलैया : इंडिया गठबंधन के समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह को कोडरमा से विजयी बनाने को लेकर इंडिया गठबंधन के घटक दल युद्ध स्तर पर चुनावी तैयारियों में जुटे है। चुनावी तैयारी को लेकर इंडिया गठबंधन की बैठक सोमवार को विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में हुई। अध्यक्षता इंडिया गठबंधन के संयोजक रामधन यादव ने किया। बैठक में कोडरमा जिला में प्रचार प्रसार तेज करने और प्रत्याशी विनोद सिंह का जनसंपर्क अभियान को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में 28 अप्रैल को इंडिया गठबन्धन का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शिव वाटिका में करने का निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर इंडिया गठबन्धन के सभी घटक दलों को जिम्मेवारी दी गयी। वहीं कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर नगर परिषद,झुमरीतिलैया, नगर पंचायत/कोडरमा/डोमचांच एवं सभी प्रखण्ड के गठबंधन के नेतृत्व साथियों को तैयारी बैठक

करने का निर्णय लिया गया। इंडिया गठबंधन के संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि भाजपा हार की आहट से बौखला गयी है।जनता और मीडिया को काम की उपलब्धि बता पाने में असमर्थ हो रही है। झारखण्ड बनने के बाद से भाजपा के ही सांसद रहें है। इसके बाबजूद कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में ग्रासरूट पर कोई काम नही हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जनता का ध्यान बांटने के लिए इधर-उधर की बात कर गुमराह कर रही है। भाजपा से जनता मालिक 5 साल का हिसाब मांग रही, लेकिन भाजपा हिसाब देने से कतरा रही है। इस चुनाव में जनता संविधान बचाने और भाजपा की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले रही है।अन्य वक्ताओं ने कहा कि सांसद ने काम किया होता तो जनता आक्रोशित नही होती। जनता के सवालों पर भाजपा सांसद ने कभी भी सड़क और सदन में लड़ाई नही लड़ी। इंडिया गठबंधन के भाकपा माले प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह झारखण्ड विधानसभा के उत्कृष्ठ विधायक है और सदन से सड़क तक हर मुद्दे पर संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि कोडरमा के लिए शर्मनाक है कि भाजपा सांसद कोडरमा में विकास की उपलब्धि गिनाने में भी असमर्थ हो रहें है। जनता काम के आधार पर सांसद का आंकलन कर रही है, काम के मामले में झारखण्ड की सबसे फिसड्डी सांसद कोडरमा से है।कोडरमा की जनता बदलाव की ओर बढ़ चली है। ताकि बेरोजगारी, पलायन, भाईचारा के साथ अबरख, ढिबरा, पत्थर, क्रशर के मुद्दे संसद में गूंज सके और नीति निर्धारण हो पाए। बैठक में गंगा प्रसाद यादव,प्रकाश रजक,भागीरथ पासवान,राजेन्द्र मेहता, संदीप कुमार, लीलावती मेहता, प्रेम प्रकाश, इंद्रदेव राम, सहदेव यादव, मनोज रजक, धीरज यादव, चरनजीत सिंह, प्रेम पांडेय, असीम सरकार, रमेश प्रजापति, उदय द्विवेदी, पवन भगत,अरुण सिंह समेत इंडिया गठबंधन के लोग मौजूद थे।

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए हाहाकार, झोलाछाप डॉक्टरों की चांदी

- अधिकांश चापाकल और सोलर जलमीनार हाथी के दांत हो रहे साबित

सुंदरम कुमार

गुमला। गर्मी ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। चिलचिलाती धूप और पछिया हवा लोगों को घरों में सिमट जाने को विवश कर रहे हैं। इस बीच गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए हाहाकार मचा गया है।

अधिकतर चापाकल और सोलर जलमीनार हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। बिजली की आंख मिचौली भी जारी है। इन हालातों से लोगों को दोहरी परेशानी हो रही है।

लोगों के मुताबिक सैकड़ों चापानल मरम्मत के अभाव में खुद प्यासे नजर आ रहे हैं। अधिसंख्यभ नदी, जोरिया, तालाब सूख गए हैं। एक-दो तालाबों में यदि पानी है तो वह नहाने, कपड़े साफ करने, यहां तक कि पशुओं को नहाने के काम आ रहा है। इतना ही नहीं, उसी दूषित पानी का सेवन करने को ग्रामीण मजबूर हैं। इससे वे विभिन्न बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।

ग्रामीण बीमारी की इलाज के लिए झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग पहल नहीं कर रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए चापानल, जल मीनार व ग्रामीण इलाकों में बंद उप स्वास्थ्य केंद्रों को अविलंब चालू कराया जाय।

अफीम तस्करी के तीनों दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा

- एक-एक लाख रुपये का जुर्माना

संवाददाता

चाईबासा। कोर्ट ने अफीम तस्करी करने के तीन दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई। इनपर एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। तीनों दोषियों के नाम पांडा बोदरा, एसी बिरसा और सुबोध प्रजापति हैं। इनपर कराईकेला थाना में एनडीपीएस एक्ट लगाया गया था। इनके खिलाफ अफीम रखने और वैध कागजात के बिना परिवहन करने का मामला दर्ज किया गया था। टेबो थाना अन्तर्गत चिंगिदा गांव में 3 सितंबर, 2022 को दोपहर करीब 12 बजे एरिया डोमिनेशन करते हुए लौटने के क्रम में नवादा बस्ती की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन युवक आ रहे थे। संदेह होने पर पुलिस कर्मियों द्वारा युवक को रोक कर तलाशी ली गई तो झोला से 2 किलो अफीम बरामद हुआ। युवक ने अपना नाम पांडा बोदरा बताया। अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस द्वारा उक्त तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया तथा सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया।

इसके आधार पर उक्त कांड का विचारण के क्रम में न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय ने तीनों अभियुक्तों को एनडीपीएस एक्ट में 10-10 साल की कठोर कारावास एवं एक-एक लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है। जुमार्ना नहीं भरने पर दो-दो साल की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी से की मुलाकात

संवाददाता

तोपचांची। नावाडीह प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तेलो के सामाजिक कार्यकर्ता सुल्तान अंसारी, एवं फिरदौस खान, कलाम अंसारी,ने गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो से भेंट कर जीत की अग्रिम बधाई दी। और चुनाव में समर्थन करने का संकल्प लिया। ज्ञात हो कि झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद जिला समिति के सदस्य सह झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व केंद्रीय सचिव मोहम्मद अकबर अंसारी लगातार अन्य दलों के कार्यकताओं और समाज से जुड़े लोगों को माननीय टुंडी विधायक सह गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में करने का प्रयास कर रहे हैं और लगातार विधायक जी के समक्ष उन्हें लाकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट

करने का संकल्प दिला रहे हैं। मोहम्मद अकबर अंसारी का कहना है कि निश्चित तौर पर लोगों का रुख यह बता रहा है कि इस बार गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो की भारी वोटो से जीत होगी क्योंकि वर्तमान एनडीए प्रत्याशी को लोगों ने 5 साल देखा है उनके कार्यकाल में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं, निश्चित तौर पर मथुरा प्रसाद महतो गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाएंगे।

हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गयी शोभायात्रा, सुंदरकांड की गूंजी चौपाइयां

संवाददाता

झुमरी तिलैया : श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का 43वां वार्षिकोत्सव सह हनुमान जन्मोत्सव समारोह सोमवार को भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ। अड्डी बांग्ला रोड स्थित केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री से हनुमान दरबार की निकली सुसज्जित वाहन को स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में मंडल के सदस्यों व श्रद्धालुओं ने राम नाम की पट्टी लगा रखी थी। यात्रा स्टेशन रोड से निकलकर झंडा चौक राजगढ़िया रोड होते हुए विद्यापुरी रांची पटना रोड ब्लॉक रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री पहुंचकर समाप्त हुई। दो

दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन आयोजन स्थल में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के भैया बहनों की प्रस्तुति राम, लक्ष्मण व हनुमान की जीवंत झांकी के साथ भजन मंडलियों द्वारा गाए जा रे भजनों से पूरा शहर गुंजयमान होता रहा। पूजा अर्चना के बाद सवा 25 घंटे की अखंड ज्योत, अलौकिक श्रृंगार व लाल परिधानों में शामिल सुंदरकांड पाठ में शामिल कतरास से आए पंकज शर्मा के नेतृत्व में हुआं। महिलाओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ के साथ संगीतमय भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न देवी देवताओं की दरबार के साथ फूलों का भव्य श्रृंगार सजाया गया। मौके पर खीर चूरमा बुंदिया एवं पेडे का सवामणि प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा अर्चना पंडित अनिल मिश्रा ने कराई। जबकि यजमान में नवीन सिन्हा व ललिता सिन्हा शामिल हुए। सुंदरकांड में हिमांशु केडिया, प्रीति केडिया अखंड ज्योत महेश पेड़िवाल के द्वारा प्रचलित की गई।यात्रा में भारत विकास परिषद के नारायण सिंह, ए.आर. इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अभिषेक पांडेय, सुषमा सुमन, प्रदीप सुमन, मंडल सचिव विक्की केसरी, अरविन्द चौधरी, सत्येंद्र सिन्हा, संजय बनर्जी, ज्योति पहाड़ी, राहुल सिंह, नितिन मिश्रा, लखन सिंह, पीयूष सिंह, सत्येंद्र सिन्हा विजय सिंह गौतम पांडेय,सहित दर्जनों मंडल के सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेरणा शाखा की सारिका अग्रवाल, श्रेया केडिया, मंडल के संरक्षक मधुसूदन दारूका, अनिल अग्रवाल के अलावा चन्द्रशेखर जोशी, भैरो प्रसाद, मनोज जोशी, गौतम पांडेय, आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री राम जानकी बैठे हैं कि प्रस्तुति ने बांधा समां

दो दिवसीय इस कार्यक्रम में धनबाद से आए भजन गायक दीपक अरोड़ा, अनिता अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत भजन हनुमान जी हमारे श्री राम जी के प्यारे हम पर दया करो...,श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...., कार्यक्रम में समा बांध दी। अनीता अरोड़ा द्वारा भजन प्रस्तुत भजन तेरे लिए मैं प्यारी प्यारी चुनरिया लाल लाई हूं....,पर श्रद्धालु भक्त गोते लगाते रहें।

संक्षिप्त

बाराती स्कार्पियो में लगी आग

लातेहार : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के माल्हन गांव के नवाटोली में बरातियों की स्कार्पियो में आग लग गई जिसमें वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि रविवार को हजारीबाग जिले के चितको गांव से सुनील गंझू की बारात माल्हन गांव के नावाटोली आयी थी। आधी रात लगभग साढ़े 12 अचानक उस वाहन में आग लग गयी। आग लगने की कारणों का पता नहीं चल पाया है। कुछ लोग दबी जुबान से पटाखा से गाड़ी में आग लगने की बात कह रहे हैं। आग लगने के बाद बाराती और सराती दोनों पक्षों में अफरा तफरी मच गया। सूचना मिलने पर मुखिया जतरु मुंडा ने घटनास्थल पहुंचकर सरातियों एवं बरातियों को समझा बुझा कर मामला को शांत करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

केंद्रीय विद्यालय में कक्षा एक में नामांकन के लिए ऑनलाइन लाटरी

लातेहार : पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में कक्षा एक में नामांकन के लिए सोमवार को ऑनलाइन लाटरी किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रदीप ठाकुरए शिक्षक अविश कुमार व विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आशीष टैगोर मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में कक्षा एक के 32 सीटो के लिए कुल 245 आवेदन आये थे। इनमें शिक्षा के अधिकार कानून के तहत आठ छात्रों का कक्षा एक में नामांकन के लिए चयनित किया गया है। केंद्रीय सर्विसेस के बच्चों के नामांकन के लिए कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होने बताया कि सामान्य जाति 44ए ओबीसी. सीएल के 15ए ओबीसी.एनसीएल के 113ए एससी के 32 व एसटी के छात्रों के नामांकन के लिए 41 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें लड़कों की संख्या 139 व लड़कियों की संख्या 106 है। उन्होने बताया कि चयनित छात्रों के अभिभावकों को मोबाइल पर सूचना दी जायेगी। इसके अलावा लिस्ट विद्यालय के सूचनापट्ट एवं आफिसियल वेबसाईट पर भी जारी की गयी है। मौके पर अभिभावक रौशन कुमारए विशाल कुमारए आयुष कुमार व सुनील प्रसाद व संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

हजारीबाग जिले में 2100 स्थानों में होगा हनुमान चालीसा पाठ

हजारीबाग : विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग जिला मंत्री अरविंद मेहता ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन दिवस पर ग्राम एवं नगर स्तर पर 2100 स्थानो में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हो ऐसा आग्रह है। हम सभी के लिए यह अति आनंद का विषय है कि इस वर्ष अयोध्या में प्रभु श्री रामलला अपने नव्य, दिव्य और भव्य मंदिर में विराजित हो चुके हैं। श्री राम काज में उनके भक्त हनुमान की भूमिका से हम सभी परिचित हैं। रामभक्त हनुमान बल बुद्धि और विवेक के साक्षात देवता हैं। वह रोग ,दुख और भय का हरण करने वाले हैं। श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले इन सभी से मुक्त हो जाते हैं। इस बार मंगलवार के दिन बजरंगबली का जन्मोत्सव का दिन होने से उनकी आराधना अति मंगलदायक है।

अनियंत्रित कार पेड़ में टकराई, एक की मौत

लातेहार : जिले के मनिका थाना क्षेत्र के एनएच.39 देवबार मोड़ के पास अनियंत्रित कार ;जेएच 01 बीएम.9480द्ध पेड़ से टकरा गई। जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि महिला समेत दो घायल हो गए। मृतक की पहचान सरयू प्रसाद केसरी ;विश्रामपुर गढ़वाद्ध के रूप में की गई। जबकि घायलों में राहुल कुमार केसरी ;कमड़ेएरांचीद्ध व कबूतरी देवी ;विश्रामपुरए गढ़वाद्ध शामिल है। जानकारी के अनुसार सभी एक शादी समारोह से शामिल होकर एक कार से बिश्रामपुर से रांची जा रहे थे।

बोकारो में ईवीएम-वीवीपैट का पहला रेंडमाइजेशन कल

स्थायी समिति की बैठक में डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताए आयोग के दिशा-निर्देश

संवाददाता

बोकारो : जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने स्टैंडिंग कमेटी (स्थायी समिति) की बैठक की। बैठक में कमेटी के सदस्यों समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए जारी दिशा-निर्देश से अवगत कराया। इस दौरान लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 06 गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों की डिस्पैच सेंटर (रवानगी केंद्र) एवं ईवीएम की रिसीविंग सेंटर (प्राप्ति

केंद्र)/काउंटिंग सेंटर (मतगणना केंद्र) चिन्हित भवन/परिसर की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सामग्री-ईवीएम को साथ लेकर मतदान कर्मियों की रवानगी को ले डिस्पैच सेंटर के लिए बीएस सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल को निर्धारित किया गया है। वहीं, मतदान के बाद ईवीएम के रिसिविंग सेंटर/काउंटिंग सेंटर के लिए आईटीआई मोड़,बाजार समिति को निर्धारित किया गया है। बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन में इस्तेमाल होने वाले ईवीएम-वीवीपैट का पहला रेंडमाइजेशन आगामी 24 अप्रैल अपराह्न 03 बजे से होगा। उक्त तिथि व समय को प्रथम रेंडमाइजेशन के समय तथा वज्रगृह को खोलने एवं बंदकर सील करने के समय उन सबों की उपस्थिति अनिवार्य है। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार,सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, ईवीएम कोषांग के नोडल मो. शफीक आलम, ईवीएम कोषांग के पीयूष, मीडिया कोषांग के अविनाश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों (झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, आजसू आदि) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त

अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, हत्या की आशंका

बोकारो : बोकारो पुलिस ने क्षत-विक्षत स्थिति में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव सेक्टर-5 पेट्रोल पंप के पीछे जंगल-झाड़ियों से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर 4 थाना के थाना प्रभारी आरएन राणा के अनुसार, शव देखने से प्रतीत होता है कि उसकी हत्या कुछ दिन पूर्व की गई होगी एवं शव को यहां छुपा दिया गया होगा।उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप के समीप गैरेज के पीछे जंगल में शव फेंके जाने की सूचना मिली थी, जिसका सत्यापन करने पर जंगल से शव मिला। पुलिस अब मामले की तहकीकात में जुट गई है।

घर से बिना बताए निकले बच्चे का कोई सुराग नहीं

बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल गोविंदपुर एफ पंचायत अंतर्गत

राजा बाजार निवासी मोतीलाल साव का 14 वर्षीय पुत्र तथा डीएवी कथारा कक्षा नवम का छात्र अमित कुमार सोमवार की सुबह पांच बजे अपने घर से निकलकर कहीं चला गया। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिलने पर परिजनों ने स्थानीय थाना को सूचित कर दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मोतीलाल साव का पुत्र रविवार को अपने घर में बनारस जाकर गुरुकुल में पढ़ाई करने की बात कर रहा था और उसने मोबाइल में ट्रेन को लेकर इंक्वायरी भी की थी। सोमवार को अहले सुबह पांच बजे वह गेरुआ रंग का एक गमछा पहनकर, एक शरीर पर लपेटकर और एक सिर में बांधकर घर से निकल गया। मोती के घर के समीप लगे एक सीसीटीवी कैमरे में उसके कपड़े पहनकर जाने की रिकॉर्डिंग के बाद परिजन हरकत में आये, परंतु खबर लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है।

नवपदस्थापित जज ने संभाला पदभार

बोकारो : बोकारो फैमिली कोर्ट के नवपदस्थापित जज प्रथम अरविंद कुमार ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। अरविंद कुमार 2002 बैच के न्यायिक पदाधिकारी हैं। प्रधान जिला जज में इनकी पदोन्नति 28 मार्च 2022 को हुई थी। वह बिहार के सासाराम के रहने वाले हैं। इससे पहले वह गढ़वा, धनबाद, हजारीबाग, रांची, लोहरदगा, साहिबगंज, राजमहल, चतरा, गिरिडीह, देवघर में न्यायिक पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके पिता अशोक बिहारी सिंह पेशे से वकील हैं।अधिवक्ता वंशिका सहाय, संजीत सिंह, दीपिका सिंह, हसनैन आलम, फटिक चंद्र सिंह, रंजन कुमार मिश्रा, निखिल डे, इंद्रनील चटर्जी, कमल कुमार सिन्हा, सुनील चांडक ने भी फैमिली कोर्ट के नए जज को शुभकामनाएं दी।

भू-माफियाओं पर नकेल कसने की मांग

गोमिया (बोकारो) : इन दिनों गोमिया और इसके आसपास के इलाकों में भू- माफियाओं के प्रलोभन में आकर यहां के रैयत अपनी पूर्वजों की कडी मेहनत से अर्जित की गई खेतिहर जमीन लगातार गवां रहे हैं। इस संबंध में गोमिया के समाजसेवी रोहित यादव ने बताया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही जमीन की खरीद फरोख्त मामले में बड़े भू- माफियाओं के साथ काफी संख्या में छोटे-छोटे जमीन के दलाल जुड़े हुए हैं। ये सभी क्षेत्र में घूम-घूमकर जमीन का डिटेल पता करते हैं। इसके बाद कुछ शरीफ जरूरतमंद, अशिक्षित और सीधे-सादे खतियानधारियों को विभिन्न प्रकार की षड्यंत्र के साथ दो तीन किश्त में प्रलोभन देकर उन्हें औने पौने दाम पर जमीन बेचने व लेने पर विवश करते हैं। यह सभी दलाल इस प्रकार की जमीन को बड़े भू माफियाओं के पास अपनी कमीशन की बात कर दूसरों के हिस्से की भी जमीन को लेने और बिकवाने का काम धड़ल्ले से कर रहे हैं।

वरमाला के बाद वधू ने विवाह से किया इंकार, दूल्हा समेत बैरंग लौटी बारात

बोकारो थर्मल की गोविंदपुर पंचायत का मामला

संवाददाता

बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल स्थित गोविंदपुर एफ पंचायत में वरमाला के बाद दुल्हन द्वारा विवाह से इंकार कर दिये जाने के बाद बिना दुल्हन लिए दूल्हे एवं बारात को बैरंग लौट जाना पड़ा। बारात पक्ष एवं दूल्हा सहित पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि एवं पंसस प्रतिनिधि द्वारा काफी मान मनौव्वल के बाद भी दुल्हन ने अपने इरादे नहीं बदले। इस संबंध में बताया जाता है कि अंबेडकर निवासी एक व्यक्ति की दो पुत्रियों का विवाह रविवार की रात्रि एक साथ होना था। विवाह के लिए एक का धनबाद बरवाअड्डा तथा दूसरी का टंडवा से बारात आया था। गाजे बाजे के साथ दोनों ही बारात के पक्ष के लोग एवं दूल्हा लड़की के घर पहुंचे। दोनों ही दुल्हन का वरमाला किया गया तथा सभी बारातियों ने खाना भी खाया। बाद में विवाह के लिए जब दोनों को बुलाया गया तो धनबाद से आये हुए दुल्हा के साथ दुल्हन ने विवाह करने से इंकार कर दिया।

लड़की के परिजनों सहित अन्य लोगों द्वारा समझाने बुझाने पर दुल्हन का कहना था कि दूल्हा सामान्य नहीं लग रहा था। टंडवा से आई दूल्हा के साथ दूसरी दुल्हन का विवाह संपन्न हुआ और सोमवार की सुबह दूल्हा एवं बारात दुल्हन लेकर विदा हो गये, जबकि धनबाद से आयी बारात पक्ष के लोग एवं दूल्हा सोमवार की सुबह तक दुल्हन का मान मनौव्वल में लगे रहे। बाद में मामले की जानकारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक रजक एवं पंसस प्रतिनिधि बिरसा रजक को दी गई। दोनों प्रतिनिधियों ने भी दुल्हन को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दुल्हन मानने को तैयार नहीं हुई। मामले को सलटाने को लेकर वर पक्ष के लोग स्थानीय थाना भी गये, परंतु वहां से भी उन्हें कोई मदद नहीं मिली। अंत में दुल्हा एवं बारात पक्ष के लोग बिना दुल्हन लिए बैरंग धनबाद लौट जाने को मजबूर हो गए।

तीसरे दिन ऐश पौंड से छाई ट्रांसपोर्टिंग हो सकी शुरू

बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के ऐश पौंड से रविवार से ही ठप ऐश ट्रांसपोर्टिंग का कार्य सोमवार को शाम छह बजे के बाद चालू कर दिया गया। इसके पूर्व सोमवार को भी सारा दिन छाई की ट्रांसपोर्टिंग ठप रही थी। पौंड से छाई की ट्रांसपोर्टिंग ठप रहने पर बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह ने बोकारो थर्मल थाना प्रभारी को ट्रांसपोर्टिंग चालू करवाने को लेकर निर्देश दिये। बेरमो सीओ के निर्देश पर थाना के अनि धनंजय कुमार सिंह जवानों के साथ ऐश पौंड ट्रांसपोर्टिंग आरंभ करवाने पहुंचे। पुलिस पदाधिकारी के पौंड पर पहुंचने की सूचना पाकर डीजीएम सिविल विश्व मोहन गोस्वामी, प्रबंधक सिविल राहुल उरांव भी पौंड पहुंचे, परंतु ट्रांसपोर्टिंग चालू नहीं की जा सकी थी। बाद में शाम छह बजे छाई ट्रांसपोर्टिंग आरंभ किया गया।

महावीर जयंती के उपलक्ष्य में लगा रक्तदान शिविर

जीवन की रक्षा करने वाले फरिश्ते के समान हैं रक्तदाता : चंदन

संवाददाता

बोकारो : भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर भारतीय रेडक्रॉस ब्लड बैंक सोसाइटी के सहयोग से सोमवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जैन मिलन परिसर में आयोजित इस शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि रक्तदान समाज एवं मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। कार्यक्रम के संयोजक चंदन बांठिया ने कहा कि जरूरतमंद को अपना रक्त देकर उसका जीवन बचाना ईश्वर की आराधना के समान है और जो रक्त देते हैं, वे जीवन की रक्षा करनेवाले फरिश्ते के समान हैं।

जैन मिलन के सचिव आलोक कुमार जैन ने कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत इस कार्यक्रम का

आयोजन किया गया है। आलोक ने कहा है कि जैन धर्म के अनुयायी मानव सेवा एवं कल्याणकारी कार्य आगे भी करते रहेंगे। आलोक ने बताया कि रक्तदान शिविर में महिलाओं की भागीदारी काफी संख्या में रही और उन्होंने बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर में योगदान दिया। रक्तदाताओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।

इस अवसर पर शिविर की चिकित्सीय निगरानी कर रहे रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. यू. मोहंती ने कहा कि इंसानियत के लिए रक्तदान बेहद आवश्यक है। डॉ मोहंती ने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में सब की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए समाज में जागरूकता लाना बेहद आवश्यक है। विनय बैद ने बताया कि जैन समाज के कार्यकर्ता वर्ष भर थैलेसीमिया के मरीजों को रक्त उपलब्ध कराते रहते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय बैद, अंकित जैन, सिद्धार्थ चोरड़िया, अंकित चोपड़ा,अमृत लोढ़ा,डॉ आकाश जैन, विकास जैन सहित रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम का

गांव के एक घर से मिली 300 लीटर अवैध विदेशी शराब, मामला दर्ज

संवाददाता

बोकारो : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अवैध शराब व्यापार के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त उत्पाद को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक उत्पाद सदर के पर्यवेक्षण में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम एवं प्रतिनियुक्ति गृहरक्षकों के द्वारा

सोमवार को चतरोचट्टी थाना अन्तर्गत चिंद्री गांव में जागो साव, छोटन साव,राजेंद्र साव के घर पर छापेमारी की गई। विधिवत तलाशी के क्रम में घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब, खाली बोतल, लेबल एवं ढ़क्कन बरामद हुआ। मौके से टीम ने विदेशी शराब 298 लीटर, खाली बोतल 1500 पीस, ढ़क्कन 1100 पीस एवं लेबल 500 पीस को जब्त किया है। इस बावत संबंधित अभियुक्तों जागो साव, छोटन साव, राजेंद्र साव के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी, प्रतिनियुक्त गृहरक्षक आदि शामिल थे। गौरतलब है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं रामनवमी पर्व को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

महारूद्र यज्ञ की पूर्णाहुति में शामिल हुए लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो

संवाददाता

तोपचांची (धनबाद) । झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता सह विधायक मथुरा प्रसाद महतो के पुत्र दिनेश कुमार महतो आज बाघमारा प्रखंड के खानुडीह

पंचायत अंतर्गत बंसवरिया में आयोजित महा रूद्र यज्ञ के पूणार्हुति पर शामिल हुए और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई।युवा नेता दिनेश कुमार महतो ने कहा कि इंडिया गठबंधन द्वारा गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। ज्ञात हो कि मथुरा प्रसाद महतो विकास पुरुष के नाम से प्रसिद्ध है। टुंडी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में शिक्षण संस्थान सहित पानी बिजली सड़क स्वास्थ्य जैसी समस्या का समाधान किया है। अगर वह गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होते हैं तो निश्चित तौर पर पूरे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का विकास इस तरह से किया जाएगा जिस तरह से टुंडी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य किए गए हैं। वहीं टुंडी के ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिबू सोरेन इंटर कॉलेज, अनाथ विद्यालय और भी कई स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया गया है। आज गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत माटीगढा, भीमकनाली, लूतीपहाड़ी, डुमरा, महुदा आदि गांव में दिनेश कुमार महतो और अन्य ने जनसंपर्क अभियान चलाया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा बाघमारा प्रखंड सचिव रंजीत महतो, राजकुमार महतो, नवल किशोर केवट, गोपाल महतो, अनिल मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

साहित्य अर्पण संस्था की आमंत्रण काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

बोकारो : साहित्य अर्पण अंतरराष्ट्रीय मंच की बोकारो इकाई की आमंत्रण काव्य गोष्ठी सोमवार को बोकारो शहर के सेक्टर 4 में आयोजित की गई। इसमें शहर के कई चर्चित साहित्यकारों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार तथा साहित्यिक पत्रिका अन्नता की प्रधान संपादक स्मिता ने की। इस अवसर पर साहित्यकार अमृता शर्मा, कल्पना केसर, अनीता किरण, पूर्णिमा सुमन, चांदनी कुमारी वर्मा, रजत नाथ एवं गंगेश पाठक ने अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं स्मिता ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष ने बताया कि इस संगठन का अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय दुबई में है और चर्चित साहित्यकार नेहा शर्मा इसकी संस्थापक अध्यक्ष हैं। झारखंड राज्य इकाई अध्यक्ष आरती श्रीवास्तव सचिव शीलू मेघा इस इस मंच को समृद्ध करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभा रही हैं। सोमवार को इस आमंत्रण काव्य गोष्ठी के साथ बोकारो इकाई का गठन भी किया गया। उन्होंने बताया कि यह संस्था अध्यक्ष स्मिता एवं रजत नाथ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

संपूर्ण ब्राह्मण समाज की बैठक में चुनाव को लेकर हुई चर्चा

बोकारो : संपूर्ण विश्व शांति सेवा परिषद के तत्वावधान में संपूर्ण ब्राह्मण समाज के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। इसमें केंद्रीय महामंत्री डॉ अशोक कुमार पांडेय ने कहा कि अभी देश में चुनाव का महापर्व होने वाला है, जिसमें उन्होंने संपूर्ण समाज के सभी वर्गों को चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष हरेराम पांडे ने आगामी धनबाद लोकसभा क्षेत्र के संपूर्ण ब्राह्मण समाज के साढ़े तीन लाख वोटरों को चुनाव में शत-प्रतिशत हिस्सा लेने की अपील की। उपस्थित सदस्यों में मुख्य रूप से अधिवक्ता अनु मिश्रा, अभिनंदन कुमार मिश्रा, विभा देवी, शिवजी तिवारी, उमेश चंद्र दुबे पूजा झा आशा देवी, नवल किशोर शर्मा , अनूप चौबे,शशि भूषण पांडे महिला अध्यक्ष बिंदु तिवारी, सुधा पांडे, बसंती, रानी व अन्य शामिल रहे।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर संकल्पतरु का आयोजन, बच्चों ने लगाए पौधे

बोकारो : डीपीएस चास की प्राथमिक इकाई के छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी दिवस को उत्सव के रूप में मनाया। एक पेड़ लगाओ, एक उपहार दो ।ह्ल की थीम पर आधारित ह्यसंकल्प तरु कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति बच्चों को जागरुक किया गया। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व विशेष ध्यान दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों व शिक्षकों ने पौधे लगाए। बच्चों ने पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन और पर्यावरण संरक्षण संबंधी विभिन्न गतिविधियों में भी भाग लिया। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने तथा प्रकृति के साथ मिलकर एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की दिशा में सक्रिय योगदान देने पर बल दिया। मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे एवं प्रधानाध्यापिका सुदेशना सिन्हा ने भी छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी।

बीजीएच में मना परिवार कल्याण दिवस

बोकारो : बोकारो जनरल हॉस्पिटल के स्त्री रोग और प्रसूति विभाग के परिसर में सोमवार को परिवार कल्याण दिवस का आयोजन डॉ वर्षा घाणेकर की देखरेख में किया गया। डॉ वर्षा ने कहा कि प्रत्येक माह के 21 तारीख को परिवार कल्याण दिवस का आयोजन किया जाए,गा जिससे कि अधिकाधिक लोग इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम में परिवार नियोजन प्रभारी (बीजीएच) डॉ जया अग्रवाल के द्वारा परिवार नियोजन के सभी संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन स्त्री रोग और प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अनिमा केरकेट्टा ने किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिए प्रत्येक परिवार में परिवार नियोजन आवश्यक है, क्योंकि सीमित परिवार में महिलाएं और बच्चों का लालन -पालन करना आसान होता है और पूरा परिवार खुशहाल रहता है।

विद्यार्थियों ने लिया प्लास्टिक मुक्त हरी-भरी धरा बनाने का संकल्प

डीपीएस बोकारो में जागरुकतापरक गतिविधियों के साथ अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया

- धरती मां की रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व व धर्म : प्राचार्य डॉ. गंगवार

संवाददाता

बोकारो : संपूर्ण जीव-जगत को अपनी गोद में शरण देने वाली धरती मां के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने तथा इसकी रक्षा के संकल्प के साथ सोमवार को डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने पूरे

उत्साह के साथ भाग लिया। प्राइमरी व सीनियर, दोनों ही इकाइयों में विद्यार्थियों ने इस वर्ष की विषयवस्तु (थीम) प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिक पर आधारित विभिन्न जागरुकतापरक गतिविधियों में भाग लिया और पृथ्वी की रक्षा का संदेश दिया। यह श्रृंखला प्राइमरी इकाई में धरती माता को समर्पित गीत-संगीत की प्रस्तुतियों से शुरू हुई। इस क्रम में कक्षा एक की छात्रा शान्वी श्रीनिधि ने धरा की महत्ता बताती अपनी प्रस्तुति से सभी को मोहित कर दिया। इसके पश्चात कक्षा चार एवं पांच के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक दिखाकर पृथ्वी की रक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अधिकाधिक पौधे लगाने तथा पानी एवं बिजली की बचत करने का संदेश दिया गया। अंत में बच्चों ने प्रकृति के संरक्षण की शपथ ली।

इसके पूर्व, विद्यार्थियों ने नारा-लेखन, काव्य-पाठ, पोस्टर व कलाकृति-निर्माण तथा आकर्षक चित्रांकन के माध्यम से पृथ्वी की रक्षा पर बल दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने इस दौरान बच्चों के साथ स्वयं भी पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पृथ्वी है, तो हम हैं। इसकी रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व और धर्म है। इस वर्ष की थीम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी का लक्ष्य प्लास्टिक पर निर्भरता को कम करना और पृथ्वी को प्लास्टिक-मुक्त बनाना होना चाहिए। इस दिशा में हमें लगातार ठोस कदम उठाने होंगे। इसके लिए उन्होंने बच्चों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। सीनियर इकाई में भी विद्यार्थियों ने पौधारोपण, पेंटिंग, शपथ-ग्रहण एवं अन्य गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन से तैयार की गई आकर्षक कलाकृति अपने प्राचार्य को भेंट की। प्राचार्य ने भी बच्चों को पौधे भेंट करते हुए पृथ्वी की रक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने 12वीं कक्षा के छात्र अर्जित अनुकूल द्वारा खास तौर से डिजाइन किए गए बैज पहने। विद्यालय के सभी कर्मियों ने दिनभर यह बैज लगाकर काम किया।

उल्लेखनीय है कि प्रकृति के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस (अर्थ डे) मनाया जाता है। 22 अप्रैल, 1970 में आधुनिक पर्यावरण आंदोलन के जन्म की सालगिरह का यह प्रतीक माना जाता है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बढ़ने का परिदृश्य

डा. जयंतीलाल भंडारी

खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढकर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण नियार्तों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढकर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन अनाज का प्रसंस्करण, चार मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के यह भी उल्लेखनीय हैं कि इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढ? से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढ? से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी। गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीददारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक

देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि, रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहां एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभान्वित हो रहे हैं। जहां कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुठ्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमरीका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुठ्ठियों में आए हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूंकि देश में मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, अतएव इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढ? के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है।

खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढकर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण नियार्तों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढकर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन अनाज का प्रसंस्करण, चार मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के यह भी उल्लेखनीय हैं कि इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुठ्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभान्वित हो रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि फरवरी 2024 में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के स्थायी समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की, उसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ा पाए।

ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियां बनाते हुए खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि और ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। ऐसे में नई खाद्यान्न भंडार योजना के माध्यम से देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभूतपूर्व खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था नए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुआयामी उपयोगिता देते हुए दिखाई देगी। हम उम्मीद करें कि लोकसभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे किसानों व ग्रामीण भारत के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी। इस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि में व्यापक विकास के आसार हैं।

संपादकीय

कम मतदान पर चिंता

सात चरणों में कराए जा रहे आम चुनाव-24 के प्रथम चरण में 2019 की तुलना में करीब चार फीसद कम मतदान होने से चुनाव आयोग, राजनीतिक दल गरज यह कि चुनाव प्रक्रिया से संबद्ध सभी पक्ष चिंता में पड़ गए हैं। गौरतलब है कि अठारहवीं लोक सभा के लिए प्रथम चरण का मतदान अपेक्षाकृत धीमी गति से शुरू हुआ लेकिन दिन चढ़ने के बाद भी धीमापन आखिर तक बरकरार रहा। मतदान के एक दिन बाद ही शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं से अपील की कि मतदान, चाहे किसी को भी वोट करें, में जरूर हिस्सा लें। कम मतदान के कारणों की पड़ताल शुरू हो चुकी है, और कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कई राज्यों में लू की स्थिति, शादियों के मुहूर्त और मतदाताओं में उत्साह की कमी के चलते मतदान फीसद में गिरावट आई है। चार फीसद कम मतदान का मतलब हुआ कि पिछली बार की तुलना में इस बार करीब 48 लाख मतदाता मत देने नहीं पहुंचे। मतदान का पहला चरण बाकी के चरणों का रुख तय करता है, जैसा कि पिछले दो संसदीय चुनावों के आंकड़ों से पता चलता है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि बाकी बचे छह चरणों में भी मतदाताओं में उदासीनता का रुख बना रह सकता है, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं है। यह सवाल परेशानी का सबब बन चुका है कि आखिर, शिक्षित मतदाता तक अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इस कदर गैर-जिम्मेदाराना रवैया क्यों अपना रहा है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि देश के नागरिक का अपने देश के प्रति, लोकतंत्र के प्रति दायित्व सर्वोपरि है। यदि नागरिक इस प्रकार से मतदान के प्रति बेरुखी दिखाएगा तो लोकतंत्र कैसे समृद्ध बना रह पाएगा। आने वाले छह चरणों में भी मतदाता का यही रुख न बना रहे इसके लिए समन्वित प्रयास करने जरूरी हैं। हालांकि चुनाव आयोग चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए खासे प्रयास अरसे से करता रहा है। इस क्रम दस से ज्यादा मशहूर हस्तियों को राजदूत के रूप में नियुक्त करने के साथ ही आईपीएल दर्शकों के बीच मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का काम किया गया। कहना यह कि चुनाव आयोग ने मतदाताओं को अपने अधिकार के उपयोग यानी मतदान के लिए प्रेरित करने में अपने तई कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन इसके बावजूद मतदान में गिरावट देखने को मिली है। मतदान को अनिवार्य किए जाने का विकल्प भी खुला है। हालांकि वह नौबत न ही आए तो अच्छा।

चिंतन-मनन

कर्म का फल हैं योनियां

जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अतः वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है।

यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है।

एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है। उस समय शरीर में ऐसी शक्ति नहीं होती कि वह उस नियम को बदल सके। उदाहरण के लिए ज्यों ही वह कुत्ते के शरीर में स्थापित किया जाता है, उसे कुत्ते की भांति आचरण करना होता है। यदि जीव को शूकर का शरीर प्राप्त होता है, तो वह मल खाने तथा शूकर की भांति रहने के लिए बाध्य है। इसी प्रकार यदि जीव को देवता का शरीर प्राप्त होता है, तो उसे अपने शरीर के अनुसार कार्य करना होता है। यही प्रकृति का नियम है। लेकिन समस्त परिस्थितियों में परमात्मा जीव के साथ विद्यमान रहता है।

लोकसभा चुनाव को धार्मिक ध्रुवीकरण की ओर ले जाने की कोशिश


सनत जैन

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। 102 सीटों पर हुए मतदान के बाद जो स्थिति सामने आई है। उसके बाद एक बार फिर लोकसभा चुनाव को धार्मिक ध्रुवीकरण की ओर ले जाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले मुस्लिम लीग के साथ जोड़ दिया। कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुसलमानों का कोई उल्लेख ही नहीं था। कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के जालौर में जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया, कांग्रेस यदि सत्ता में वापस आएगी, तो वह लोगों की संपत्ति को ज्यादा बच्चे वाले लोगों के बीच मुसलमानों में बांट देगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि वह माता और बहनों के सोने का सर्वे करेगी। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में यह भी सवाल किया, आपकी मेहनत की कमाई को क्या घुसपैठियों और नक्सली मानसिकता वाले लोगों के बीच में बांटना चाहिए। कांग्रेस महिलाओं के मंगलसूत्र को भी नहीं छोड़ेंगे। ऐसा कहकर उन्होंने महिलाओं के साथ-साथ हिंदुओं के बीच में धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करने की कोशिश की है। अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन चुका है मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी हो चुकी है। भाजपा को लगता था, मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हिंदुओं का सैलाब भाजपा के साथ जुडेगा। उत्तर से दक्षिण तक पश्चिम से पूर्व तक हिंदुत्व की लहर चलना शुरू हो जाएगी। चारों शंकराचार्य के अयोध्या नहीं पहुंचने तथा मंदिर के शिखर का काम पूरा नहीं होने के बाद भी मंदिर में की गई प्राण प्रतिष्ठा शंकराचार्य ने को अपशगुन बताया था। उसके बाद से ही हिंदुत्व की हवा और मंदिर का जो लाभ भाजपा को मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के जिस बयान को आधार बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुसलमानों से जोड़कर जो कहा है, ऐसा मनमोहन सिंह ने कभी नहीं कहा था। इसे कई बार मीडिया दिखा भी चुका है। योजना आयोग की बैठक में उन्होंने यह कहा था कि अल्पसंख्यक वर्गों की भी इसमें हिस्सेदारी होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया था। एससी, एसटी तथा अल्पसंख्यक समुदाय को भी आर्थिक लाभ मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की घोषणा पत्र की गलत व्याख्या की है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान को तोड़मोड़ करके प्रस्तुत कर धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा इस बात को भूल रहे हैं कि 2024 का चुनाव 2014 और 2019 के चुनाव से अलग है। उस समय लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा कर रहे थे। 2014 के चुनाव में उन्होंने 60 महीने का समय मांगा था। अच्छे दिनों का वायदा किया था। महंगाई कम करने का वादा किया था। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम घटाने की बात कही थी। 2 करोड लोगों को नौकरी देने की बात कही थी। काला धन देश में वापस लाकर 15 लाख रुपए गरीबों के खाते में भेजने की बात कही थी। तब कांग्रेस के प्रति लोगों में अविश्वास था। नरेंद्र मोदी के ऊपर जनता विश्वास कर रही थी। 2019 के चुनाव में प्रधानमंत्री ने एक बार का कार्यकाल और मांगा। नोटबंदी के बाद काला धन वापस लाने का भरोसा दिलाया। लोगों को काले धन से उन्हें आर्थिक मदद करने का भरोसा दिलाया। राम मंदिर बनाने का भरोसा पैदा किया। धारा 370 जैसे मामले में धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करके 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव भाजपा ने जीत लिया। पिछले 10 वर्षों में जो वायदे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए थे। उनमें से कोई भी वायदा पूरा नहीं हुआ। युवाओं को नौकरी नहीं मिली, केंद्र एवं राज्य सरकारों ने अपने रिक्त पदों को नहीं भरा। सरकार ने ऐसी कोई नीतियां नहीं बनाई, जिससे युवाओं को रोजगार मिले। 2022 तक सबको पक्के मकान देने का वादा किया गया था, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ। कुछ ही लोगों को पक्के मकान मिले हैं। उन्हें भी रिश्वत देनी पड़ी है रही सही कसर हाल ही में चुनावी बांड का जो डाटा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बाहर आया है उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईमानदार और भारतीय जनता पार्टी की भ्रष्टाचार मुक्त छवि को आम जनता के सामने उजागर कर दिया है। पिछले 10 वर्षों में देश में भ्रष्टाचार बढ़ा है, महंगाई बढी है। लोगों पर टैक्स और शुल्क बढ़ाए गए हैं। जिसके कारण गरीब हो या मध्यम वर्गीय परिवार सभी का जीना मुश्किल हो गया है। मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति कम हुई है। उसके ऊपर कर्ज बढ़ गया है। जिसके कारण भाजपा के चुनाव प्रचार, गोदी मीडिया के प्रचार का असर आम जनता पर नहीं पड़ रहा है। पहली बार नरेंद्र मोदी, भाजपा और गोदी मीडिया को विश्वसनीयता के संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। इंडिया गठबंधन सीधे मुकाबले में आकर खड़ी हो गई है। किसानों के आंदोलन और युवा बेरोजगारों के आंदोलन को जिस तरीके से डबल इंजन की सरकारों ने लाठी डंडे और अश्रु गैस से दबाया है। उसका असर इस चुनाव में देखने को मिल रहा है। इंडिया गठबंधन और कांग्रेस इस समय पूरी आक्रामकता के साथ गोदी मीडिया और सोशल मीडिया में जवाब दे रही है। गोदी मीडिया से अब भाजपा को फायदा कम नुकसान ज्यादा होने लगा है। इंडिया गठबंधन के प्रवक्ता जिस तरह से महंगाई, बेरोजगारी और झूठ और सच को लेकर गोदी मीडिया के सामने अपना पक्ष रखने लगे हैं। उसके कारण भी भाजपा को वह लाभ गोदी मीडिया से नहीं मिल पा रहा है, जो कुछ माह पहले तक मिल रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के स्टार प्रचारक जो भी प्रचार कर रहे हैं। उसका असर आम जनता में होता हुआ नहीं दिख रहा है। धार्मिक ध्रुवीकरण में हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा भी इस चुनाव में नहीं उठ रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में अब राजनीतिक विश्लेषक यह कहने लगे हैं। जिस तरह का चुनाव 1977 में आपातकाल के बाद हुआ था। लगभग वैसी स्थिति 2024 के चुनाव में देखने को मिल रही है।

संकटमोचन हनुमान के हृदय में बसते हैं राम


डॉ श्रीगोपाल नारसन



भगवान राम के परमभक्त हनुमान को संकटमोचन कहा जाता है। हनुमान की पूजा करने से हर प्रकार के संकट और बाधाओं से मुक्त हो जाते हैं,ऐसी मान्यता है। अपने भक्तों को हनुमान हर भय, पीड़ा से मुक्त रखते हैं। हनुमान की स्तुति यूं तो हरदिन की जाती है,लेकिन हनुमान जयंती पर इसका विशेष महत्व है। इसी दिन हनुमान का जन्म हुआ था। इस दिन हनुमानजी के नाम का व्रत करके बूंदी, हलवा, लड्डू जैसी मीठी चीजों का भोग लगाने से हनुमान की कृपा हमेशा अपने भक्तों पर बनी रहती है।चैत्र पूर्णिमा के तिथि 23 अप्रैल 2024 को सुबह 3:25 बजे से हनुमान जयंती शुरू होगी, और 24 अप्रैल 2024 को सुबह 5:18 बजे पर समाप्त होगी। इस कारण से हनुमान जयंती 23 अप्रैल को मनाई जा रही है। सुबह 3:25 बजे से लेकर 5:18 बजे के बीच हनुमान जी की पूजा कर सकते हैं। इस दिन चित्रा नक्षत्र भी पड़ रहा है, चित्रा नक्षत्र के स्वामी मंगल है। मंगलवार का दिन भगवान हनुमान को समर्पित होता है। हनुमान जयंती पर एक और संयोग बन रहा है कि इस दिन मंगल मीन राशि में गोचर कर रहे हैं। पौराणिक कहानियों के अनुसार हनुमान जी को अमरत्व का वरदान प्राप्त है। हनुमान बाबा पर आस्था और श्रद्धा रखने वाले भक्त मानते हैं कि हनुमान जी कलियुग में भी जीवित हैं और अपने भक्तों के सभी संकटों और कष्टों को दूर कर रहे हैं। जो लोग आकस्मिक संकट, रोग पीड़ा, मृत्यु भय जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, उन्हें हनुमान जी की पूजा जरूर करनी चाहिए। भगवान राम के भक्त हनुमान जी की रामभक्ति अनुकरणीय रही है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के दशवे अध्याय में कहा है कि रूद्रो में शंकर मैं ही हूं। अर्थात मैं ही हनुमान भी हूं जो सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते है।

कहते है, हनुमान ने सुरसा की बात मान ली थी और उसका भोजन बनना स्वीकार कर लिया था, सुरसा ने ज्यों ही मुंह खोला, पवन पुत्र ने अपना आकार विशाल कर लिया। यह देख सुरसा ने भी अपना आकार बड़ा कर लिया। जब हनुमान ने देखा कि सुरसा ने अपनी सीमा लांघ कर मुंह का आकार और भी बड़ा कर लिया तो वे तत्काल अपने विशाल रूप को समेटते हुये उसके मुंह के अंदर गये और बाहर वापस आ गये। हनुमान के बुद्धि कौशल से प्रसन्न होकर सुरसा ने उन्हें आर्शीर्वाद देते हुये कहा पुत्र, तुम अपने कार्य में सफल हो। हनुमान ने अपने शरीर को पहले विशालकाय और फिर एक छोटे रूप से महिमा तथा लधिमा सिद्धि के बल पर किया था। हनुमान रूद्र के ग्यारहवें अवतार माने जाते है। संकटमोचक हनुमान अष्ट सिद्धि और नव निधि के दाता भी है। हनुमान अणिमा, लधिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, महिमा, इशित्व और वशित्व इन सभी आठ प्रकार की सिद्धियों के स्वामी है।आध्यात्मिक चिंतक डॉ मुरलीधर की माने तो, राम जब लक्ष्मण के साथ सीता जी को वन-वन खोज रहे थे तब वहां ब्राह्मण वेश में हनुमानजी अपनी सरलता, वाणी और ज्ञान से रामजी को प्रभावित कर लेते है। वह वंशीकरण वशित्व सिद्धि है। माता सीता को खोजने के क्रम में जब पवन पुत्र सागर को पार करने के लिए विराट रूप धारण करते है तो उनका यह कार्य महिमा सिद्धि का रूप धारण कर लेता है। इसी प्रकार जब हनुमान सागर पार कर लंका में प्रवेश करने के लिए आगे बढ़े तो अति सूक्ष्म रूप धर कर अणिमा सिद्धि को साकार किया। माता सीता को खोजते खोजते जब बजरंग बली अशोक वाटिका में पहुंचे तो उनके लघु रूप बनने में लधिमा सिद्धि काम आयी। इसी प्रकार पवन सुत की गरिमा सिद्धि के दर्शन करने के लिए महाभारत काल में जाना होगा, जब हनुमान महाबली भीम के बल के अंधकार को तोड़ने के लिए बूढ़े बानर का रूप धारण उनके मार्ग में लेट गये थे और भीम उनकी पूंछ को हिला भी नही पायें। इसी प्रकार बाल हनुमान के मन में उगते हुये सूर्य को पाने की अभिलाषा जागी तो उन्होंने उसे पकड़ कर मुंह में रख लिया तो अभिलाषा सिद्धि के दर्शन हुये। प्राकाम्य सिद्धि को समझने के लिए पवन पुत्र की राम के प्रति भक्ति को समझना होगा। रामभक्त हनुमान ने राम की भक्ति के अलावा और कुछ नही चाहा और वह उन्हें मिल गयी। इसलिए कहा जाता है कि हनुमान की कृपा पाए बिना राम की कृपा नही मिलती। पवन पुत्र की राम के प्रति अनन्य भक्ति का ही परिणाम था कि उन्हें प्रभुत्व और अधिकार की प्राप्ति स्वतः ही हो गयी इसे ही ईशित्व सिद्धि कहते है। इसी प्रकार नव रत्नों को ही नौ निधि कहा जाता है। ये है-पद्य महापद्य, शंख, मकर, कच्छप, मुकुंद, कुंद, नील और खर्ब। सांसारिक जगत के लिए ये निधियां भले ही बहुत महत्व रखती हों, लेकिन भक्त हनुमान के लिए तो केवल राम नाम की मणि ही सबसे ज्यादा मूल्यवान है। रावध वध के पश्चात एक दिन श्रीराम सीताजी के साथ दरबार में बैठे थे। उन्होंने सभी को कुछ न कुछ उपहार दिय। श्रीराम ने हनुमान को भी उपहारस्वरूप मूल्यवान मोतियों की माला भेंट की। पवन पुत्र उस माला से मोती निकाल निकालकर दांतों से तोड़ तोड़कर देखने लगे। हनुमान के इस कार्य को देखकर भगवान राम ने हनुमान से पूछा, हे पवन पुत्र आप इन मोतियों में क्या ढूंढ रहे हो? पवन पुत्र ने कहा, प्रभु में आपको और माता को इन मोतियों में ढूंढ रहा हूं। लेकिन इसमें आप कही नही दिखाई दे रहे है और जिस वस्तु में आप नही, वह मेरे लिए व्यर्थ है। यह देख एक दरबारी ने उसने कहा पवन पुत्र क्या आपको लगता है कि आपके शरीर में भी भगवान है? अगर ऐसा है तो हमें दिखाइए। नही तो आपका यह शरीर भी व्यर्थ है। यह सुनकर हनुमान ने भरी सभा में अपना सीना चीरकर दिखा दिया। पूरी सभा यह देखकर हैरान थी कि भगवान राम माता जानकी के साथ हनुमान के हृदय में विराजमान है।तभी तो हनुमानजी को राम का परमभक्त होने का सम्मान मिला और वे चिरंजीवी कहलाये।

हनुमान जयंती कब है? पूजा का शुभ मुहूर्त, पूजन विधि, भोग और बजरंगबली को प्रसन्न करने के उपाय

हनुमान जयंती इस साल 23 अप्रैल 2024, मंगलवार के दिन है। हनुमान जयंती पर हनुमान जी की पूजा का विशेष महत्व है। हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिर में जाकर बजरंगबली को बूंदी के लड्डू का भोग लगाने से आपको सभी तरह के संकटों से मुक्ति मिलती है और हनुमान बाबा आपकी सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

रामभक्त हनुमान को संकटमोचन कहा जाता है। हनुमान जी की पूजा करने से आप हर प्रकार के संकट और बाधाओं से मुक्त हो जाते हैं। अपने भक्तों को हनुमान जी हर भय, पीड़ा से मुक्त रखते हैं। हनुमान जी की स्तुति का दिन हनुमान जयंती इस साल 23 अप्रैल 2024, मंगलवार के दिन है। हनुमान जयंती पर हनुमान जी की पूजा करने का विशेष महत्व है क्योंकि इस दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था। इस दिन व्रत करने के अलावा बूंदी, हलवा, लड्डू जैसी मीठी चीजों का भोग लगाने से हनुमान की कृपा हमेशा अपने भक्तों पर बनी रहती है।

हनुमान जयंती पर बजरंगबली की पूजा का शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार चैत्र पूर्णिमा के तिथि 23 अप्रैल 2024 को सुबह 3.25 बजे से शुरू होगी, और 24 अप्रैल 2024 को सुबह 5.18 बजे समाप्त होगी। इस कारण से हनुमान जयंती का दिन 23 अप्रैल को मनाया जाएगा। आप सुबह 3.25 से लेकर 5.18 के बीच हनुमान जी की पूजा कर सकते हैं। इस समयकाल में पूरे दिन शुभ मुहूर्त रहेगा। हनुमान जयंती का महत्व और खास संयोग इस साल हनुमान जयंती का महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया है क्योंकि हनुमान जयंती मंगलवार के दिन है। जब हनुमान जयंती मंगलवार या शनिवार के दिन पड़ती है, तो हनुमान जयंती और भी विशेष होती है। इसके अलावा इस दिन चित्रा नक्षत्र भी पड़ रहा है, चित्रा नक्षत्र के स्वामी मंगल है। मंगलवार का दिन भगवान हनुमान को समर्पित होता है। हनुमान जयंती पर एक और संयोग बन रहा है कि इस दिन मंगल मीन राशि में गोचर कर रहे हैं। पौराणिक कहानियों के अनुसार हनुमान जी को अमरत्व का वरदान प्राप्त है। हनुमान बाबा पर आस्था और श्रद्धा रखने वाले भक्त मानते हैं कि हनुमान जी कलियुग में भी हैं और अपने भक्तों के सभी संकटों और कष्टों को दूर कर रहे हैं। जो लोग आकस्मिक संकट, रोग पीड़ा, मृत्यु भय जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, उन्हें हनुमान जी की पूजा जरूर करनी चाहिए।

हनुमान जयंती पर हनुमान जी की पूजा विधि

हनुमान जयंती पर आप सुबह जल्दी उठकर हनुमान जी को प्रणाम करके उनका पांच बार नाम लेकर नमन करें। इसके बाद स्नान आदि करके पीले वस्त्र धारण करें और हनुमान जी के प्रतिमा के सामने बैठकर हाथ में जल लेकर ऊँ केशवाय नमः, ऊँ नाराणाय नमः, ऊँ माधवाय नमः, ऊँ हृषीकेशाय नमः मंत्र का उच्चारण करें। इसके बाद सूर्यदेव को भी नमन करें और उगते हुए सूरज को जल अर्पित करें। इसके बाद हनुमान चालीसा, सुंदर कांड का पाठ करें और बूंदी या लड्डू का भोग हनुमान जी को लगाएं। हनुमान जी का प्रसाद भक्तों में बांटना न भूलें। इससे आपको भगवान हनुमान की विशेष कृपा प्राप्त होगी।

हनुमान जी को प्रसन्न करने के उपाय

- हनुमान जी का दिल बहुत ही उदार हैं, इसलिए आपको हमेशा लोगों के लिए उदारता दिखानी चाहिए। आपको गरीब और जरुरतमंदों की मदद करनी चाहिए। खासतौर पर आपको हनुमान जयंती पर गरीबों में अन्न जरूर बांटना चाहिए। हनुमान जी श्रीराम के परभक्त माने जाते हैं, इसलिए आपको हनुमान जयंती पर भगवान राम की स्तुति भी करनी चाहिए, इससे हनुमान जी प्रसन्न होते हैं।
- हनुमान जयंती पर लड्डू और बूंदी के प्रसाद का विशेष महत्व
- हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए उन्हें बूंदी, लड्डू का प्रसाद जरूर चढ़ाएं। साथ ही हनुमान जयंती पर उन्हें केसरिया रंग का सिंदूर जरूर चढ़ाएं।
- इस दिन हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, बजरंग बाण का पाठ करने हनुमान जी की कृपा हमेशा अपने भक्तों पर बरसती रहती है।

भगवान शिव के ग्यारहवें रुद्रावतार हैं हनुमान

चैत्र पूर्णिमा पर भगवान शिव के ग्यारहवें अवतार हनुमान का जन्म हुआ था और यह दिन हनुमान जयंती के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार हनुमान जयंती वर्ष में दो बार मनाई जाती है, पहली चैत्र मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन और दूसरी कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्दशी को।

वाल्मीकि रामायण के अनुसान हनुमान का जन्म कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को हुआ जबकि पुराणों में पवनसुत का जन्म चैत्र पूर्णिमा बताया गया है। वैसे अधिकांश जगहों पर चैत्र पूर्णिमा को ही मारुतिनंदन हनुमान की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। स्कंदपुराण में वर्णन है कि शिव के ग्यारहवें रुद्र ही विष्णु के अवतार श्रीराम की सहायता हेतु हनुमान रूप में अवतरित हुए। भगवान शंकर ने श्री विष्णु से दास्य का वरदान प्राप्त किया था, जिसे पूर्ण करने हेतु वह अवतार लेना चाहते थे। शिव परंतु उनके समक्ष धर्मसंकट यह था कि जिस रावण के वध हेतु वह श्रीराम की सहायता करना चाहते थे वह उनका परम भक्त था। अपने परम भक्त के विरुद्ध राम की सहायता वह आखिर कैसे करते यह प्रश्न था। रावण ने अपने दस सिरों को अर्पित कर भगवान शंकर के दस रुद्रों को संतुष्ट कर रखा था। अतः हनुमान ग्यारहवें रुद्र के रूप में अवतरित हुए और राम के सहायक बने। कलियुग में भक्तों के कष्टों को हरने में हनुमान समान दूसरा कोई देव नहीं है। वे जल्दी कृपा करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास उनके बारे में लिखते हैं –

संकट कटे मिटे सब पीरा
जो सुमिरै हनुमत बल बीरा।

सभी देवताओं के पास अपनी-अपनी शक्तियां हैं। जैसे विष्णु के पास लक्ष्मी, महेश के पास पार्वती और ब्रह्मा के पास सरस्वती लेकिन हनुमान खुद की शक्ति से संचालित देव हैं। वे सर्वशक्तिशाली हैं लेकिन अपने आराध्य के प्रति पूर्ण समर्पित हैं। अपूर्व बलशाली होते हुए भी वे भक्ति की अनुपम मिसाल हैं।
उनकी भक्ति भावना से प्रसन्न होकर श्रीराम ने ही उन्हें वरदान दिया था कि मुझसे भी ज्यादा तुम्हारे मंदिर होंगे और लोग अपने संकटों के निवारण के लिए तुम्हारी उपासना करेंगे। हनुमान भक्तों की पुकार पर तुरंत ही उनके कष्ट हरते हैं। कलियुग में हनुमान सभी तरह के कष्टों को दूर करते हैं। वे भक्तों का हर तरह से मंगल करते हैं। वेद पुराणों में हनुमानजी को अजर-अमर कहा गया है। शास्त्रों में सप्त चिरंजीवों में हनुमान, राजा बली, महामुनि व्यास, अंगद, अश्वत्थामा, कृपाचार्य और विभीषण सम्मिलित हैं। चूंकि हनुमान सदेह इस धरा पर मौजूद हैं तो उनकी उपासना किसी भी तरह से की जाए निश्चित फलदायी होती है।

मनोकामना पूर्ण करेंगे पवनसुत

तंत्र शास्त्र के अनुसार मंगलवार के दिन हनुमान को प्रसन्ना करने के लिए कुछ उपाय सार्थक सिद्ध होते हैं। ऐसे ही कुछ उपाय–

- मंगलवार को संध्याकाल में किसी हनुमान मंदिर में जाएं और एक सरसों तेल का और शुद्ध घी का दीपक जलाएं। हनुमान चालीसा का पाठ करें।
- मंगलवार की सुबह पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीया जलाएं। उसके बाद पूर्व दिशा की ओर मुख करके राम नाम का जाप करें।
- यदि शनि दोष से पीढ़ित हैं तो हनुमान चालीसा का पाठ करने पर शनिदेव व्यक्ति का बुरा नहीं करते हैं।

हनुमानजी को बजरंगबली, पवनसुत, मारुतिनंदन, केसरीनंदन इस तरह के कई नामों से उनकी स्तुति की जाती है। श्री हनुमान जी की स्तुति जिसमें उनके बारह नामों का उल्लेख मिलता है। इन नामों के जप से भक्तों को सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। आनंद रामायण 8/3/8-11 में उल्लेखित यह स्तुति अगर आप मंगलवार या शनिवार को करते हैं तो आपको इसका फल और भी जल्दी मिलने की संभावना रहती है।

दोहा
उर प्रतीति दृढ़, सरन ह्वै, पाठ करै धरि ध्यान।
बाधा सब हर, करैं सब काम सफल हनुमान॥

स्तुति
हनुमान अंजनी सूत् र्वायु पुत्रो महाबलः।
रामेष्टः फाल्गुनसखा पिङ्गाक्षोऽमित विक्रमः॥
उदधिक्रमणश्चैव सीता शोकविनाशनः।
लक्ष्मणप्राणदाता च दशग्रीवस्य दर्पहा॥
एवं द्वादश नामानि कपीन्द्रस्य महात्मनः।
सायंकाले प्रबोधे च यात्राकाले च यः पठेत॥
तस्य सर्वभयं नास्ति रणे च विजयी भवेत।

हनुमानजी की यह स्तुति करती है हर समस्या का निदान

हनुमान जी के 12 अत्यंत शुभ और मांगलिक नाम

बजरंगबली के 12 नाम का स्मरण करने से ना सिर्फ उम्र में वृद्धि होती है बल्कि समस्त सांसारिक सुखों की प्राप्ति भी होती है। 12 नामों का निरंतर जप करने वाले व्यक्ति की श्री हनुमानजी महाराज दसों दिशाओं एवं आकाश-पाताल से रक्षा करते हैं। यह नाम व्यक्ति को मनचाही सफलता देते हैं। प्रस्तुत है बजरंग बली के 12 चमत्कारी नाम :

▸हनुमान ▸अंजनीसुत ▸वायुपुत्र
▸महाबल। ▸रामेष्ठ ▸फाल्गुण सखा
▸पिंगाक्ष। ▸अमित विक्रम ▸उदधिक्रमण।
▸सीता शोक विनाशन
▸लक्ष्मण प्राणदाता। ▸दशग्रीव दर्पहा।

12 नाम की अलौकिक महिमा

- प्रातः काल सो कर उठते ही जिस अवस्था में भी हो बारह नामों को 11 बार लेनेवाला व्यक्ति दीर्घायु होता है।
- नित्य नियम के समय नाम लेने से इष्ट की प्राप्ति होती है।
- दोपहर में नाम लेनेवाला व्यक्ति धनवान होता है। दोपहर संध्या के समय नाम लेनेवाला व्यक्ति पारिवारिक सुखों से तृप्त होता है।
- रात्रि को सोते समय नाम लेनेवाले व्यक्ति की शत्रु से जीत होती है।
- उपरोक्त समय के अतिरिक्त इन बारह नामों का निरंतर जप करने वाले व्यक्ति की श्री हनुमानजी महाराज दसों दिशाओं एवं आकाश पाताल से रक्षा करते हैं।
- लाल स्याही से मंगलवार को भोजपत्र पर ये बारह नाम लिखकर मंगलवार के दिन ही ताबीज बांधने से कभी सिरदर्द नहीं होता। गले या बाजू में तांबे का ताबीज ज्यादा उत्तम है। भोजपत्र पर लिखने के काम आनेवाला पेन नया होना चाहिए।

राम नवमी के छह दिन बाद क्यों मनाई जाती है हनुमान जयंती

हनुमान जयंती हर साल राम नवमी के छह दिन बाद चैत्र पूर्णिमा को मनाई जाती है. तो क्या रामजी के जन्म के छह दिन बाद हनुमान जी का जन्म हुआ था. पंचांग के अनुसार हर साल चैत्र महीने की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती मनाई जाती है. इस साल हनुमान जयंती मंगलवार, 23 अप्रैल 2024 को पड़ रही है. मंगवार का दिन हनुमान जी की पूजा के लिए समर्पित है. ऐसे में इसी दिन हनुमान जयंती का होना बहुत शुभ माना जा रहा है. हनुमान जयंती का दिन हनुमान भक्तों के साथ ही राम भक्तों के लिए भी खास दिन होता है. क्योंकि हनुमानजी तो स्वंय रामजी के परम और प्रिय भक्त थे. इस शुभ दिन पर भक्तगण पूजा-पाठ करते हैं और धूमधाम से बजरंगबली का जन्मोत्सव मनाया जाता है. लेकिन राम नवमी के ठीक छह दिन बाद ही हनुमान जयंती क्यों मनाई जाती है. इसका क्या कारण है आइये जानते हैं इसके बारे में–

रामनवमी के छह दिन बाद हनुमान जयंती

हर साल चैत्र शुक्ल की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है. इस साल देश में राम नवमी 17 अप्रैल 2024 को मनाई गई. वहीं इसके छह दिन बाद यानी चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है, जोकि 23 अप्रैल 2024 को पड़ रही है. तुलसीदास ने हनुमान चालीसा में लिखा है, 'भीम रूप धरि असुर संहारे, रामचंद्रजी के काज संवारे.' यानी रामजी सबके बिगड़े कार्य बनाते हैं, लेकिन हनुमान जी उनके काम बनाते हैं. इसलिए कहा जाता है कि, हनुमान जी का जन्म प्रभु राम की सहायता और बिगड़े काम बनाने के लिए हुआ.
भगवान राम का जन्म श्रीहरि विष्णु के 7वें अवतार के रूप में धरती पर त्रेतायुग में हुआ. वहीं हनुमान जी को भगवान शिव का 11वां रूद्रावतार कहा जाता है. विष्णु जी के 7वें अवतार यानी भगवान राम का जन्म धरतीलोक पर असुरों के संहार के लिए मानव रूप में हुआ. लेकिन इससे शिवजी चिंतित हो गए और रामजी की सहायता के लिए उन्होंने स्वयं हनुमानजी के रूप में जन्म लेकर रामजी की सहायता की.

श्री हनुमान पूजन के 10 नियम 10 सावधानियां और सबसे सही तरीका

चैत्र माह की शुक्ल पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। हनुमान जन्म उत्सव पर हनुमानजी की पूजा कर रहे हैं जो जान लें 10 नियम और 10 सावधाधियां।

- हनुमान पूजा में शुद्धता और पवित्रता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पूजा स्थल की साफ सफाई अच्छे से कर लें।
- हनुमान पूजा को विशेष मुहूर्त में ही करें या सुबह और शाम को ही करें।
- हनुमान पूजा में उपयोग किए गए फूल लाल रंग के रखें।
- पूजा के के लिए दीपक में जो बाती लगाई जा रही है वह भी लाल सूत (धागे) की होनी चाहिए।
- हनुमानजी को गुड़ और चने का प्रसाद जरूर अर्पित करें। इसके आलावा चाहें तो केसरिया बूंदी के लड्डू, बेसन के लड्डू, चूरमा, मालपुआ या मलाई मिश्री का भोग लगाएं।
- हनुमान पूजा में आरती के बाद हनुमान चालीसा के अलावा यदि आप बजरंगबाण या सुंदरकाण्ड का पाठ कर रहे हैं तो नियम जान लें।
- हनुमानजी की पूजा के साथ ही माता अंजनी, जानकरी, श्रीराम और लक्ष्मण की पूजा करना भी जरूरी रहता है।
- हनुमान पूजा के दौरान जो दीपक जला रहे हों उसमें चमेली का तेल या शुद्ध घी होना चाहिए।
- सिर्फ एक वस्त्र पहनकर ही उनकी पूजा करें।
- हनुमान मूर्ति या चित्र को लकड़ी के पाठ पर लाल कपड़ा बिछाकर स्थापित करें और खुद कुश के आसन पर बैठकर ही पूजा करें।

हनुमान पूजा की 10 सावधानियां

- जिस दिन पूजा करना हो उसके एक दिन पूर्व से ही मांस, मदिरा आदि का सेवन करना छोड़ दें।
- जिस दिन पूजा करना हो उसके एक दिन पूर्व से ही ब्रह्मचर्य का पालन करना प्रारंभ करें और मन में किसी भी प्रकार का कामुक विचार न रखें।
- हनुमान पूजा के बीच में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्सपन्न न हो इसका ध्यान रखें।
- यदि घर में सूतककाल चल रहा है तो पूजा न करें।
- हनुमान पूजा में तुलसी, चरणामृत या पंचामृत का उपयोग नहीं करें।
- महिलाएं हनुमानजी को वस्त्र, जनेऊ या चोला अर्पित न करें।
- महिलाओं को महावारी के दौरान पूजा से दूर रहना चाहिए।
- हनुमानजी की किसी भी प्रकार से तांत्रिक पूजा नहीं की जानी चाहिए।
- हनुमानजी का व्रत रख रहे हैं तो नमक, मिर्च और अनाज के सेवन से बचें।
- हनुमानजी को अर्पित किए गए भोग या प्रसाद शुद्ध घी में बने हुए होना चाहिए।

अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हैं लोग हमने परिवार को नहीं बढ़ाया : नीतीश कुमार

एजेंसियां, भागलपुर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को भागलपुर के गोराडीह प्रखंड स्थित मुक्तापुर उच्च विद्यालय के प्रांगण में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए लालू परिवार का नाम लिए बिना कहा कि हमारी मूर्खता से वह आ गया था। उसमें हमारा भी सहयोग था। फिर वह गड़बड़ करने लगा। हमें भी लगा कि गड़बड़ करता है। लालू यादव को जब सात साल के बाद पद छोड़ना पड़ा तो अपने पत्नी को भी मुख्यमंत्री बना दिया।

सीएम नीतीश ने कहा कि पति-पत्नी दोनों बन गए। उसके बाद बेटा, बेटी, बाल बच्चा यही सबके फेरा में लगा रहता है। जदयू ऐसी पार्टी है इसके लोग इधर-उधर नहीं करते हैं। अपने परिवार के लिए कुछ नहीं करते हैं। मैं इतने दिनों से पार्टी में हूं। अपने परिवार को कभी आगे नहीं बढ़ाया। अपने परिवार के लिए नहीं कुछ किया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की तरक्की की बात करते हुए कहा कि जब हम केंद्र में मंत्री थे। तो महिलाओं की उत्थान के लिए कमेटी बनाया गया था। उसे राष्ट्रीय नियम में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण की बात हुई थी। हम उसमें सदस्य थे। नीतीश कुमार ने कहा कि जब पहली बार 2005 में हमारी सरकार बनी तो मुखिया के चुनाव में हमने महिलाओं को आरक्षण दिया। फिर नगर निकाय में भी आरक्षण दिया। अब नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत तक आरक्षण है। हमने बेटियों के लिए साइकिल योजना, पोशाक योजना चलाई। बेटियां अब स्कूल जाने लगी है। स्कूल बनवा दिए हर तरफ महिलाएं आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी आंदोलन में हम जेल गए थे। हमारे समय में इंजीनियरिंग में नौकरी नहीं मिलती थी। इसलिए हमने इंजीनियरिंग के छात्रों को साथ लेकर आंदोलन किया और हम जेल गए थे। तब हम भागलपुर जेल में बंद थे। जब मुख्यमंत्री बन गए तो भागलपुर आते जाते रहे। जन्मभूमि से और भागलपुर से हमारा गहरा रिश्ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 से पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। क्या हालत थी आप लोग जानते हैं। बिहार की अब हर तरफ तरक्की है। पहले हिंदू मुस्लिम का कितना झगड़ा होता था। अब किसी प्रकार का झगड़ा नहीं होता है। हमने 8 हजार कब्रिस्तान की घेराबंदी करवा दी है और एक हजार कब्रिस्तान को चिन्हित किया गया है। उसकी भी घेराबंदी जल्दी ही कर दी जाएगी। पहले स्वयं सहायता समूह नहीं था। हमने स्वयं सहायता समूह बनाकर जीविका बनाई। अब बिहार में 10 लाख से ऊपर जीविका कार्य कर रही हैं। यह जीविका देश भर में आजीविका कहलाएगी। मुख्यमंत्री ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भागलपुर से जदयू राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार अजय मंडल को भारी मत देकर जिताने के लिए लोगों से वोट मांगे। इस मौके पर राजीव कांत मिश्रा, राज्यसभा सांसद संजय झा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मंत्री विजय चौधरी, कहकशां परवीन, शाह फकरे आलम हसन ने सभा को संबोधित किया। जनसभा में अधिकांश महिलाओं के साथ लगभग 3000 से अधिक पुरुष नौजवान पहुंचे थे।

हमारे परिवार को लेकर नीतीश से कहलवाया जा रहा : तेजस्वी यादव

पटना। लोकसभा चुनाव के दौरान नेताओं के आरोप प्रत्यारोप से चुनावी तापमान बढ़ने लगा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर परिवारवाद को बढ़ाने का आरोप लगाया। एक चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद राजनीति में अपने चार बेटे-बेटियों को आगे बढ़ा रहे हैं। उनके अधिक बच्चा पैदा करने संबंधी आरोप पर राजद नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पलटवार कर कहा है कि देश के बड़े नेताओं के भी कई बेटे-बेटियां हैं और कई नेताओं के कई भाई-बहन रहे हैं। तेजस्वी यादव ने एक खास अंदाज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरा। तेजस्वी यादव ने कहा है कि वे शुरू से ही कह रहे हैं कि नीतीश कुमार बच्चों आदि पर ऐसा बयान नहीं दे सकते हैं। कुछ लोगों ने उन्हें घेर रखा है। उनसे ऐसा बुलवाया जा रहा है। तेजस्वी ने कहा कि जो लोग उनसे ऐसा बुलवा रहे हैं। उनकी जानकारी के लिए बता दें कि महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस और संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर 14 भाई-बहन थे। भारत रत्न वीवी गिरी के 14 बच्चे थे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सात भाई-बहन थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं पांच भाई-बहन हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह भाई-बहन हैं। प्रधानमंत्री मोदी के पिता दामोदर दास सात भाई-बहन थे। प्रधानमंत्री मोदी के चाचा नरसिंह दास के आठ बच्चे हैं। गृहमंत्री अमित शाह सात भाई-बहन हैं। पटना साहिब के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद सात भाई-बहन हैं। तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव 10 भाई -बहन हैं। रवींद्र नाथ टैगोर सात भाई-बहन थे। पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के छह बच्चे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के आठ बच्चे हैं।

मुजफ्फरपुर जंक्शन पर खड़ी श्रमिक एक्सप्रेस में हुआ ब्लास्ट आरपीएफ जवान की मौत

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार की सुबह वलसाड से पहुंची श्रमिक एक्सप्रेस की बोगी में आग लगने के दौरान ब्लास्ट होने से आरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई।रेलवे पुलिस के मुताबिक प्लेटफार्म संख्या पांच पर यात्रियों के उतरने के कुछ देर बाद एसी बोगी में आग लग गई और बोगी से धुआं निकालने लगा। आग बुझाने के लिए आरपीएफ का एक जवान बोगी में चढ़ गया और आग बुझाने लगा। आग बुझाने के दौरान अग्निशमन यंत्र ब्लास्ट कर गया, जिससे जवान को गंभीर चोटें आईं और उसका चेहरा झुलस गया। स्थानीय रेलवे पुलिस ने आनन-फानन में गंभीर रूप से जख्मी जवान को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के आईजी जंक्शन पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। एफएसएल टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। इस बाबत रेल आईजी अमरेश कुमार ने बताया कि आग बुझाने के दौरान आरपीएफ जवान की मौत हो गई है। जांच-पड़ताल की जा रही है।

संक्षिप्त

लड़की के घर वालों ने लड़के के पिता व चाचा को पीटा

बगहा। प्रेम प्रसंग मामले में लड़की पक्ष के लोगों ने लड़का पक्ष के घर पहुंच लड़का के पिता व चाचा को रस्सी से बांध कर जमकर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं लड़के के वृद्ध मां को भी पीट कर कर बुरी तरह घायल कर दिया है। जिसकी सूचना मिलते ही भैरोगंज थाना के थानाध्यक्ष भारत कुमार पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पहुंचकर लड़के पक्ष के दोनों लोगों को मुक्त कराया। जहां उसी गांव के मनिंदर यादव के पुत्र शत्रुघ्न यादव गांव की एक युवती का विगत दो माह पूर्व से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी क्रम में दोनों घर से फरार हो गये थे।

12 लाख की विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

कोटवा (पूचं)। भोपतपुर ओपी के बैरिया गांव से सोमवार को पुलिस ने छापेमारी कर एक तस्कर के घर से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया। साथ ही पुलिस ने तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर सीताराम राय उर्फ दहाउर राय है। उसपर पहले से भी उत्पाद अधिनियम का एक मामला भोपतपुर ओपी में दर्ज है। थानाध्यक्ष आरजू सुमैया ने बताया कि जब्त शराब की कीमत लगभग 12 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह गुप्त सूचना मिली कि बैरिया गांव में सीताराम राय उर्फ दहाउर राय के घर भारी मात्रा में विदेशी शराब का कार्टन रखा है। सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर विदेशी शराब की खेप के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

ऑर्केस्ट्रा अनाउंसर की हत्या कर बोरे में फेंका शव

सीवान। आंदर थाना क्षेत्र के गायघाट गांव स्थित जितरा बाबा स्थान के समीप से रविवार की देर शाम आंदर थाना की पुलिस ने बोरे में रखा हुआ एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक के पास से बरामद आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान राकेश कुमार उर्फ माल्टा के रूप में हुई है जो रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी रामबाबू प्रसाद का पुत्र था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। घटना के सबंध में बताया जाता है कि रविवार की देर संध्या ग्रामीणों ने एक बोरे में रखा हुआ शव को देख आंदर थाना की पुलिस को सूचना दी। इसके बाद थानाध्यक्ष पप्पन कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लिया। आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान हुई।

कार-स्कूटी की टक्कर में महिला की मौत

फुलपरास (मधुबनी)। थाना चौक से पूरब एनएच 27 पर सोमवार को कार व स्कूटी के आमने-सामने की टक्कर में स्कूटी सवार पति-पत्नी जख्मी हो गये। गंभीर स्थिति में दोनों को दरभंगा रेफर कर दिया गया है, जहां दरभंगा में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी महिला की मौत हो गई। स्कूटी सवार राजू साह अपनी नवनियुक्त शिक्षिका पत्नी चंचल कुमारी को लेकर फुलपरास से अपने घर नरहिया नवटोली गांव की ओर विपरीत लेन से जा रहे थे।

पहाड़पुर में 25 हजार का इनामी रविदास गिरफ्तार

मोतिहारी । पहाड़पुर के भूतहां बाजार से 25 हजार का इनामी बदमाश रविदास उर्फ दास राम पकड़ा गया। जिले के टॉप-टेन अपराधियों की सूची में उनका नाम था। उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी, लेकिन वह हर बार चकमा देकर भागने में सफल रहता था। पुलिस को रविवार रात सूचना मिली कि शातिर रविदास भूतहां बाजार के पास देखा गया है, जिसके बाद अरेराज डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार रविदास पश्चिमी चंपारण के बगहा का रहने वाला है। उसके विरुद्ध बगहा के भैरोगंज थाने में लूट का एक मामला दर्ज है, जिसमें वह पिछले दो साल से फरार चल रहा था। बगहा पुलिस ने उस पर इनाम घोषित करने की अनुशंसा की थी। जिसके बाद वरीय अधिकारियों ने उसपर 25 हजार का इनाम घोषित किया। उन्होंने बताया कि एसटीएफ को भी उसकी तलाश थी। रविवार शाम सूचना मिली कि वह पहाड़पुर के भूतहां बाजार के पास एक रिश्तेदार के घर रहता है, जिसके बाद घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया।

राजद नेता ने सीओ को दी धमकी, प्राथमिकी

दाउदनगर (औरंगाबाद)। सीओ शैलेंद्र कुमार यादव ने छात्र राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष सुमित कुमार यादव पर सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत कई अन्य आरोप लगाते हुए दाउदनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। घटना शनिवार की बतायी जाती है। सीओ ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे वे अपने कार्यालय में दैनिक कार्यों व निर्वाचन से संबंधित कार्यों का निर्वहन कर रहे थे। इसी दौरान सुमित कुमार यादव जबरदस्ती उनके कक्ष में घुस गये। उनके द्वारा जमाबंदी से संबंधित कुछ कागज प्रस्तुत किया गया और बोला कि इसमें खेसरा नहीं है, इसे चढ़ा दें। उन्होंने कहा कि खेसरा नियमतः भूमि सुधार उप समाहर्ता दाउदनगर को चढ़ाने का अधिकार है।

हाइवा ट्रक में लगी आग, अफरा-तफरी

समस्तीपुर। बंगरा थाना क्षेत्र के राजधानी रोड सिरसिया में सड़क निर्माण के लिए गिट्टी मिला अलकतरा से भरी हाइवा ट्रक में अचानक आग लग गयी। चालक और खलासी कूद कर जान बचाने सफल हुए। स्थानीय ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि द्वारा जिला अग्निशमन एवं अंचल अधिकारी को सूचना देते हुए आग बुझाने में जुट गये। सूचना मिलते ही ताजपुर अग्निशमन की बड़ी गाड़ी से आग पर काबू पाया गया।

विशेश्वर ओझा हत्याकांड: दो दोषियों को उम्रकैद और पांच को दस साल की सजा

पटना। बिहार के चर्चित विशेश्वर ओझा हत्याकांड में आरा कोर्ट ने दो दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एडीजे-8 की कोर्ट ने हरेश मिश्रा और ब्रजेश मिश्रा को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 85-85 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इनके अलावा अन्य पांच दोषियों को 10 साल एवं 35-35 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। नौ अप्रैल, 2024 को कोर्ट ने इस चर्चित हत्याकांड में नामजद अभियुक्त ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा समेत सात आरोपितों उमाकांत मिश्रा, टुन्नी मिश्रा, बसंत मिश्रा, हरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह को दोषी करार दिया था जबकि साक्ष्य के अभाव में छह आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया था। ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा सगे भाई हैं। कोर्ट ने उन्हें इस हत्याकांड को अंजाम देने वाला करार दिया था। दोनों ने साथियों के साथ मिलकर भाजपा के तत्कालीन प्रदेश उपाध्यक्ष विशेश्वर ओझा को गोलियों से भून दिया था। कोर्ट ने हरेश मिश्रा और उसके भाई ब्रजेश मिश्रा को हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के मामले का दोषी पाया। उमाकांत, टुनी, बसंत, पप्पू औ हरेन्द्र सिंह को 307 आईपीसी एवं 27 आर्म्स एक्ट में दोषी पाया गया। कोर्ट ने इस कांड में आरोपित बनाये गये कुंदन, संतोष, विनोद, भृगु, मदन, बबलू को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया था।

ये है पूरा मामला : विशेश्वर ओझा 12 फरवरी, 2016 की शाम सफारी गाड़ी से ड्राइवर राकेश कुमार ओझा और चार अन्य समर्थकों के साथ बभनौली निवासी चंदेश्वर उपाध्याय के भतीजे की बारात में शामिल होने परसोंडा टोला स्थित मृत्युंजय मिश्रा के घर आये थे। वहां से एक दूसरी गाड़ी उनके काफिले में शामिल हो गई। विशेश्वर ओझा के घर लौटने के दौरान सोनबरसा मैदान में मिश्रा बंधुओं ने सहयोगियों के साथ उनकी गाड़ी को रोक लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में विशेश्वर ओझा एवं उनके ड्राइवर राकेश कुमार ओझा को गोली लगी थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने विशेश्वर ओझा को मृत घोषित कर दिया था। उनकी हत्या के बाद बिहार की राजनीति में उबाल आ गया था। इस हत्याकांड को लेकर राजनाथ ओझा के बयान पर शाहपुर थाना में मामला दर्ज करते हुए कुल सात लोगों पर नामजद किया गया था, जिस पर आठ साल बाद फैसला आया।

पेज एक का शेष

वेंकैया समेत पांच...

ये पुरस्कार विभिन्न विषयों या गतिविधियों के क्षेत्रों में दिए जाते हैं, जिनमें कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, सिविल सेवा समेत अन्य क्षेत्र शामिल हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है। वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रपति ने 132 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की मंजूरी दी थी, जिसमें दो युगल मामले (युगल मामले में पुरस्कार की गिनती एक के रूप में होती है) शामिल हैं। इस सूची में पांच पद्म विभूषण, 17 पद्म भूषण और 110 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं में से 30 महिलाएं हैं। इस सूची में विदेशी/अनिवासी भारतीय/भारतीय मूल के व्यक्ति/ओसीआई श्रेणी के आठ लोग और नौ मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं। करीब आधे पुरस्कार विजेताओं को सोमवार को पुरस्कार प्रदान किए गए, शेष को अगले सप्ताह पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की संभावना है।

झारखंड की दो...

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने तीरंदाजी (खेल) के क्षेत्र में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए झारखंड, जमशेदपुर की पूर्णिमा महतो को 'पद्म श्री' से सम्मानित किया। तीरंदाजी में शानदार करियर के बाद जमशेदपुर की पूर्णिमा महतो ने अगली पीढ़ी के तीरंदाजों को तैयार करने के लिए प्रतिष्ठित कोच के रूप में शुरुआत की। 2000 के बाद उन्होंने दो दशक से अधिक समय शीर्ष तीरंदाजी प्रतिभाओं को संवारने में लगाया। डोला बनर्जी, दीपिका कुमारी, कोमालिका बारी, प्रणिता और भजन कौर जैसे प्रतिष्ठित तीरंदाजों को इन्होंने प्रशिक्षित किया है।

25,753 शिक्षकों...

उच्च न्यायालय ने चयन प्रक्रिया के जरिये की गई सभी नियुक्तियों को संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) और अनुच्छेद 16 (किसी भी सरकारी पद पर नौकरी में भेदभाव रोकने) का हनन करने वाला करार दिया। अदालत ने इन नियुक्तियों को अमान्य एवं अवैध करार दिया और रद्द कर दिया। पीठ ने 282 पन्नों के अपने फैसले में सीबीआई को उसके द्वारा दर्ज किये गए सभी चार मामलों में आगे की जांच करने और खाली ओएमआर शीट (उत्तर पुस्तिका) जमा करने के बाद नियुक्ति पाने वाले सभी व्यक्तियों से पूछताछ करने का निर्देश दिया।

अदालत ने कहा कि यदि जरूरत पड़े तो सीबीआई उनमें से प्रत्येक को हिरासत में लेकर पूछताछ करे। पीठ ने कहा कि अस्थायी अवधि के लिए पद सृजित करने के सिलसिले में सीबीआई जांच जरूरी है ताकि घोटाले की प्रकृति और दायरा तथा इसमें शामिल लोगों को उजागर किया जा सके। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह स्तब्ध करने वाली बात है कि राज्य सरकार के मंत्रिमंडल स्तर पर, इस चयन प्रक्रिया में फर्जी तरीके से प्राप्त की गई नौकरियों को सुरक्षित रखने का निर्णय लिया गया, जबकि इस बात की भलीभांति जानकारी थी कि ये नियुक्तियां पैनल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद की गई थीं।

सुप्रीम कोर्ट जाएगा एसएससी : अदालत के फैसले पर एसएससी के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने कहा कि वह 2016 में शिक्षक भर्ती परीक्षा के जरिए हुई सभी नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि पांच हजार अवैध नियुक्तियों के लिए 26000 नियुक्तियां रद्द करना सही नहीं है।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार इस मामले की जांच पूरी की और एक रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंपी थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कथित घोटाले के वक्त एसएससी में विभिन्न पदों पर रहे कुछ पदाधिकारियों को भी गिरफ्तार किया है।

ममता बनर्जी ने...

वहीं, भाजपा ने कहा कि यह ममता बनर्जी सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करता है। बंगाल के लिए भाजपा के सह प्रभारी अमित मालवीय एक्स पर एक पोस्ट में यह आरोप लगाया कि यह सरकार प्रायोजित सबसे बड़ा भर्ती घोटाला था जिसमें लाखों युवाओं का जीवन बर्बाद हो गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गांगुली ने अदालत के फैसले को उचित करार देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से तत्काल इस्तीफे की मांग की।

बोकारो में बीएसएल...

इस दौरान टीम ने पांच ट्रैक्टरों की चाभी जब्त कर ली। यह देख वहां बड़ी संख्या में लोग जुट गये, जो बाद में हमलावर हो गये।

सुरक्षा गार्ड ने 4 लोगों को पकड़ पुलिस को सौंपा : बोकारो में भीड़ के हिंसात्मक होने पर जब पुलिस बल पहुंचा, तो बीएसएल के सुरक्षा गार्ड की भी हिम्मत बढ़ी। गार्ड ने चार लोगों को दबोच लिया, जिन्हें बाद में हरला थाना के सुपुर्द कर दिया गया। हमले से पहले जब्त ट्रैक्टरों की चाबी भी थाना में जमा की गयी है। इससे पूर्व हमले की जानकारी मिलने पर हरला थाना इंस्पेक्टर अनिल कच्छप दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस टीम को देख कर लोग तितर-बितर हो गये। पुलिस ने बीएसएल व प्रशासन के अधिकारियों को वहां से निकाला। श्री कच्छप ने बताया कि किसी भी अधिकारी को कोई परेशानी नहीं हुई है। वहीं लैंड एंड एसेट के महाप्रबंधक एके सिंह ने मामले में कहा कि बीएसएल की जमीन पर कोई अवैध कारोबार नहीं चलेगा। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

गीता कोड़ा ने...

साए की तरह रहे मधु कोड़ा: गीता कोड़ा और पूर्व सीएम मधु कोड़ा पहले चाईबासा के गांधी मैदान पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं और पार्टी पदधारियों ने उनका स्वागत किया। यहां गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद गीता कोड़ा ने कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा शुरू की। इस दौरान पूर्व सीएम मधु कोड़ा पदयात्रा के आगे आगे चलते हुए ट्रैफिक क्लियर कराते हुए भी नजर आए। मधु कोड़ा ने इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की। वो पदयात्रा के दौरान गीता कोड़ा के साथ साए की तरह रहे। पदयात्रा आगे खूंटकटी मैदान में पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई।

लक्ष्मण गिलुवा को हराया : गीता कोड़ा सिंहभूम से लोकसभा पहुंचने वाली पहली महिला सांसद हैं। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी और तत्कालीन बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा को हराया था। इससे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में लक्ष्मण गिलुवा ने गीता कोड़ा को हराया था।

सबसे कम उम्र की विधायक : वर्ष, 2009 में हुए झारखंड विधानसभा चुनाव में गीता कोड़ा ने 25 हजार वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। उस समय झारखंड की सबसे कम उम्र की विधायक होने का रिकॉर्ड भी उनके नाम किया था। गीता कोड़ा की उस समय उम्र 25 साल थी। साल 2018 में गीता कोड़ा कांग्रेस में शामिल हुईं थीं।

कभी सत्ता में...

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के जरिए पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार की प्राथमिकता भारतीय नागरिकता प्रदान करना और प्रताड़ित हिंदुओं के अधिकारों को सुरक्षित करना है। कांग्रेस हिंदुओं, बौद्धों, जैनियों, ईसाइयों, सिखों को नुकसान पहुंचाने पर तुली हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पहले चरण के मतदान के बाद कांग्रेस को साफ समझ में आ गया कि देश की जनता एक बार फिर प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। देश की जनता कांग्रेस पार्टी की असलियत भली-भांति जानती है, देश की जनता 2014 और 2019 की तरह ही कांग्रेस को सबक सिखाने जा रही है।

देश की जनता ने मन बना लिया है पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को प्रचंड बहुमत के साथ 400 से ज्यादा सीटों पर जीत दिलाकर देश एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। जनता विकसित भारत के निर्माण के लिए बीजेपी के पक्ष में वोट कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट से...

इसके लिए राखी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दी थी। पर हाई कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। अब वो अपनी अपील लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची थीं। पर वहां से भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया है। चार हफ्ते में निचली अदालत में उन्हें सरेंडर करना होगा। चूंकि अब उच्चतम न्यायालय ने भी राखी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की है। ऐसे में उन पर गिरफ़्तारी की तलवार लटक रही है।

राखी ने दिसंबर 2022 में ये बताया था कि उन्होंने आदिल दुर्रानी से निकाह कर लिया है। आदिल ने भी इस बात को स्वीकार किया था। शादी के कुछ दिन बाद राखी ने आदिल पर घरेलू हिंसा और उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। राखी की शिकायत के बाद पुलिस ने आदिल को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में जमानत पर उन्हें रिहा कर दिया गया।इसके बाद आदिल की तरफ से राखी पर उनके निजी वीडियो लीक करने का इल्जाम लगाया गया। उन्होंने इसकी प्राथमिकी भी दर्ज कराई। आदिल की शिकायत के बाद राखी सावंत पर आईपीसी की धारा 500 के तहत मानहानि का और धारा 34 के तहत अपराध के इरादे के साथ अश्लील वीडियो पब्लिश करने का आरोप लगाया गया था।

राखी ने इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की, पर हाईकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। राखी ने उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, पर वहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली। अभी राखी दुबई में हैं। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्हें चार सप्ताह में सरेंडर करना होगा।

वोटिंग और नतीजों...

बसपा प्रत्याशी ने मांगी सुरक्षा : हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद बसपा प्रत्याशी प्यारेलाल ने पुलिस सुरक्षा की मांग की है। बहुजन समाज पार्टी के सूरत जिला अध्यक्ष सुतीश सोनवणे ने जिला कलेक्टर और चुनाव अधिकारी को आवेदन दिया कि प्यारेलाल भारती को प्रलोभन दिया जा रहा है।

ये था कांग्रेस प्रत्याशी का विवाद : भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल के चुनाव एजेंट दिनेश जोधानी ने फॉर्म के सत्यापन के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुम्भानी के फॉर्म को लेकर आपत्ति जताई थी और कहा था कि मुझे जानकारी है कि कांग्रेस प्रत्याशी के प्रस्तावक कोई नहीं हैं। इसकी जानकारी कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव एजेंट फिजिक कोल्डी को दी गयी।

सुनवाई कल हुई और कांग्रेस उम्मीदवार के फॉर्म पर प्रस्ताव के तौर पर हस्ताक्षर करने वाले जगदीश सावलिया, रमेश पोलारा और ध्रुविन धमेलिया चुनाव अधिकारी के सामने पेश हुए। और कहा कि उन्होंने फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं और एक हलफनामा भी दाखिल किया है। इसके बाद इसपर सुनवाई हुई और बाद में चुनाव अधिकारी ने उनका पर्चा रद्द कर दिया।

7,000 अभ्यर्थियों...

सफल अभ्यर्थियों में 1,159 महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हैं। क्षैतिज आरक्षण में आदिम जनजाति के 16, खेलकूद कोटा के 60, दृष्टि बाधित दिव्यांगता से 62, बधिर दिव्यांगता से 46, चलन दिव्यांगता से 45, बौद्धिक एवं मानसिक रूप से कमजोर श्रेणी से 48 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए हैं।

अनारक्षित और पिछड़ों का कट ऑफ समान : जेपीएससी ने सोमवार को इस परीक्षा का परिणाम के साथ-साथ कट आफ अंक भी जारी कर दिया। अनारक्षित, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का कट आफ अंक 246 रहा। इसी तरह, अनुसूचित जाति का कट आफ अंक 236 तथा अनुसूचित जनजाति का कट आफ अंक 224 रहा।

किस श्रेणी में कितने अभ्यर्थी चयनित

अनारक्षित	:	1,972
अत्यंत पिछड़ा वर्ग	:	1,420
पिछड़ा वर्ग	:	1,009
अनुसूचित जनजाति	:	1,590
अनुसूचित जनजाति	:	508
आर्थिक रूप से कमजोर	:	512

भारत में दिनों दिन बढ़ रहा है पानी का संकट

– 2050 तक स्थिति होगी विकराल

नई दिल्ली। भारत की आबादी दुनिया के देशों में सबसे ज्यादा है। भारत का जल संकट भी बहुत भयावह होने जा रहा है। डीसीएम श्री राम और सत्य नॉलेज की एक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है। 2050 तक भारत में प्रति व्यक्ति जल की मांग में 30 फ़ीसदी की वृद्धि होगी। बढ़ती आबादी और जल संसाधनों की कमी के कारण पेयजल के भयंकर संकट का सामना भारत को करना पड़ेगा। 2050 तक भारत में दुनिया की 17 फ़ीसदी आबादी होगी। रिसर्च में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले इंडेक्स के अनुसार प्रति व्यक्ति 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाके जल संकट से बुरी तरह प्रभावित होंगे। भारत की 76 फ़ीसदी आबादी के पास अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में 2025 से लेकर 2050 तक भारत का जल संकट बढ़ता जायेगा। भारत के 50 फ़ीसदी जिलों में पानी का भयावह संकट होने की चेतावनी रिसर्च रिपोर्ट में दी गई है।

तिरुपति मंदिर की संपत्ति दुनिया के धार्मिक स्थलों में सबसे ज्यादा

– 13287 करोड़ की एफडी, 11 टन सोना

हैदराबाद। दुनिया के सबसे अमीर मंदिर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने इस साल 1161 करोड रुपए की एफडी कराई है। ट्रस्ट की बैंकों में कुल एफडी 13287 करोड रुपए की हो गई है। इसके अलावा मंदिर के अन्य ट्रस्ट के माध्यम से 5529 करोड रुपए एफडी में जमा किए हुए हैं। सभी बैंकों और सभी ट्रस्टों की नगदी 18817 करोड रुपए हो गई है। दुनिया भर के सभी धार्मिक स्थलों में सबसे ज्यादा धनी ट्रस्ट तिरुमला तिरुपति देवस्थानम है। हर साल जमा रकम के ब्याज से 1600 करोड रुपए की आय इस ट्रस्ट को होती है। हाल ही में ट्रस्ट ने बैंक में 1031 किलो सोना जमा किया है। ट्रस्ट के पास 11329 किलोग्राम सोना हो गया है। हर साल तिरुपति ट्रस्ट की एफडी और सोने के भंडार में वृद्धि हो रही है। कोरोना के समय में दान में कम नगदी प्राप्त हुई थी। 2013 से लेकर 2024 तक ट्रस्ट में दान की राशि में वृद्धि होती रही है। 2012 में ट्रस्ट की एफडी 4820 करोड रुपए की थी। जो 2024 में बढ़कर 13287 करोड रुपए की हो गई है।

गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया

नई दिल्ली। गाजीपुर लैंडफिल साइट (कचरा एकत्र करने की जगह) पर आग लगने के कुछ घंटों बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और 278 (माहौल को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बनाना) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दिल्ली दमकल सेवा के अनुसार, कचरे के विशाल पहाड़ से उत्पन्न गैसों के कारण 'लैंडफिल' में भीषण आग लग गई। लैंडफिल के निकट रहने वाले शख्स ने कहा, आग लगने के बाद से 15 घंटे बीत चुके हैं। यह धुआं आम नहीं बल्कि बेहद जहरीला धुआं है। जलन की वजह से हम अपनी आंखें नहीं खोल पा रहे हैं और सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और केंद्र शासित प्रदेश सरकार पर जनता को बेहतर जीवन दे पाने में विफल रहने का आरोप लगाया। दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय ने कहा, जैसे ही मुझे पता चला, मैंने अधिकारियों को कार्रवाई करने और लैंडफिल साइट का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। वे पूरी रात यहां थे। अब स्थिति बेहतर है। हालात बेहतर हैं। अगले पांच घंटों में धुएं पर काबू पा लिया जाएगा। भाजपा सिर्फ आरोप लगा रही है। यह राजीनित करने का वक्त नहीं है।

पंजाब में भाजपा प्रत्याशियों को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा

चंडीगढ़। बटाला में किसानों ने गुरदासपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दिनेश बब्बू और बरनाला में पार्टी नेता अरविंद खन्ना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पंजाब की विभिन्न संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवारों और नेताओं को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। फरीदकोट सीट से भाजपा उम्मीदवार हंस राज हंस, अमृतसर से तरनजीत सिंह संधू और पटियाला से परनीत कौर को भी किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को उस स्थान की ओर जाने से रोकने की भी कोशिश की, जहां बब्बू और भाजपा समर्थक चुनाव प्रचार संबंधी कार्यक्रम कर रहे थे। फतेहगढ़ चूड़ियां में एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि वे भाजपा नेताओं का विरोध करना जारी रखने वाले हैं। विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देकर भाजपा उम्मीदवार बब्बू ने कहा कि केवल उनकी पार्टी किसानों के मुद्दों को हल कर सकती है, जबकि अन्य राजनीतिक दल अपने निहित स्वार्थों के लिए उनका ''इस्तेमाल करने वाले हैं। बब्बू ने कहा, ''हम किसानों के साथ हैं और मैं भी एक किसान हूं। उनके मुद्दों को बातचीत के जरिए हल किया जा सकता है।'' एक अन्य घटना में, भाजपा नेता खन्ना को बरनाला में किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा, जहां वह प्रचार करने गए थे।

सलमान के घर फायरिंग.....आरोपियों ने बंदूक सूरत की तापी नदी में फेंकी, मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम सूरत पहुंची

मुंबई (ईएमएस)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर पर 14 अप्रैल की सुबह फायरिंग से हड़कंप मचा था। घटना में शामिल दोनों हमलावरों को पुलिस ने पकड़ लिया है। मामले की जांच तेजी से जारी है। इस बीच फायरिंग केस में नया अपडेट सामने आया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने वारदात को अंजाम देने के बाद बंदूक सूरत की नदी में फेंकी थी। उस बंदूक की तलाश के लिए क्राइम ब्रांच की टीम सूरत पहुंची है। आरोपियों ने पुलिस से तापी नदी में बंदूक फेंकने की बात कही है। इस केस में मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल को मुख्य आरोपी बनाया है। अनमोल को वांटेड सूची में शामिल किया है। जांच पड़ताल के दौरान बिश्नोई भाइयों के खिलाफ कुछ सबूत मिले हैं। सूत्र बताते हैं क्राइम ब्रांच अनमोल बिश्नोई (जो कि अमेरिका में रहता है) के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर सकती है। दूसरी ओर जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई की कस्टडी के लिए कोर्ट में आवेदन देगी। गिरफ्तार हुए आरोपी विक्की गुप्ता (24 साल) और सागर पाल (21 साल) ने सलमान के घर पर फायरिंग करने से पहले बिहार के चंपारण में हथियार चलाने की प्रैक्टिस की थी। दोनों को 13 अप्रैल की रात बंदूकें सप्लाई की गई थीं। अनमोल दोनों आरोपियों के साथ इंटरनेट कॉलिंग के जरिए संपर्क में था। उन्हें सलमान के घर फायरिंग के लिए पहले ही 1 लाख रुपये दिए जा चुके थे। सलमान ने फायरिंग की घटना के बाद बड़ा फैसला लिया। वे काम पर लौट आए हैं। उन्होंने अपने प्रोजेक्ट्स की किसी भी डेट को आगे खिसकाने से मना किया है।

रैली में भिड़े राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता... भाजपा नेता ने दिया नया नाम झगड़ालू गठबंधन

पटना। बिहार बीजेपी नेता और पटना साहिब से चुनाव लड़ रहे रविशंकर प्रसाद ने कहा कि रांची में इंडिया ब्लॉक की रैली में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। भाजपा नेता ने दावा किया कि दोनों दलों के लोगों ने एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकी। इस घटना के बाद उन्होंने गठबंधन का नया नामकरण किया। रविशंकर प्रसाद ने इंडिया ब्लॉक को झगड़ालू गठबंधन बताया। प्रसाद ने कहा कि गठबंधन व्यक्तिगत लाभ के लिए बनाया गया है और इसके घटकों के बीच कोई एकता नहीं है। उन्होंने कहा कि रांची की रैली में राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर कुर्सियों से हमला किया... हम पहले से ही कह रहे थे कि यह व्यक्तिगत लाभ का गठबंधन है। झड़प हो रही हैं, और लोग घायल हो रहे हैं। उन्होंने नसीहत के अंदाज में कहा कि भ्रष्टाचार के कारण लोगों को जेल भेजा जा रहा है... देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक स्थिर सरकार चाहता है। इस बीच, बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि रैली भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए बुलाई गई थी। पूनावाला ने कहा कि भारतीय गठबंधन संविधान बचाने के लिए रांची में एकत्र हुआ था, लेकिन यह भ्रष्टाचार बचाने के लिए रैली थी। भारतीय गठबंधन के पास कोई विजन नहीं है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन पहुंचे, जवानों का हौसला बढ़ाया

- माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने वाले सैनिकों को मिठाई खिलाई
- सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि दी

एजेंसियां, नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव प्रचार की व्यस्तताओं के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को सियाचिन पहुंचे। दुनिया की सबसे ऊंची ''बैटल फील्ड'' में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों से बातचीत करके उनकी चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। उन्होंने माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने के लिए सैनिकों का हौसला बढ़ाया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस बार होली का पर्व सैनिकों के साथ मनाने के लिए सियाचिन जाना था, लेकिन अचानक मौसम खराब होने की वजह से अंतिम समय में कार्यक्रम बदलना पड़ा। इसके बाद राजनाथ सिंह ने लेह के मिलिट्री स्टेशन में जाकर सशस्त्र बलों के साथ होली का त्योहार मनाया था। उन्होंने उसी समय सियाचिन में तैनात कमांडिंग ऑफिसर से जल्द सियाचिन आकर पाकिस्तान के मोर्चे पर तैनात जवानों से मुलाकात करने का वादा किया था।

इसके बाद वे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में बतौर स्टार प्रचारक चुनावी सभाओं और रैलियों में व्यस्त हो गए। इस बीच भारतीय वायु सेना ने 13 अप्रैल को पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ''ऑपरेशन मेघदूत'' की 40वीं वर्षगांठ मनाई लेकिन रक्षामंत्री

चुनावी व्यस्तताओं के कारण इस कार्यक्रम में भी नहीं शामिल हो सके। इस बीच आज सुबह रक्षा मंत्री सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ लेह, लद्दाख में थोइस हवाई अड्डे पर पहुंचे। इसके बाद रक्षामंत्री सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि दी।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों के साथ बातचीत की। उन्होंने सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों पर तैनात जवानों से बातचीत में उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। रक्षा मंत्री ने जवानों को मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया और ''भारत माता की जय'' का उद्घोष किया। रक्षामंत्री ने कहा कि सियाचिन में ''ऑपरेशन मेघदूत'' की सफलता हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। दुनिया के सबसे ऊंचे इस युद्धक्षेत्र में हमारी सेनाओं ने जो बहादुरी दिखाई है, उस पर हमें नाज है। उन्होंने जवानों से कहा कि राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा करने के लिए आप अपना सब कुछ न्योछावर कर देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। आपका राष्ट्रप्रेम हम सब भारतीयों के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। राजनाथ सिंह ने सियाचिन ग्लेशियर पर मातृभूमि की रक्षा के लिए तैनात सभी जांबाज सैनिकों को नमन किया। इससे पहले उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने फॉरवर्ड फील्ड अस्पताल की परिचालन तैयारियों और चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन के आगे के क्षेत्रों का दौरा किया। सेना कमांडर ने प्रताप पुर सैन्य स्टेशन को सर्वश्रेष्ठ ग्रीन स्टेशन पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने चुनौतीपूर्ण और कठिन परिस्थितियों में उनके संपूर्ण व्यावसायिकता और अनुकरणीय कार्य के लिए सभी रैंकों की सराहना की।

पहले चरण के मतदान के बाद साफ हुआ ... इंडिया' गठबंधन के पक्ष में लहर चल रही

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद दावा किया कि देश भर में 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में लहर चल रही है और अब भाजपा दक्षिण भारत में साफ और उत्तर भारत में 'हाफ (आधी) है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा भी किया कि पहले चरण के मतदान के बाद से भाजपा के नेता घबरा गए हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ट्वीट इसका संकेत है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर शुक्रवार को लगभग 63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

पहले चरण का मतदान समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है और यह स्पष्ट है कि पूरे भारत में लोग रिकॉर्ड संख्या में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट दे रहे हैं। रमेश ने पोस्ट किया, भाजपा का ग्राफ-दक्षिण में साफ, उत्तर में हाफ। उन्होंने दावा किया, ''पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। जमीन की रिपोर्ट से साफ हो रहा है कि इंडिया गठबंधन भाजपा से कहीं आगे है। इंडिया गठबंधन ने तमिलनाडु और महाराष्ट्र में क्लीन स्वीप किया है। बिहार, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा है।''

उनके मुताबिक, भाजपा के प्रत्याशियों ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि इस बार उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी, क्योंकि मोदी की कोई हवा नहीं है?। कांग्रेस नेता ने दावा किया, ''चुनाव अभियान के दौरान प्रधानमंत्री अपने भाषणों और साक्षात्कारों में बिल्कुल निष्प्रभावी नज़र आ रहे हैं। इंडिया गठबंधन पर उनके हमले थके हुए से लग रहे हैं और बेतुकेपन से भरे हैं। वह कुछ भी बोल रहे हैं।

कांग्रेस नेता रमेश ने कहा, गारंटी को लागू करने के मामले में हमारी राज्य सरकारों के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड हैं। इससे कांग्रेस की गारंटी देशभर में लोकप्रिय हो रही है और चर्चा का विषय बनी हुई हैं। देशभर में अंडर करंट मजबूत हो रहा है। अब एक लहर चल रही है।

असदुद्दीन ओवैसी ने की मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की मांग

– एआईएमआईएम प्रमुख ने बिहार के किशनगंज में रैली को किया संबोधित

किशनगंज (एजेंसी)। ऑल इंडिया मज्लिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने संसद में अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को दर्शाते हुए मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की। सांसद ओवैसी ने बिहार की मुस्लिम बहुल सीट किशनगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। आवैसे ने बिहार विधायक अख्तरुल ईमान को इस सीट से उम्मीदवार बनाया है।

दिवंगत नेता हुमेरा अजीज का जिक्र करते हुए ओवैसी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस ने एआईएमआईएम पर राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के खिलाफ होने का झूठा आरोप लगाया है। 2004 की शुरुआत में, हमने सिकंदराबाद में एक महिला उम्मीदवार को अपना उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से देश में 17 लोकसभा चुनाव हुए हैं लेकिन सांसद बनने वाली मुस्लिम महिलाओं की संख्या सिर्फ 20 ही है, तो फिर मुस्लिम महिलाओं के लिए आरक्षण क्यों नहीं।

ओवैसी ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर लोकसभा में एक संशोधन पेश किए जाने को लेकर कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुझसे कहा कि आप एक संशोधन लाना चाहते हैं, लेकिन आपका समर्थन करने वाला ही कोई नहीं है। मैंने जवाब दिया कि अल्लाह मेरे साथ है। ओवैसी ने कहा कि मेरा तर्क है कि मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग मिलकर कुल आबादी का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा हैं। हम इस विशाल सामाजिक वर्ग की महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित नहीं कर सकते।

ओवैसी ने दावा किया कि उनकी बातें जब कई ओबीसी संगठनों तक पहुंचीं तो उनके नेता उन्हें धन्यवाद देने आए और कहा कि ओवैसी साहब, केवल आपने और आपकी पार्टी के सांसद इम्तियाज जलील ने पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए आरक्षण का मुद्दा उठाया। एआईएमआईएम ने बिहार की 40में से एक दर्जन से अधिक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। ओवैसी लोकसभा चुनाव का प्रचार करने बिहार आए थे।

आप नेता का आरोप.....ये मोदी वाशिंग पाउडर चुटकियों सारे भष्ट्राचार के दाग धो देता

नई दिल्ली। आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रांची में विपक्षी इंडिया ब्लॉक की रैली को संबोधित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर तीखा हमला किया। रैली को संबोधित कर आप नेता सिंह ने कहा, नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते हैं। उन्होंने गलत आरोप लगाकर हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया। जब वह भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते हैं, तब ऐसा लगता है जैसे ओसामा बिन लादेन और गब्बर सिंह अहिंसा का उपदेश दे रहे हो। रैली आप सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा में शामिल होने के बाद विपक्षी नेताओं के खिलाफ मामलों को खारिज कर दिया गया। आप नेता सिंह ने कहा, 2014 के बाद एक मोदी वाशिंग पाउडर आया है, जो आपके सारे भ्रष्टाचार साफ कर देता है। यह मोदी वाशिंग पाउडर चुटकियों में सारे दाग मिटा देता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपी कई नेता भाजपा में शामिल हो गए या एनडीए का हिस्सा बन गए।

अब भारतीय सेना हवाई खतरों को आसमान में ही करेगी खत्म

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन और पाकिस्तान की सीमा पर हवाई खतरों और हमलों को आसमान में ही खत्म करने के लिए भारतीय सेना ने नई तैयारी कर ली है। सेना ने 6800 करोड़ रुपए से दो हथियार प्रणाली को एक्वायर करने का फैसला किया है। सेना 500 से ज्यादा लॉन्चर्स के साथ दोनों सीमाओं पर 3000 हजार से ज्यादा मिसाइलों को तैनात करेगी।

पहली मिसाइल कंधे से दागी जाने वाली मैन पोर्टेबल लेगला-एस मिसाइल. इसे रूस के साथ समझौते के तहत लाइसेंस लेकर भारत में ही बनाया जाता है। दूसरी मिसाइल है वेसहोरड। यह स्वदेशी मिसाइल सिस्टम है। दोनों ही कम रेंज के लिए उपयुक्त हथियार प्रणाली है। इन मिसाइलों से दुश्मन के ड्रोन, हेलिकॉप्टर, फाइटर जेट्स, मिसाइलों को ढेर किया जा सकता है।

इग्ला-एस एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का वजन 10.8 किलोग्राम है। जबकि पूरे सिस्टम का वजन 18 किलोग्राम सिस्टम की लंबाई 5.16 फीट होती है। व्यास 72 मिलिमीटर. इस मिसाइल की नोक पर 1.17 किलोग्राम वजन का विस्फोटक लगाते हैं। लेगला-एस की रेंज 5 से 6 किलोमीटर है। अधिकतम 11 हजार फीट तक जा सकती है। यह मिसाइल 2266 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से टारगेट की तरफ बढ़ती है. यानी दुश्मन को बचने का मौका कम ही मिलता है। नई इग्ला-एस हैंड-हेल्ड एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल भारतीय सेना में शामिल पुरानी इग्ला मिसाइल को बदलेगी।

वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम को चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनात किया जाना है. इसके कई सफल परीक्षण हो चुके हैं। वेसहोरडएयर डिफेंस सिस्टम रूस के एस-400 जैसा है। अभी तक इसे जमीन पर रखे मैन पोर्टेबल लॉन्चर से दागा जाता था। अब इस लॉन्चर को ट्रक, बख्तरबंद वाहन, टैंक आदि पर भी लगा सकते हैं।

15 मई से पहले केजरीवाल के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है ईडी !

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईडी 15 मई से पहले सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है, जिसमें आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक ईडी यदि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाती है तो यह पहली बार होगा जब किसी राजनीतिक दल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। इससे आप के लिए बड़े संकट की शुरुआत हो सकती है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि चार्जशीट को ड्राफ्ट किए जाने का काम फाइनल होने वाला है। यह भी बताया गया है कि पुराने चार्जशीट्स में आरोपी लगाए गए लोगों के अलावा इस बार 4-5 और नए नाम हो सकते हैं। अरविंद केजरीवाल और के कविता के अलावा सप्लीमेंट्री चार्जशीट में गोवा के राजनीतिक कार्यकर्ता चनप्रीत सिंह का भी नाम हो सकता है। सिंह को 15 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि वह गोवा विधानसभा चुनाव में उन्होंने आप की फंडिंग का प्रबंधन किया था। ईडी का दावा है कि घोटाले की रकम का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया गया।

ईडी का कहना है कि इसके दायरे में राजनीतिक दल समेत कोई भी संगठन आ सकता है। जानकारों का मानना है कि यदि आप को आरोपी बनाया जाता है तो यह पार्टी के लिए अब तक का सबसे बड़ा संकट होगा। इससे पार्टी के बैंक अकाउंट से लेकर अन्य संपत्ति को सीज किया जा सकता है। कुछ जानकार तो यह भी कहते हैं कि ऐसा करना केजरीवाल की गिरफ्तारी से भी झटका होगा। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घाटोले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाला लेनदेन में शामिल कुछ और लोगों नाम भी चार्जशीट में सामने आ सकते हैं। ईडी अधिकारियों ने कहा कि राजनीतिक दल को आरोपी बनाना अभूतपूर्व है, लेकिन उन्होंने इसके लिए कानूनी सलाह ली है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने भी संकेत दिए थे कि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया जा सकता है।

अदालतों में अलग-अलग आवेदनों की सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने बताया है कि आम आदमी पार्टी के खिलाफ पीएमएलए की धारा 70 के तहत कार्रवाई हो सकती है। इसका इस्तेमाल किसी कंपनी के खिलाफ किया जाता है।

तारीख पर तारीख...लेकिन गाजीपुर लैंडफिल साइट आज भी प्रदूषण की निशानी बनी हुई

अमेठी (एजेंसी)। नई दिल्ली (ईएमएस)। गाजीपुर लैंडफिल दुनियाभर में जाना-पहचाना जाता है। आए दिन लैंडफिल को खत्म करने की मांग जोर पकड़ती रहती है, लेकिन इस बार ये तब चर्चा में आया जब इस पर भयंकर आग लग गई। इससे पूरा इलाका जहरीली गैस और धुएं से भर गया है। 70 एकड़ में फैली गाजीपुर लैंडफिल साइट की शुरुआत साल 1984 में शुरू हुई थी। इसकी ऊंचाई कुतुब मीनार के बराबर करीब 65 मीटर हो चुकी थी। हालांकि, अब ये घटकर 50 मीटर ऊंची है। पहले यहां करीब 140 लाख टन कचरा पड़ा हुआ था। साल 2024 में इस लैंडफिल को खत्म करने का लक्ष्य था, लेकिन अब साल 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

साल 2019 में गाजीपुर लैंडफिल साइट पर जमे कूड़े को हटाने का काम शुरू हुआ था, तब वहां 140 मैट्रिक टन कूड़ा मौजूद था। उसके बाद एलजी की निगरानी में तय हुआ था कि साल 2024 तक लैंडफिल साइट को खत्म करके यहां पार्क विकसित किया जाएगा पर अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। दिल्ली नगर निगम के आंकड़े के मुताबिक, 5 साल में 25 ट्रामेल मशीन की मदद से करीब 46 मैट्रिक टन कूड़े का ही निपटारा हो पाया है। इसकारण कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई कम हुई है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुई है और अभी तक इस पर 84 मैट्रिक टन कूड़ा बचा है।

अभी तक कूड़े के पहाड़ को खत्म करने के लिए 1 ही एजेंसी काम कर रही है, क्योंकि दूसरी एजेंसी के चयन की प्रक्रिया के लिए अब तक टेंडर नहीं आया है और इसका कारण है निगम की सबसे पावरफुल कमिटी स्टैंडिंग का गठन ही नहीं हो पाना क्योंकि दिल्ली नगर निगम एक्ट के मुताबिक, कोई भी टेंडर सबसे



पहले स्टैंडिंग कमिटी से अप्रूवल के बाद ही लाया जाता है। इसकारण गाजीपुर कूड़े के पहाड़ पर कचरा निस्तारण का काम 1 ही एजेंसी कर रही है। काम की गति धीमी होने के कारण कचरे के पहाड़ को पूरी तरह से खत्म करने की समय सीमा बढ़ाकर साल 2026 करनी पड़ी है।

भाजपा एक पार्टी नहीं, एक पंथ बन गई जिसमें मोदी को पूजा जा रहा : चिदंबरम

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी.चिदंबरम ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर निशाना साधकर कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है। कांग्रेस नेता चिदंबरम ने केंद्र पर निशाना साधकर कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र को बहाल'' करने की अपील की। चिदंबरम ने कहा कि भले ही कांग्रेस के घोषणापत्र में विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर सीएए को निरस्त कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने यह उम्मीद भी जाहिर कि'इंडिया गठबंधन तमिलनाडु की सभी 39 सीट और पुडुचेरी की एक सीट पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने अपने घोषणपत्र को मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।'' चिदंबरम ने दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' उन देशों की याद दिलाती है, जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, ''भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो चुकी है, इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तब वे संविधान में संशोधन कर सकते हैं.... हमें लोकतंत्र को बहाल करना होगा।''

आईपीएल 2024 में सीएसके और सुपर जाइंट्स में होगी कड़ी टक्कर

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2024 में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इससे पहले हुए मुकाबले में सीएसके को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही पिछली हार का हिसाब बराबर करना रहेगा। सीएके इस मैच को जीतकर अंकतालिका में भी ऊपर आना चाहेगी। पिछली बार दोनों टीमों का मुकाबला लखनऊ में हुआ था जिसमें सुपर जाइंट्स जीती थी। अभी दोनो ही टीमों के सात मैचों के बाद आठ अंक हैं।

सुपर जाइंट्स के लिए इस मैच में सीएसके को हराना आसान नहीं रहेगा क्योंकि उसके पास एक से बड़कर एक खिलाड़ी हैं और पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी भी जबरदस्त लय में हैं। दोनो ही टीमें इस मैच को जीतकर प्लेआफ के लिए अपनी दावेदार बनाने पर रहेंगी। सीएसके की कमजोरी उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों का लय में नहीं होना है। अभी तक टीम की ओर से कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे के प्रदर्शन में ही निरंतरता दिखी है। लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में इन दोनो के विफल रहने के बाद मध्यक्रम दबाव में टूट गया था जिससे मैच में उसके हाथ से जीत निकल गयी। उसके सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र भी अब तक अधिक रन नहीं बना पाये हैं।

सीएसके ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में अजिंक्य रहाणे को पारी की शुरुआत करने भेजा था। वहीं रूतुराज तीसरे नंबर पर आये थे। अब इस मैच में देखना होगा कि वह किस नंबर पर उतरते हैं। ऑलाराउंडर रविंद्र जडेजा और धोनी के अच्छे फार्म में होने का भी टीम को लाभ मिलेगा। सीएसके इस मैच में शीर्ष क्रम से बड़े स्कोर की उम्मीद कर रही है।

गेंदबाजी की बात करें तो सीएसके के पास मथीषा पथिराना जैसा गेंदबाज है। पथिराना ने अबतक काफी अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि तेज गेंदबाज दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। इसके अलावा जडेजा भी

एक अच्छे स्पिनर हैं। दूसरी ओर सुपर जाइंट्स की बल्लेबाजी की जिम्मेदार कप्तान केएल राहुल और क्वींटन डिकॉक पर रहेगी। निकोलस पूरन ने भी अब तक अच्छा खेला है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव अगर फिट हुए तो इस मैच से वापसी कर सकते हैं। वह चोटिल होने के कारण पिछले कुछ मैचों से बाहर हैं।

वहीं तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। नये खिलाड़ी मैट हेनरी भी इस मैच में बेहतर कर टीम में जगह बनाना चाहेंगे। स्पिन गेंदबाजी की कमान रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या संभालेंगे। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। सीएसके के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अंतिम ओवरों में बेहद आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं और उन्हें रोकना सुपर जाइंट्स के गेंदबाजाजों के लिए बेहद कठिन होगा। दोनो ही टीमों के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। वहीं अगर सुपर जाइंट्स के मयंक वापसी करते हैं तो उनकी रफ्तार का सामना सीएसके के बल्लेबाज किस प्रकार करेंगे ये देखना होगा।

टीम

लखनऊ सुपर जाइंट्स- केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

चेन्नई सुपरकिंग्स- रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

17 साल के भारत के गुकेश बने फीडे कैंडीडेट्स शतरंज विजेता, बनाया विश्व रिकॉर्ड

टोरंटो,कनाडा (एजेंसी)। फीडे कैंडिडेट शतरंज के अंतिम राउंड में भारत के 17 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश नें आखिरकार इतिहास में सबसे कम उम्र में यह खिताब जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। गुकेश अब दुनिया के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर बन गए है। गुकेश नें अंतिम राउंड में आधा अंक की बढ़त के साथ शुरुआत की और उनके सामने थे विश्व के नंबर 3 खिलाड़ी यूएसए के हिकारु नाकामुरा, काले मोहरो से खेल रहे गुकेश को कम से कम टाईब्रेक में बने रहने के लिए मैच को ड्रॉ पर रोकने की जरूरत थी, क्यूजीए ओपनिंग में गुकेश नें नाकामुरा को खेल में कभी भी बढ़त नहीं बनाने दी और शानदार एंडगेम दिखाते हुए 71 चालों तक चली बाजी को ड्रॉ करा लिया।

अब गेंद यूएसए क फबियानों करूआना के पाले में थी जो रूस के यान नेपोमनिशी के खिलाफ बेहतर स्थिति में थे और जीतकर गुकेश को टाईब्रेक में चुनौती दे सकते थे पर वह ऐसा करने में असफल रहे और उनका मैच 109 चालों तक चलने के बाद बेनतीजा रहा और इस तरह गुकेश 9 अंको के साथ कैंडिडैट विजेता बन गए जबकि 8.5 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर नाकामुरा दूसरे, नेपोमनिशी तीसरे और करूआना चौथे स्थान अपर रहे, अंतिम राउंड जीतकर 7 अंको के साथ भारत के प्रज्ञानन्दा पांचवे, 6 अंको के साथ विदित छठे, 5 अंको के साथ अलीरेजा सातवे और 3.5 अंको के साथ अबासोव आखिरी स्थान पर रहे। अब गुकेश इस साल के अंत में या अगले वर्ष के शुरुआत में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लीरेन को विश्व खिताब के लिए चुनौती देंगे, और अगर गुकेश विश्व चैम्पियन बने तो वह 22 साल में विश्व चैम्पियन बनने के रूस के गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

उथप्पा बोले मानसिक रुप से निराश हैं पांड्या



नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या मानसिक रुप से परेशान होने के कारण आईपीएल सत्र में अबतक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। पांड्या को इस सत्र में मुम्बई इंडियंस की कप्तानी दी गयी थी पर वह गेंद और बल्ले के अलावा कप्तानी कौशल में भी सफल नहीं हुए हैं। उथप्पा के अनुसार रोहित शर्मा की जगह टीम की कप्तानी संभालने के बाद से ही पांड्या प्रशंसकों की हूटिंग का शिकार हुए हैं जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब हुआ है। उन्हें प्रशंसकों की ओर से लगातार नकारात्मकता मिल रही है। पहले 7 मैचों में मुंबई ने नए कप्तान हार्दिक के नेतृत्व में केवल तीन जीत हासिल की हैं।

हार्दिक का बचाव करते हुए उथप्पा ने कहा कि प्रशंसकों का उनके प्रति व्यवहार सही नहीं है। उथप्पा ने कहा, वह एक ऐसा व्यक्ति है जिसमें भारतीय टीम के लिए सर्वकालिक महान बनने की क्षमता है। जिस टीम ने उसे खोजा था, उसने उसे जाने दिया, वह दूसरी फ्रेंचाइजी में चला गया। उनके साथ 3-4 खिताब जीतने के बाद वह चला गया। उसे थोड़ा बुरा लगा होगा, वह गुजरात टाइटंस में गया, एक खिताब जीता और दूसरे में उपविजेता रहा।

टी20 वर्ल्ड कप 2024: सौरव गांगुली का विराट-रोहित को लेकर बयान, कही ये बात

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल का 17वां सीजन जारी है। जबकि इसका आखिरी मुकाबला 26 मई को खेला जाना है। जिसके बाद टी20 वर्ल्ड कप का आगाज होगा। वहीं कुछ दिन में ही टी20 वर्ल्ड कप को लेकर भारत के स्क्वॉड का ऐलान होगा। दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस मैच के लिए रोहित दिल्ली में होंगे, तब चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर भी यहां होंगे और स्क्वॉड ऐलान से पहले सभी मीटिंग में शामिल होंगे। भारती के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने वर्ल्ड कप को लेकर विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बड़ी बात कही।

रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप में भारत के कप्तान होंगे, इसकी पुष्टि जय शाह पहले ही कर चुके हैं। विराट कोहली का भी स्क्वॉड में होना कन्फर्म है। आईपीएल खेल रहे विराट कोहली आरसीबी के लिए पारी की शुरुआत कर रहे हैं और अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। सौरव गांगुली की माने तो विराट और रोहित शर्मा को आगामी टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए पारी की शुरुआत करनी चाहिए। पीटीआई से बातचीत में भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि, विराट कोहली और रोहित शर्मा को भारत के लिए इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में पारी की शुरुआत करना चाहिए। विराट कोहली 40 बॉल पर 100 रन भी बना सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर हैं। दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। विराट कोहली ने 117 मैचों में 4039 रन बनाए हैं। उनका इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा स्कोर नाबाद 122 का है। रोहित शर्मा ने 151 मैचों में 3974 रन बनाए हैं। रोहित का इस फॉर्मेट में नाबाद 121 सर्वाधिक स्कोर है।

पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में नावों पर परेड करेंगे प्रतिनिधि

पेरिस। आमागी पेरिस ओलंपिक के लिए सीन नदी पर भव्य उद्घाटन समारोह होगा। चार घंटे तक चलने वाले इस समारोह में सूर्यास्त और चंद्रमा की झलक लिखेगी। इस दौरान कुल 205 देशों और क्षेत्रों के प्रतिनिधि सीन नदी पर नावों पर परेड करेंगे। यह समारोह धीरे-धीरे पूर्व से पश्चिम की ओर, पुल से पुल तक, पोंट डी ऑस्टरलिट्ज़ से पोंट डी आइना तक छह किलोमीटर की दूरी तय करेगा।

विराट पर 50 फीसदी जुर्माना लगा

कोलकाता। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को अंपायर से बहस करना भारी पड़ा है। विराट के ऊपर अचार संहिता उल्लंघन को लेकर 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इसका कारण है कि विराट ने कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ हुए मैच में अंपायर के फैसले पर सवाल उठाये थे। विराट को इस मैच में तीसरे ओवर में ही हर्षित राणा की एक फुल टॉस गेंद पर आउट करार दिया गया जबकि विराट का मानना था कि कमर से अधिक ऊंची होने के कारण वह नो बॉल थी। इससे वह अंपायर पर भड़क गये। इस दौरान डीआरएस भी लिया गया। थर्ड अंपायर माइकल गॉफ ने रिप्ले देखने के बाद फैसला दिया कि वह आउट हैं। इसका कारण था कि कि विराट पहले ही क्रीज से बाहर खड़े थे तो ऐसे में गेंद उनके कमर के नीचे हिस्से पर लगती। बॉल-ट्रैकिंग में भी गेंद नीचे जाती दिख रही थी। जैसे ही तीसरे अंपायर का फैसला आया, कोहली निराश हो गए। वह पवेलियन की ओर लौटते हुए गुस्से में दिख रहे थे। इसी बीच वह मैदानी अंपायर के पास गए और फैसले पर नाराजगी जतायी। कोहली के इस व्यवहार को बीसीसीआई ने आचार संहिता उल्लंघन माना है। इसी कारण उनपर जुर्माना लगा गया।

नरेन को आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मानते हैं गंभीर

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कोच गौतम गंभीर ने सुनील नरेन की जमकर प्रशंसा की है। गंभीर ने कहा कि नरेन को वह आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मानते हैं। गंभीर के अनुसार साल 2011 में नरेन को भारत के खिलाफ एकदिवसीय मुकाबले में खेलने देखकर उन्हें पता चल गया था कि ये खिलाड़ी टी20 क्रिकेट में महान बनेगा। गंभीर ने कहा कि साल 2011 में नारायण को पदार्पण श्रृंखला में खेलते हुए देखने के बाद ही उन्होंने इस खिलाड़ी को आईपीएल के लिए शामिल करने का फैसला किया था. गंभीर ने कहा, 'मैंने तब नरेन की सात या आठ गेंदों का ही सामना किया था और तभी मुझे लगा कि यह का महान क्रिकेटर बनेगा। नरेन ने अपने आईपीएल करियर में 170 विकेट लिए हैं और लीग में 168 मैच में एक शतक सहित 1322 रन भी बनाए हैं. नरेन ने दिसंबर 2011 में अहमदाबाद में तीसरे एकदिवसीय में भारत के खिलाफ वनडे पदार्पण किया था जिसमें उन्होंने विराट कोहली और आर अश्विन को आउट कर 34 रन देकर दो विकेट लिए थे। गंभीर ने चौथे एकदिवसीय में पहली बार नरेन की गेंदों का सामना किया था। नरेन हालांकि छह ओवर में 46 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाये थे। वहीं साल 2012 में नरेन केकेआर के रहस्यमयी गेंदबाज के तौर पर सामने आए और 24 विकेट लेकर मोर्नी मोर्कल के 25 विकेट के बाद दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने थे। इससे केकेआर की टीम 2012 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने में सफल रही। केकेआर ने दूसरी बार जब 2014 में खिताब जीता तब भी नरेन ने 21 विकेट लिए थे। इसके साथ ही वह बल्लेबाजी से भी टीम का सहयोग करते रहे हैं।

चैपमैन के तेज अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने तीसरे टी-20 में पाकिस्तान को हराया

रावलपिंडी (एजेंसी)। मार्क चैपमैन के तेज अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने यहां खेले गये तीसरे टी20 मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले खेलते हुए पाकिस्तान ने सैम आयुब के 32, कप्तान बाबर आजम के 37, रिजवान के 22, इरफान खान के 30 और शादाब खान के 41 रनों से कुल 178 रन बनाए थे। इसके बाद कीवी टीम ने ये लक्ष्य तीन विकेट खोकर ही हासिल कर लिया। उसे टिम रोबिन्सन और टिम सेफर्ट ने अच्छी शुरूआत दी। इसके बाद मार्क चैपमैन ने 42 गेंदों पर ही 87 रन बनाकर 19वें ओवर में ही टीम को जीत दिला दी। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज में दोनों ही टीमें 1-1 से बराबरी पर आ गई है। सीरीज का पहला मैच

बारिश के कारण नहीं हो पाया थ जबकि दूसरा पाक ने जीता था।

जीत के बाद न्यूजीलैंड के चैपमैन ने खुशी जताते हुए कहा कि सीरीज बराबर आने से उन्हें खुशी हुई है। पाकिस्तान के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है इससे लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। हमारे लिए 100 से अधिक रनों की साझेदारी करना लाभप्रद रहा। हम जानते हैं कि पाकिस्तान की डेथ ओवरों में गेंदबाज शानदार है इसके बाद भी हमारे बल्लेबाज सफल हुए।

दूसरे ओर हार से निराश पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि बदकिस्मती से हम 10 रन कम रह गए। मुझे लगता है कि शादाब ने अच्छी रिकवरी की और अच्छी साझेदारी बनाई। मुझे लगता है कि 180-190 स्कोर होना चाहिये था। हमने हालातों के अनुसार खेलने का प्रयास किया था। शादाब ने योजना के अनुसार अपना स्वाभाविक खेल खेला। साथ ही कहा कि हमारा क्षेत्ररक्षण खराब रहा जिससे भी हमारे हाथ से मुकाबला निकल गया।

बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे रफेल नडाल

महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है। नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में 12 बार खिताब जता। नडाल ने बयान में कहा, ''अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं।'' स्पेन का यह 37 वर्षीय सुपरस्टार लंबे समय से चोटों से जूझ रहा है और उन्होंने इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। इस साल 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यरोप टीम के बीच खेली जाती है। रोजर फेडरर के संन्यास से पहले नडाल और स्विट्जरलैंड के इस महान खिलाड़ी ने अपने आखिरी मैच के लिए लंदन में 2022 में लीवर लेवर कप में युगल जोड़ी बनाई थी। नडाल ने कहा, ''मैं टीम यूरोप के लिए बर्लिन में लीवर कप खेलने को लेकर बहुत खुश हूं।'' उन्होंने कहा, ''मेरे पास लीवर कप के अनुभवों की कुछ विशेष यादें हैं जिनमें दो साल पहले आखिरी बार रोजर के साथ लंदन में खेलना भी शामिल है।

भारत के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला पर पीसीबी प्रमुख ने कहा, अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के तैयार है। लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट श्रृंखला खेलना 'शानदार' होगा। नकवी ने कहा, ''देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है।'' उन्होंने कहा, ''फिलहाल चैंपियन्स ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है। एक बार वे पहले यहां आ जाएं तो जब भी कोई प्रस्ताव हमारे सामने आएगा, हम उस पर विचार कर सकते हैं।'' दोनों टीमों ने पिछली बार 2012-13 में सीमित ओवरों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी जब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था लेकिन भारत ने 2007 के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया है जब दोनों टीम भारतीय सरजमीं पर आपस में भिड़ी थीं। पिछले साल भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप मैचों के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया था और अंतत: एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को इस प्रतियोगिता के लिए एक हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था जिसके तहत अधिकांश मैचों का आयोजन श्रीलंका में होना था। नकवी ने फरवरी में दुबई में आईसीसी बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात की थी।

एमएलएस लीग में मियामी ने नाशविले को हराया, मेसी ने किये दो गोल

न्यूजर्सी। स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी के दो गोलों और सर्गियो बुस्कुवेट्स के एक गोल की सहायता से इंटर मियामी ने अमेरिका में जारी मेजर लीग फुटबाल (एमएलएस) में नाशविले एससी को 3-1 से हरा दिया। इससे पहले मेसी ने ओरलेंडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल किये थे। अब मेसी के इस लीग में कुल मिलाकर सात गोल हो गये हैं। इस मैच में मियामी के डिफेंडर फैंको नेरी के दूसरे मिनट में ही गलती से एक गेंद अपने ही गोल पोस्ट में मार दी। इस आत्मघाती गोल से नाशविले की टीम को शुरुआत में ही बढ़त मिल गयी पर मेसी ने लुईस सुआरेज के पास पर एक गोली कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने एक गोल दागते हुए अपनी टीम को 2-1 से बढ़त दिला दी। मेसी ने इसके बाद 81वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया।

अभिषेक ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का राज बताया

मुम्बई (एजेंसी)। नई दिल्ली (ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस सत्र में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। अभिषेक ने पारी की शुरुआत करते हुए कई आक्रामक पारियां खेली हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इस बल्लेबाज ने 12 गेंद में ही 46 रन बना दिये थे।अब अभिषेक ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के पीछे छिपा राज बताया है। अभिषेक ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रखकर तैयारी करने से उन्हें लाभ हुआ है। अभिषेक ने ट्रेविस हेड के साथ केवल 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी की थी। उन्होंने पावरप्ले में 125 रन बनाने का रिकॉर्ड भी इसी सत्र में अपने नाम किया है। उन्होंने इस सत्र में कुलदीप यादव को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने चार छक्के कुलदीप की गेंद पर लगाये हैं। इसी को लेकर अभिषेक ने कहा कि कुलदीप की गेंदबाजी का वीडियो देखने का उन्हें लाभ हुआ। अभिषेक ने कहा, '' मैं स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के अनुसार तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। मैं अभ्यास सत्र में विरोधी टीम के गेंदबाजों की तरह गेंद डालने वाले किसी गेंदबाज के खिलाफ अभ्यास भी करता हूं। इससे भी मुझे लाभ मिलता है।''

अपनी पारी में छह छक्के लगाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि उनकी मौजूदा लय कड़ी मेहनत से आई है। उन्होंने कहा, ''आईपीएल से पहले मैंने कड़ी मेहनत की थी। सैयद मुश्ताक ट्रॉफी (घरेलू टी20 टूर्नामेंट) में भी मैंने काफी मेहनत की थी इससे मुझे काफी लाभ हो रहा है।'' अभिषेक ने कहा कि वह काफी समय से हेड के प्रशंसक रहे है और उनके साथ बल्लेबाजी करने का अनुभव शानदार रहता है। साथ ही कहा कि वह ऐसे खिलाड़ी है जिसका मैं अनुसरण करना चाहता हूं। मैं तीनों प्रारूप में हेड की बल्लेबाजी का प्रशंस हूं। उनके हमारी टीम में होने से भी मुझे लाभ मिला है। साथ ही कहा कि जब भी मुझे गेंदबाजी का मौका मिलेगा मुझे उसके लिए तैयार रहना चाहिये।''



आईपीएल 2024 : केकेआर दूसरे और गुजरात छठे स्थान पर पहुंची

मुम्बई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल सत्र में जीत के साथ ही अंक तालिका में अब दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के साथ ही गुजरात टाइटंस भी 8वें से छठे स्थान पर पहुंच गयी है। नंबर एक स्थान पर अभी भी 12 अंकों के साथ ही राजस्थान रॉयल्स बकरार है। केकेआर 7 मैचों में 5 जीत के बाद 10 अंकों लेकर दूसरे स्थान पर आ गयी है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इसके अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और लखनऊ सुपर जाइंट्स 8-8 अंकों के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर फिसल गयी है। गुजरात टाइटंस छह अंकों के साथ ही छठे नंबर पर जबकि मुंबई 6 अंकों के साथ 7वें तथा दिल्ली इतने ही अंकों के साथ 8वें स्थान पर आ गई है। पंजाब किंग्स 4 अंकों के साथ 9वें स्थान पर और आरसीबी 2 अंक लेकर अंतिम स्थान पर खिसक गयी है।

रूस ने पाकिस्तानी चावल में फिर से रोक लगाने की चेतावनी दी

इस्लामाबाद । रूस ने हालिया शिपमेंट में एक क्वारंटाइन ऑर्गेनिज्म की मौजूदगी का पता लगाने के बाद पाकिस्तान को उसके यहां से चावल के आयात पर फिर से प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार रूस की संघीय वेटरिनरी एंड फाइटोसैनिटरी सर्विलांस सेवा (एफएसवीपीएस) ने पाकिस्तान से आयातित चावल की एक खेप पर अंतर्राष्ट्रीय और रूसी फाइटोसैनिटरी आवश्यकताओं के उल्लंघन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की, जिसमें मेगासेलिया स्केलारिस मक्खी पाई गई थी। इसने रूस में पाकिस्तानी दूतावास से मामले की तत्काल जांच का आदेश देने की मांग की है। साथ ही भविष्य में इस तरह के उल्लंघन दोबारा नहीं होने और कृषि वस्तुओं के व्यापार के लिए प्रासंगिक फाइटोसैनिटरी मानकों को बनाए रखने की मांग की है। पाकिस्तानी मिशन ने खाद्य सुरक्षा मंत्रालय के पादप संरक्षण विभाग (डीपीपी) और संबंधित अन्य सरकारी कार्यालयों को रूसी प्राधिकरण के पत्र का अंग्रेजी अनुवाद भेजा है, जिसमें चावल निर्यात पर किसी भी प्रतिबंध से बचने के लिए शीघ्र जांच करने और रिपोर्ट साझा करने की मांग की गई है। रूस ने पहले 2019 में इसी तरह के मामले के आधार पर प्रतिबंध लगाया था, जो लगभग दो साल तक लगा रहा और खाद्य सुरक्षा मानकों पर दोनों पक्षों के अधिकारियों के बीच बातचीत की लंबी श्रृंखला के बाद ही हटाया गया था।

शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को बढत के साथ बंद हुए। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 560.29 अंक करीब 0.77 फीसदी बढ़कर 73,648.62 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी तरह पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 189.40 अंक तकरीबन 0.86 फीसदी की बढ़त के साथ 22,336.40 अंक पर बंद हुआ। आज सभी सेक्टर में बढ़त रही।

आज कारोबार के के दौरान टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट , इशर मोटर्स , एलएंडटी और श्रीराम फाइनेंस निफ्टी के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे जबकि एनटीपीसी , एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंडसइंड बैंक और टाटा स्टील के शेयर नीचे आये।

कारोबार के दौरान बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1 फीसदी की तेजी आई। इस दौरान ऑटो, पीएसयू बैंक, कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस, एफएमसीजी, हेल्थकेयर और रियल्टी इंडेक्स में 1 से 3 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। बाकी

सभी सेक्टर के इंडेक्स भी आज लाभ के साथ ही ऊपर आये। दूसरी ओर एशियाई बाजार की बात करें तो जापान का निक्केई 225 0.49 फीसदी ऊपर, जबकि टॉपिक्स 1.23 फीसदी बढ़ा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.59 फीसदी चढ़ा।

हालांकि, अमेरिका में सूचकांक शुक्रवार को मिलेजुले कारोबार के साथ बंद हुए, एसएंडपी 500 में 0.88 प्रतिशत और नैस्डैक कंपोजिट में 2.05 फीसदी की गिरावट आई। जबकि डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.56 फीसदी की बढ़त रही। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी` दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 400 अंक बढ़कर 73,486 पर और एनएसई निफ्टी 50 126 अंक बढ़कर 22,278 पर पहुंच गया।

बिहार में सस्ता हुआ पेट्रोल और डीजल, यूपी में भी बदले भाव

- ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 86.60 डॉलर प्रति बैरल

नई दिल्ली ।

वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी है और जल्द ही क्रूड एक बार फिर 90 डॉलर प्रति बैरल के पार जाता दिख रहा है। इस बीच सोमवार सुबह सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बदलाव दिख रहा है। सोमवार को बिहार में तेल की कीमतों में कटौती दिख रही है।

यूपी सहित अन्य कई राज्यों में भी तेल के दाम बदल गए हैं। हालांकि दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में बदलाव नहीं दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, गौतमबुद्ध नगर (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) में पेट्रोल 13 पैसे महंगा होकर 94.87 रुपये लीटर हो गया। यहां डीजल भी 14 पैसे चढ़ा और 88.00 रुपये लीटर बिक रहा है। गाजियाबाद में भी पेट्रोल 9 पैसे महंगा होकर 94.65 रुपये लीटर तो डीजल 11 पैसे चढ़कर 87.75 रुपये लीटर हो गया है। इसके अलावा बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 88 पैसे सस्ता हुआ और 105.18 रुपये लीटर बिक रहा है, जबकि डीजल 83 पैसे गिरावट के साथ 92.04 रुपये लीटर बिक रहा है। इधर वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में भी उछाल दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 86.60 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। डब्ले यूटीआई भी चढ़कर 82.92 डॉलर प्रति बैरल के भाव पहुंच गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 94.87 रुपये और डीजल 88.00 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

ईरान-इजरायल संघर्ष से बढ़ सकती हैं तेल और एलएनजी की कीमतें

मुंबई ।

ईरान-इजराइल संघर्ष पर विश्लेषकों ने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष पिछले कुछ दिनों में बढ़ गया है। ईरान ने पहले इजराइल पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए। इसके बाद इजराइल ने मिसाइल दागकर जवाबी कार्रवाई की। संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। हालांकि तनाव कम करने के प्रयासों से संकट पर नियंत्रण होने की संभावना है लेकिन अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो तेल और एलएनजी की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच लगभग 40 किलोमीटर चौड़ी एक समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब] यूएई, कुवैत, कतर, इराक 33 लाख

बैरल प्रति दिन और ईरान 13 लाख बैरल प्रति दिन कच्चे तेल का निर्यात करते हैं। वैश्विक एलएनजी व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसके जरिए जाता है। इसमें कतर और यूएई से लगभग सभी एलएनजी निर्यात शामिल हैं।

इस तरलीकृत प्राकृतिक गैस के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है। भारत सऊदी अरब, इराक और यूएई से तेल के साथ ही एलएनजी का आयात इसी मार्ग से करता है।

अब किसी भी उम्र में खरीद सकेंगे बीमा पालिसी

- अभी तक 65 साल से ऊपर था प्रतिबंध

नई दिल्ली ।

बीमा नियामक इरडा ने बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया गजट अधिसूचना में इरडा ने कहा कि बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें।

बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं। इसके अलावा बीमाकर्ताओं को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है। नतीजतन, बीमाकर्ताओं को कैंसर, हृदय या गुर्दे की विफलता और एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से प्रतिबंधित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किस्तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा।

क्रेडिट कार्ड से कुछ भुगतान में हुए बदलाव

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक क्रेडिट कार्ड के तहत किए जाने वाले भुगतान को लेकर बड़ा फैसला कर सकता है। सूत्रों की मानें तो क्रेडिट कार्ड से होने वाले मकान या दुकान के किराए, सोसायटी शुल्क, ट्यूशन फीस, वेंडर शुल्क आदि के भुगतान के विकल्प हटाए जा सकते हैं। आरबीआई ने इन भुगतानों पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि क्रेडिट कार्ड को ग्राहक के किसी कारोबारी को व्यावसायिक भुगतान कर पाने के लिए बनाया गया। न की व्यक्तिगत तौर पर होने वाले भुगतान के लिए। पिछले कुछ सालों में क्रेडिट कार्ड से ये सब भुगतान की संख्या काफी बढ़ी है।

मालदीव में घटी भारतीय पर्यटकों की संख्या

नई दिल्ली । भारत और मालदीव के रिश्तों में आई खटास के बाद से भारतीयों की तरफ से सोशल मीडिया पर मालदीव पर्यटन का बहिष्कार शुरू कर दिया गया था। इसका असर भी अब वहां देखने को मिल रहा है। मालदीव सरकार के हालिया आंकड़ों के मुताबिक मालदीव घूमने जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है। ऐसे में अब जो रिपोर्ट सामने आई है, उसकी मानें तो 2024 की पहली तिमाही में मालदीव की यात्रा करने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है। मालदीव ने अपनी पहली तिमाही पर्यटन रिपोर्ट जारी की है, जिसमें ये खुलासा हुआ है। इन आंकड़ों के मुताबिक मालदीव में इस तिमाही में सबसे ज्यादा पर्यटक चीन से पहुंचे। जबकि भारत जो मालदीव का दूसरा पड़ोसी देश है, वहां से मालदीव जाने वालों की संख्या घटकर छठवें स्थान पर पहुंच गई। आंकड़ों के मुताबिक चीन के बाद रूस से सबसे अधिक पर्यटक मालदीव पहुंचे हैं। इसके बाद यूरोप-यूके, इटली व जर्मनी का नंबर है। आंकड़ों के अनुसार मार्च 2023 की तुलना में मार्च 2024 में भारतीय पर्यटकों की संख्या में 54 प्रतिशत की गिरावट आई है। बता दें कि जनवरी और मार्च 2023 के बीच मालदीव पहुंचने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या 56,208 थी, जो इस साल जनवरी-मार्च के बीच घटकर 34,847 हो गई।

जोमैटो से अब खाना मंगाना महंगा पड़ेगा

- जोमैटो ने प्लेटफार्म फीस 25 फीसदी बढ़ाई

नई दिल्ली ।

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो से अब खाना मंगाना महंगा हो जाएगा। जोमैटो ने अपने प्लेटफॉर्म फीस 25 फीसदी बढ़ा दी है। ईटी के मुताबिक अब इस प्लेटफार्म से आर्डर देने पर आपको हर बार पांच रुपये का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। इससे पहले यह चार रुपये प्रति ऑर्डर था। ज़ोमैटो ने पिछले साल अगस्त में ही प्लेटफार्म शुल्क लेना शुरू किया था। उस समय प्लेटफार्म फी के रूप में दो रुपये प्रति आर्डर लेना शुरू हुआ था। इसके बाद इसे बढ़ाकर तीन रुपये कर दिया था। नए साल की पूर्व संध्या पर रिकॉर्ड खाद्य ऑर्डरों से उत्साहित होकर उसने जनवरी में प्रमुख बाजारों में अपने अनिवार्य प्लेटफ़ॉर्म शुल्क को तीन रुपये प्रति ऑर्डर से बढ़ाकर चार रुपये कर दिया था। जोमैटो ने जो प्लेटफार्म फीस लगाया है, वह डिलीवरी चार्जेस के अतिरिक्त होता है। हालांकि, जोमैटो गोल्ड के मेम्बर्स को डिलीवरी शुल्क नहीं होना पड़ता है। लेकिन उन्हें प्लेटफार्म फीस तो देना ही पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि जोमैटो का ही क्विक-कॉमर्स प्लेटफार्म ब्लिंकिट भी हर आर्डर पर कम से कम 2 रुपये हैंडलिंग चार्ज के रूप में वसूलता है।

उल्लेखनीय है कि जोमैटो को पिछले हफ्ते ही 11.81 करोड़ रुपये की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मांग और जुर्माने का आदेश मिला। इसमें जुलाई 2017-मार्च 2021 की अवधि के लिए 5.9 करोड़ रुपये की जीएसटी मांग और 5.9 करोड़ रुपये का जुर्माना शामिल है।

गूगल का नया स्मार्टफोन पिक्सल 8ए अगले महीने होगा लांच

नई दिल्ली ।

गूगल का नया स्मार्टफोन गूगल पिक्सल 8ए अगले महीने अपने ग्लोबल गूगल के एक इवेंट में लांच किया जा सकता है। बता दें कि पिक्सल 8ए की कीमत भी ऑनलाइन लीक हो गई है, गूगल के इस स्मार्टफोन को खरीदने के लिए थोड़ा ज़्यादा खर्च करना पड़ सकता है। इसके अलावा ये भी उम्मीद की जा रही है कि आने वाले फोन में एआई सुविधाएं मिल सकती हैं। मीडिया की एक रिपोर्ट के मुतो बिक कनाडा में पिक्सल 8ए की कीमत 128जीबी स्टोरेज कॉन्फिगरेशन के लिए सीएडी 708.99 (लगभग 42,830 रुपये) होगी, जबकि 256जीबी वेरिएंट की कीमत सीएडी 792.99 (लगभग 47,900 रुपये) होगी। बताया जा रहा है कि पिक्सल 8ए की कीमत पिछले 7ए से 1,000 रुपये से 2000 रुपये अधिक होगी। गूगल ने मई 2023 में पिक्सल 7ए लॉन्च किया था, जिसकी कीमत 8जीबी प्लस 128जीबी रैम और स्टोरेज कॉन्फिगरेशन के लिए 43,999 रुपये रखी गई थी। पिक्सल 8ए के कंपनी के जी3 चिप से लैस होने की संभावना है। फीचर्स

के तौर पर इसमें 120एचजेड रिफ्रेश रेट के साथ 6.1-इंच ओएलईडी स्क्रीन से लैस हो सकता है। आने वाले पिक्सल 8ए को डुअल कैमरा सेटअप के साथ पेश किया जाएगा, जिसमें 64-मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा और 13-मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड एंगल कैमरा शामिल है। ये भी कहा जाता है कि स्मार्टफोन का आकार 153.44 गु णित 72.74 गु णित 8.94एमएम है, जो कि इसके पिछले मॉडल पिक्सल 7ए की तरह है।

हाइब्रिड म्यूचुअल फंड में बीते वित्त वर्ष 1.45 लाख करोड़ का आया निवेश

नई दिल्ली। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में बीते वित्त वर्ष 1.45 लाख करोड़ रुपए का निवेश आया। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 में निकासी देखी गई थी। परिसंपत्ति में वृद्धि निवेशकों की संख्या बढ़ने के कारण हुई। मार्च, 2024 में इस खंड में निवेशकों की संख्या 1.35 करोड़ तक पहुंच गई, जो इससे एक साल पहले 1.21 करोड़ थी। इससे हाइब्रिड कोषों के प्रति निवेशकों के रुझान का पता चलता है। हाइब्रिड फंड, म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं जो आमतौर पर इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों के संयोजन में और कभी-कभी सोने जैसी अन्य परिसंपत्ति श्रेणियों में निवेश करती हैं। अप्रैल में वित्त वर्ष 2023-24 की शुरुआत से ही ऋण वाले कोषों के लिए कराधान में बदलाव के बाद से यह श्रेणी नियमित निवेश को आकर्षित कर रही है। इससे पहले मार्च में इस खंड में 12,372 करोड़ रुपए की निकासी देखी गई थी। एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक हाइब्रिड श्रेणी में बीते वित्त वर्ष में 1.45 लाख करोड़ रुपए का प्रवाह देखा गया, जबकि वित्त वर्ष 202-23 में 18,813 करोड़ रुपए की निकासी हुई थी।

भारत में पांच लाख लोगों को नौकरी देगी एप्पल!

मुंबई।

आईफोन बनाने वाली अमेरिका की प्रमुख कंपनी एपल भारत में बड़े पैमाने पर कारोबार करने की तैयारी कर रही है। कंपनी अपने वेंडर्स के जरिए अगले तीन साल में भारत में पांच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही है। फिलहाल ऐपल के वेंडर्स और सप्लायर भारत में 1.5 लाख लोगों को रोजगार दे रहे हैं। ऐपल के लिए दो प्लांट चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि ऐपल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रही है। एक पुराने अनुमान के अनुसार कंपनी अपने वेंडर्स और कंपोनेंट सप्लायर्स के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है। इस संबंध में ऐपल ने कोई बयान नहीं दिया है। ऐपल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार 2023 में ऐपल रेवेन्यू के मामले में भारतीय बाजारम में सबसे आगे रही

जबकि वॉल्यूम के लिहाज से दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग ने बाजी मारी। फर्म ने अपना हालिया रिपोर्ट में कहा कि ऐपल भारत में एक करोड़ यूनिट से ज्यादा आईफोन बना चुकी है और 2023 में पहली बार उसने रेवेन्यू के मामले में पहला स्थान हासिल किया। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से ऐपल के आईफोन का निर्यात 12.1 अरब डॉलर रहा जो 2022-23 में 6.27 अरब डॉलर रहा था। इस तरह भारत से कंपनी के निर्यात में करीब 100 फीसदी तेजी आई।

एआई पर विस्तृत अध्ययन करने संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित

नई दिल्ली ।

निष्पक्ष व्यापार निगरानी संस्था सीसीआई ने कृत्रिम मेधा और प्रतिस्पर्धा पर उसके प्रभाव पर एक विस्तृत बाजार अध्ययन करने के लिए संस्थाओं से सोमवार को प्रस्ताव आमंत्रित किए। अध्ययन के संचालन के लिए एक एजेंसी या संस्था को संलग्न करने के लिए प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) दस्तावेज़ जारी करते हुए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने कहा कि एआई की परिवर्तनकारी क्षमताओं में जहां एक ओर आपूर्ति व मांग बढ़ाने की क्षमता है। वहीं दूसरी ओर इसके इस्तेमाल से उत्पन्न होने वाले संभावित प्रतिस्पर्धा जोखिम चिंता का विषय हैं। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तारीख तीन जून है। संस्थाओं द्वारा तकनीकी प्रस्तुतियों के बाद, वित्तीय बोली की अंतिम तिथि 28 जून है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता व प्रतिस्पर्धा पर प्रस्तावित बाजार अध्ययन ऐसे समय में किया जा रहा है जब उद्योगों में एआई के बढ़ते उपयोग ने बाजारों में प्रतिस्पर्धी गतिशीलता के लिए इसके निहितार्थ को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। सीसीआई के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि एआई व मशीन लर्निंग दक्षता तथा नवाचार को बढ़ा सकती है, लेकिन बाजार की एकाग्रता और संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार से संबंधित चिंताओं को भी जन्म दे सकती हैं। सीसीआई को प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और बाज़ार में प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं पर अंकुश लगाने का अधिकार है।

एआई पर विस्तृत अध्ययन करने संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित

नई दिल्ली ।

निष्पक्ष व्यापार निगरानी संस्था सीसीआई ने कृत्रिम मेधा और प्रतिस्पर्धा पर उसके प्रभाव पर एक विस्तृत बाजार अध्ययन करने के लिए संस्थाओं से सोमवार को प्रस्ताव आमंत्रित किए। अध्ययन के संचालन के लिए एक एजेंसी या संस्था को संलग्न करने के लिए प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) दस्तावेज़ जारी करते हुए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने कहा कि एआई की परिवर्तनकारी क्षमताओं में जहां एक ओर आपूर्ति व मांग बढ़ाने की क्षमता है। वहीं दूसरी ओर इसके इस्तेमाल से उत्पन्न होने वाले संभावित प्रतिस्पर्धा जोखिम चिंता का विषय हैं। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तारीख तीन जून है। संस्थाओं द्वारा तकनीकी प्रस्तुतियों के बाद, वित्तीय बोली की अंतिम तिथि 28 जून है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता व प्रतिस्पर्धा पर प्रस्तावित बाजार अध्ययन ऐसे समय में किया जा रहा है जब उद्योगों में एआई के बढ़ते उपयोग ने बाजारों में प्रतिस्पर्धी गतिशीलता के लिए इसके निहितार्थ को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। सीसीआई के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि एआई व मशीन लर्निंग दक्षता तथा नवाचार को बढ़ा सकती है, लेकिन बाजार की एकाग्रता और संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार से संबंधित चिंताओं को भी जन्म दे सकती हैं।

मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में बिसेस एनीमेसन कार्जसाला करात हे एनएफडीसी

नई दिल्ली। मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ) कर आयोजन करेक वाला सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय कर नोडल एजेंसी राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) कर दन से आगामी 18वां मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ) में सउब इच्छुक एनिमेटरमन के आपन रचनात्मकता के मुक्त करेक आउर बिसेस एनीमेसन क्रैस कोर्स आउर वीएफएक्स पाइपलाइन कार्यसाला में महतपूर्न बिसेसग्यता हासिल करेक ले आमंत्रित करल जात हे।

ई अवसर 16 जून से 20 जून तक पांच दिवसीय गहन कार्जक्रम प्रदान करेला, जेकर नेतृत्व बैटमैन आउर वंडर वुमन जइसन परतिस्ठित परिजोजनामन में काम कइर चुकल वार्नर ब्रदर्स कर एक गो अनुभवी एनीमेसन फिलिम निर्माता करबयं। प्रतिभागी बेवहारिक गेयान आउर उद्योग संबंधी अंतर्दृस्टि प्राप्त करते, मूवी, सीरीज़ आउर गेमिंग एनीमेसन कर मनोरम दुनिया कर अन्वेसन करबयं।

भारत में फिलिम, विजुअल इफेक्ट्स (वीएफएक्स), गेमिंग एनीमेसन आउर मोबाइल प्लेटफॉर्म ले मनमोहक सामग्री कर बढ़त मांग कर चलते एनीमेसन छेतर में अभूतपूर्व बृद्धि होवत हे। ई प्रतिभासाली आउर उत्साही एनिमेटरमन ले रोमांचक अवसर में रूपांतरित होवेला। भारत में एनीमेसन उद्योग फलत-फूलत हे। 25% कर बृद्धि दर आउर 2023 तक 46 बिलियन रुपया कर अनुमानित मूल्य (फिक्की-ईवाई रिपोर्ट 2023) कर संगे, ई रोमांचक छेतर उत्साही युवामन ले अवसरमन कर खजाना प्रदान करेला।

चाहे आपने कहानी सुनायेक कर जुनून आउर रचनात्मक प्रवृत्ति से युक्त उभरत एनिमेटर हेकी इया पूरा-पूरी नौसिखिया, ई कार्जसाला सउब ले खुलल हेके आउर एक गो संतोसप्रद करियर ले आपने ले मददगार होए सकेला। इकर ले एनिमेसन में कोनों तरह कर पहिल कर अनुभव जरुरी नखे। खली आपन उत्साह आउर बुनियादी कंप्यूटर कौसल कर संगे आऊ।

सीट खली 20 गो प्रतिभागीमन तक सीमित आहे। सेले पहिले आऊ, पहिले पाऊ कर आधार में आइज हे पंजीकरन कराऊ। वर्कसॉप सुल्क 10,000 रुपया हेके। इकर में ब्लेंडर जइसन सॉफ़्टवेयर तक पहुंच सामिल हेके। ई कार्जसाला एनएफडीसी, 24 डॉ. गोपालराव देशमुख मार्ग, मुंबई में आयोजित करल जाई।

ई कार्जसाला कर चयन काले करब?

सर्वश्रेस्ठ से सीखू : परमानित ट्रैक रिकॉर्ड वाला ई उद्योग कर अनुभवी पेसेवर से प्रत्यछ ज्ञान प्राप्त होवी।

बेवहारिक रूप से सीखू : आपन नवा कौसल के बेवहार में लाते बिसेसग्य मार्गदरसन में आपन खुद कर एनीमेसन क्लिप तैयार करु।

उद्योग संबंधी अंतर्दृस्टि : मूभी आउर गेमिंग एनीमेसन पाइपलाइन कर बारीकीमन के समझेक आउर नौकरी कर अवसर कर पता लगाऊ।

बैश्विक अस्तर में मान्यता प्राप्त प्रमानपत्र : भारत में फिलिम निर्मान आउर एनीमेसन कर छेतर कर अग्रनी संगठन एनएफडीसी से प्रतिस्ठित प्रमाणनत्र प्राप्त करु।

अतिरिक्त लाभ : पुरस्कार-बिजेता फिलिम कर अनुभव करु : समीछकमन कर द्वारा प्रसंसित ढेइर वृत्तचित्रमन आउर एनिमेटेड सॉर्ट्स में खुद के सामिल करु।

मास्टर क्लांसेज : बिसेस मास्टर क्लास सत्र कर माध्यम से उद्योग जगत कर प्रसिद्ध हस्तियमन से सीखू।

रांची विश्वविद्यालय : ऑनलाइन परीछा पोर्टल 48 घंटा तक खुली

▫ एनएसयूआई रांची विश्वविद्यालय कर कुलपति के घेरलयं

रांची। एनएसयूआई कर सदस्यमन रांची विश्वविद्यालय कर सेमेस्टर 1 कर ऑनलाइन परीछा पोर्टल खोलेक के लेइ के कुलपति कर घेराव करलयं। गेयापन सौंपलयं। एनएसयूआई कर नेत्री आरुषि वंदना घेराव कर नेतृत्व करलयं। सदस्यमन कहलयं कि सैकड़ों बिद्यार्थी कोनों कारनवस परीछा फॉर्म नी भरे पाइर रहयं इया भरेक कर बाद पेमेंट नी करे पारलयं। एहे मुद्दा के लेइ के बिद्यार्थिमं एनएसयूआई से संपर्क करलयं। पोर्टल खुलवायेक कर आग्रह करलयं। मौका में पहुंचल आरुषि वंदना आउर अब्दुल राबनावज कुलपति से मिइल के छात्रमन कर समस्या बतालयं। कुलपति तुरंते परीछा नियंत्रक के 48 घंटा ले पोर्टल खोलेक कर निरदेस देलयं। छात्र हित में फैसला लेलयं। मौका में आरुषि वंदना, अब्दुल राबनावज, प्रणव, आकाश, अदीबा नाज, पूजा कुमारी, फरहान खान, महफूज आलम, अमित, संदीप मौजूद रहयं।

छउवामन पृथ्वी दिवस में पर्यावरन के हरा भरा बनायेक कर देलयं संदेस

रांची। रांची कर धुर्वा में इस्थित स्वामी सहजानंद ब्रिजफोर्ड इस्कूल में 'पृथ्वी दिवस' मनाल गेलक। ई अवसर में छउवामन पेड़-पौधा कर संरछन आउर संवर्धन में एक गो सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत करलयं। जीवन में इकर महत उपरे प्रकास डालते संदेस देलयं।छउवामन अदमीमन के पर्यावरन कर प्रति जागरूक करेक ले धुर्वा चौक तक पैदल यात्रा करलयं। बिद्यालय कर प्राचार्य छउवामन के समझाते कहलयं कि पृथ्वी के परदूसन से बचाए के हमिन आवेक वाला पीढ़ी के सुरछित राइख सकिला।

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पन साखा कीटनासक दवा कर करलक छिड़काव

रांची। विश्व पृथ्वी दिवस कर अवसर में मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पन साखा 22 अप्रैल, 2024 के हातमा बस्ती इस्थित सिद्धू कान्हु पार्क कर नजीक कीटनासक दवा कर छिड़काव करलक। साखा अध्यछ विनीता सिंघानिया कहलयं कि धरती मां कर समान हयं। हमिन के ख़ुद इके साफ राइख के इकर सम्मान करेक चाही।

पर्यावरन एवं स्वच्छता प्रभारी रितु पोद्दार आउर संयोजिका राधा ड्रोलिया कर नेतृत्व में ई कार्ज संपन्न होलक। साखा सदस्यमन बस्ती कर अदमीमन से बात कइर के उनके साफ सफाई राखेक ले जागरूक करलयं।

ई कार्जक्रम में साखा अध्यछ विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार, कविता सोमानी, राधा ड्रोलिया उपस्थित रहयं।इकर अलावा झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच कर कार्जक्रम 'एवरी किड हेल्दी विक' कर सुभारंभ 22 अप्रैल, 2024 के मारवाड़ी युवा मंच, समर्पन साखा मारवाड़ी कन्या पाठसाला में करलयं। ई कार्यक्रम कर तहत 40 मिनट कर एक गो कार्जसाला होलक। इकर में कछा 1 से 3 कर बेटी छउवामन के 'गुड टच बेड टच' कर बारे में बताल गेलक।जेसीआई इंडिया कर जोन ट्रेनर विनिता चिंतलांगिया ई सेसन के लेलयं। इकर में उनके पढ़ाई कर संगे-संगे आपन सुरछा करेक सिखालयं। उनके जागरूक करेक कर प्रयास करल गेलक। आवल छउवामन कर बीच मंच कर दन से जूस कर बितरन करल गेलक। कार्जक्रम में साखा अध्यछ विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, कविता सोमानी, रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, कोमल झुनझुनवाला उपस्थित रहयं।

नेसनल हो फिलिम फेस्टिवल 16 जून के, सम्मानित होबयं कलाकार

जमशेदपुर। नेसनल हो फिलिम फेस्टिवल-2024 कर आयोजन 16 जून के जमशेदपुर में करल जाई। इकर में रास्ट्रीय अस्तर में समाज कर नाव रोसन करेक वाला के सम्मानित भी करल जाई। आदिवासी हो समाज ई फैसला कइर हे।

जमशेदपुर कर गोलमुरी इस्थित आदिवासी हो समाज भवन में 'ऑल इंडिया हो फिल्म एसोसिएशन' कर एक गो बैठकी होलक। बैठकी कर अध्यछता एसोसिएसन कर अध्यछ सुरा बिरूली करलयं। इकर में सर्वसम्मति से तय होलक कि एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में 16 जून के नेसनल हो फिलिम फेस्टिवल-2024 कर आयोजन करल जाए।

ई धांव वइसन कलाकारमन के सम्मानित भी करल जाई, जे मन आपन कला आउर प्रतिभा कर बदौलत समाज कर नाव रास्ट्रीय अस्तर में रोसन कइर हयं। जमशेदपुर में आयोजित ई बैठकी में अध्यछ सुरा बिरुली, उपाध्यछ डीएस बानरा, सचिव दुगई कुंकल, कोसाध्यछ निकिता बिरुली, दुर्गाचरण बारी, राय सिंह बिरुआ व अन्य मौजूद रहयं।

ऑल इंडिया हो फिलिम एसोसिएसन कर अध्यछ सह संस्थापक सुरा बिरुली कहलयं कि हो समाज कर युवामन में प्रतिभा कर कमी नखे। उनके उचित मंच नी मिलत हे। बर्तमान समय में कलाकार आपन बलबूते जनजातीय व छेतरीय फिलिम कर निर्मान करत हयं। संगे संगे ऊ मन एक्टिंग भी करत हयं। एसोसिएसन अइसन प्रतिभासाली कलाकारमन, प्रोड्यूसरमन के मंच देवेक कर काम करत हे। संगे संगे उनके सम्मानित भी करत हे, ताकि उनकर मनोबल मजबूत रहे।

ई फेस्टिवल में 3 कैटेगरी (फीचर फिलिम, सॉर्ट फिलिम आउर म्यूजिक एलबम) में फिलिम कर नॉमिनेसन लेवल जाई। संगे लंबा समय से फिलिम, एलबम, भासा-साहित, नाटक, लेखन छेतर से जुड़ल अदमीमन के भी 'नेशनल हो फिल्म फेस्टिवल-2024' में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करल जाई।

हनुमान जन्मोत्सव में हर मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ आइज

चक्रधरपुर। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल बट से चक्रधरपुर नगर में एतवार के रेलवे कर लोको कॉलोनी इस्थित श्री राम मंदिर में श्री रामोत्सव मनाल गेलक। इकर में विश्व हिंदू परिषद कर झारखंड प्रांत के अध्यछ चंद्रकांत रायपत उपस्थित रहयं। ई कार्जक्रम में विश्व हिंदू परिषद झारखण्ड प्रांत कर संगठन मंत्री देवी सिंह, आरएसएस कर जिला सह संघ चालक मनोज भगेरिया उपस्थित रहयं। गोतियामन पहिले प्रभु श्री राम कर ऊपरे माल्यार्पन कइर के पूजा अर्चना कइर के कार्जक्रम कर सुरुआत करलयं।

ई अवसर में गोतियामन के भगवा वस्त्र देइ के श्री राम मंदिर समिति बट से सम्मान देल गेलक। चंद्रकांत रायपत प्रभु श्री राम कर जीवन चरित्र के कार्जकर्तामन कर सामने रखलयं। ऊ कहलयं कि 30 अप्रैल तक श्री रामोत्सव कार्जक्रम हर गांव में मनाएक हय।

राय कहलयं कि आगामी 21 मई से झारखंड प्रांत अभ्यास वर्ग पारसनाथ में होवी। इकर में हर परखंड से प्रमुख कार्जकर्तामन पारसनाथ जाबयं। प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह कहलयं कि 23 अप्रैल के हनुमान जी कर जन्मोत्सव आहे, जेके हर मंदिर में समाज कर अदमीमन के हनुमान चालीसा कर पाठ कइर के आरती कइर के मनायेक चाही।

ई कार्जक्रम में बजरंग दल कर सउब बजरंगी भाग लेबयं। ई अवसर में प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख सच्चिदानंद देव, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख भास्कर मिश्र, नगर मंत्री सुशील कुमार, भारतीय मजदूर संघ कर जिला अध्यछ रामप्रकाश, विवेक बर्मन, किसन पासवान, हरिपद महतो, राहुल आदि मौजूद रहयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com